वर्ष- 11 अंक-198
लखनऊ, बुधवार 06 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

मनरेगा के क्रियान्वयन में रखें पारदर्शिता : केशव मौर्य 02

19 बार लॉन्च हुआ राहुलयान, प्रयास जारी : अमित शाह 12

# योगी कैबिनेट में 22 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

## हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली, बाराबंकी, लखनऊ समेत आधा दर्जन जिलों को मिलाकर बनेगा राज्य राजधानी क्षेत्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार सुबह 11.30 बजे उनके सरकारी आवास पर कैबिनेट मीटिंग हुई। जिसमें दोनों डिप्टी सीएम समेत सभी मंत्री मौजूद थे। कैबिनेट मीटिंग में ग्रीन हाइड्रोजन नीति सहित 22 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। निजी नलकूपों पर फ्री बिजली कनेक्शन देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली, बाराबंकी, लखनऊ समेत आधा दर्जन जिलों को मिलाकर राज्य राजधानी क्षेत्र बनेगा। लखनऊ से सटे जिलों का तेजी से विकास होगा।

किसानों को नलकूप के बिजली बिल मे 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। इससे सात करोड़ किसानों को फायदा मिलेगा। अनपरा मे 800 मैगवाट की 2 यूनिट लगेगी। 50 महीनो मे पहली यूनिट लगेगी।यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश के किसानों के बड़ा तोहफा दिया है। नलकूप से सिंचाई करने वाले किसानों को सिंचाई के लिए फ्री बिजली मिलेगी। इससे प्रदेश के डेढ़ करोड़ किसानों को मुफ्त कनेक्शन का लाभ मिलेगा। मंगलवार को योगी सरकार की हुई कैबिनेट मीटिंग में यह निर्णय लिया गया। यह योजना एक अप्रैल 2023 से लागू होगी जिसके बाद से बकाया निजी नलकूप का बिल नहीं जमा करना होगा। यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश के किसानों के बड़ा तोहफा दिया है। नलकूप से सिंचाई करने वाले किसानों को सिंचाई के लिए फ्री बिजली मिलेगी। इससे प्रदेश के डेढ़ करोड़ किसानों को मुफ्त कनेक्शन का लाभ मिलेगा। मंगलवार को योगी सरकार की हुई कैबिनेट मीटिंग में यह निर्णय लिया गया। यह योजना एक अप्रैल 2023 से लागू होगी। जिसके बाद से बकाया निजी नलकूप का बिल नहीं जमा करना होगा। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले यह योगी सरकार का मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। यूपी में मक्का के उत्पादन में वृद्धि के लिए शीघ्र ही मक्का विकास कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसके अलावा पीलीभीत में मेडिकल कालेज के अंदर नर्सिंग कॉलेज बनाने का निर्णय लिया गया है।



### शहरों में हाइड्रोजन बस समेत अन्य वाहन चलाने की योजना होगी फलीभूत

इसके अलावा हाइड्रोजन नीति को मंजूरी दे दी गई है। इसके बाद प्रदेश के विभिन्न शहरों में ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन, हाइड्रोजन बस समेत अन्य वाहन चलाने की योजना फलीभूत होगी। ग्रीन हाईड्रोजन उत्पादन पालिसी को मंजूरी यूपीनेडा की तरफ से यूपी में ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी बनाई गई है। सरकार इसे लागू करने की तैयारी में है। इस पालिसी को मंजूरी मिलने के बाद अन्य वाहनों के साथ ही हाईड्रोजन को पाइप्ड नेचुरल गैस में मिलाकर प्रयोग किया जा सकेगा। केंद्र सरकार की ओर से नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन शुरू किया गया है। अब इसे राज्यों को लागू करना है। इसका मकसद ग्रीन हाईड्रोजन उत्पादन को प्रोत्साहित करना है। इसके लिए ही यूपी ग्रीन हाईड्रोजन नीति 2024 प्रस्ताव को पास कया गया है।

### कैबिनेट के फैसलों पर एक नजर

- पीलीभीत के मेडिकल कॉलेज में नए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव मंजूर
- यमुना विकास प्राधिकरण में एक हजार एकड़ जमीन पर फिल्म सिटी को विकसित करने का रास्ता साफ
- प्रयागराज में अति विशिष्ट अतिथि गृह बनाने के लिए राज्य संपत्ति विभाग को उपलब्ध होगी निःशुल्क भूमि
- कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में मरीजों को मिलने वाले भोजन की दर में बढ़ोतरी के प्रस्ताव मंजूर
- नोएडा में एक्वा लाइन मेट्रो विस्तार मंजूर, बोनी कपूर की कंपनी करेगी इंटरनेशनल फिल्म सिटी का विकास
- आबकारी विभाग को बकाया धनराशि वसूलने के लिए एकमुश्त समाधान योजना लाने की दी मंजूरी
- चार गुना बढ़ेगा होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता

# योगी मंत्रिमंडल का विस्तार

## राजभर-दारा सिंह चौहान सहित चार नेता बने मंत्री



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने चारों नेताओं को मंत्री पद की दिलाई शपथ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार 2.0 के पहले मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। मंगलवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने ओम प्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान, अनिल कुमार और सुनील शर्मा को मंत्री पद की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के दूसरे का कार्यकाल का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हो गया है। मंगलवार शाम को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने चार नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिलाई। मंत्री पद की शपथ लेने वालों में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, भाजपा विधान परिषद सदस्य दारा सिंह चौहान, राष्ट्रीय लोकदल के विधायक अनिल कुमार और भाजपा के साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा ने मंत्री पद की शपथ ली। इस मौके पर भी सभी नये मंत्रियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी।

# सिपाही भर्ती में कार्रवाई : बोर्ड की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा को हटाया

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले में राज्य सरकार ने भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा को हटा दिया है। उन्हे प्रतीक्षारत रखा गया है।

सूत्रों के मुताबिक लिखित परीक्षा का प्रश्न पत्र छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस का गलत चयन, एफआईआर कराने में हीलाहवाली और बोर्ड की आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट देने में देरी की वजह से उनको हटाने का फैसला लिया गया है। दूसरी ओर डीजी विजिलेंस राजीव कृष्णा पर राज्य सरकार ने भरोसा जताते हुए उनको भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष पद की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। सूत्रों की मानें तो पेपर लीक मामले की जांच कर रही एसटीएफ जल्द ही प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा सकती है। अब तक हुई जांच में प्रिंटिंग प्रेस से ही पेपर लीक होने के प्रमाण मिल रहे हैं। एसटीएफ की टीमें प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों, कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों आदि के बारे में गहनता से पड़ताल करने में जुटी हैं। अधिकारियों की मानें तो जल्द ही पेपर लीक मामले में कई अन्य जिलों में भी एफआईआर कराने की तैयारी है।इसके अलावा हाल ही में डीजी के पद पर प्रोन्नत हुए अभय कुमार प्रसाद को ईओडब्ल्यू से हटाकर नागरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। मुकुल गोयल के सेवानिवृत्त होने के बाद डीजी नागरिक सुरक्षा का पद रिक्त हो गया था। यूपी के सभी 75 जिलों में सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा 17 व 18 फरवरी को आयोजित की गई थी।



डीजी विजिलेंस राजीव कृष्णा बने भर्ती बोर्ड के नए अध्यक्ष

लिखित परीक्षा का प्रश्न पत्र छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस का गलत चयन, एफआईआर में हीलाहवाली और बोर्ड की आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट देने में देरी की वजह से हुई कार्रवाई

## कठुआ के सीमावर्ती इलाके में मिला विस्फोटक पदार्थ

**जम्मू कश्मीर।** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मंगलवार को संदिग्ध बैग मिला। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पड़ताल करने पर इसमें विस्फोटक पदार्थ पाया गया है। जम्मू संभाग के जिला कठुआ के सीमावर्ती इलाके से मंगलवार को विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया है। भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मंगलवार को संदिग्ध पॉलिथीन बैग मिला। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पड़ताल करने पर इसमें विस्फोटक पदार्थ पाया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामले में जांच चल रही है। इलाके में कई बार शिकारी भी बारूद का इस्तेमाल करते हैं। हर पहलू को ध्यान में रख कर जांच की जा रही है। बैग के बारे में सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम को अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पंजगराई इलाके में भेजा गया है। पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने आसपास के इलाके को खंगाल रही है।

## कैदियों को कट्टरपंथी बनाने के मामले में 17 स्थानों पर एनआईए ने की छापेमारी

छापेमारी में 7.3 लाख रुपए नकद जब्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में जेल में बंद कैदियों को कट्टरपंथी बनाने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार की सुबह 7 राज्यों में एक साथ छापेमारी की। यह छापेमारी बेंगलुरु और तमिलनाडु के अलावा देश के अन्य पांच राज्यों में भी की गई। एनआईए प्रवक्ता के मुताबिक जांच एजेंसी की टीम ने मंगलवार को 17 स्थानों पर तलाशी ली।

टीम ने मोहम्मद उमर, मोहम्मद फैसल रब्बानी, तनवीर अहमद और मोहम्मद फारूक के साथ-साथ भगोड़े जुनैद के ठिकानों पर की गई छापेमारी में 7.3 लाख रुपये नकद जब्त किए। एजेंसी ने कई डिजिटल डिवाइस और आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद किए हैं। इस दौरान जांच से पता चला है कि बेंगलुरु सेंट्रल जेल में बंद लश्कर-ए-तैयबा का




आतंकवादी टी नजीर हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए कैदियों को कट्टरपंथी बना रहा था। उमर, रब्बानी, अहमद, फारूक और जुनैद सेंट्रल जेल, परप्पाना अग्रहारा, बेंगलुरु में कैद के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य और उम्रकैद की सजा काट रहे टी नजीर के पहले भी संपर्क में आए थे। यह मामला मूल रूप से अक्टूबर में बेंगलुरु सिटी पुलिस द्वारा सात पिस्तौल, चार हथगोले, एक मैगजीन, 45 लाइव राउंड और चार वॉकी-टॉकी की जब्ती के बाद दर्ज किया गया था। बेंगलुरु सिटी पुलिस ने 18 जुलाई, 2023 को सात आरोपितों के कब्जे से बरामदगी तब की, जब सातों लोग एक आरोपित के घर में एकत्र हुए थे।

# सपा ने एमएलसी चुनाव के लिए किया उम्मीदवारों का ऐलान

समृद्धि न्यूज

उत्तम, बलराम व जमाली जाएंगे विधानपरिषद

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में फिर सियासी जंग देखने को मिल रही है। राज्य में एमएलसी चुनाव को लेकर हर पार्टी अपनी रणनीति को धार देने में लगी है। सोमवार से नामांकन शुरू हो गया है। समाजवादी पार्टी ने चुनाव के लिए अपने तीन प्रत्याशियों के नाम का एलान कर दिया है। सपा ने यूपी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल और पूर्व मंत्री बलराम यादव के अलावा शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली पर भरोसा जताया है। बीते दिनों ही गुड्डू जमाली बीएसपी छोड़कर सपा में शामिल हुए थे, सपा ने उन्हें अपना एमएलसी उम्मीदवार बनाया है। सपा के तीन उम्मीदवारों की इस चुनाव में जीत तय मानी जा रही है। बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए से आरएलडी ने भी अपने एक उम्मीदवार के नाम का एलान कर दिया है। आरएलडी ने इस चुनाव के लिए योगेश चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। एनडीए से अपना दल एस के प्रत्याशी के तौर पर योगी सरकार के मंत्री आशीष पटेल भी इस चुनाव में उम्मीदवार हो सकते हैं।यूपी में विधान परिषद की 13 सीटों के लिए चुनाव हो रहा है। नामांकन सोमवार को शुरू हो गया है। 13 सीटों के लिए 21 मार्च को वोटिंग होगी और उसी दिन वोटों की गिनती होगी। इस चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की दस सीटों पर जीत तय मानी जा रही है।



# गौवंश सुपुर्दगी के लिए चलाया अभियान

▸ डीएम की अपील पर कार्मिकों ने झोंकी ताकत, किया जागरूक, सुपुर्दगी योजना का लाभ लेने आगे आए लाभार्थी



**लखीमपुर खीरी,समृद्धि न्यूज।**

निराश्रित गौवंश के संरक्षण के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना के तहत शासन के निर्देश पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की मार्गदर्शन एवं सीडीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद खीरी में सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 10 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा।

मंगलवार को मितौली विकास क्षेत्र की सिरसा गौ आश्रय स्थल में नागरिकों को प्रेरित करते हुए 15 व्यक्तियों को 20 गाय (गोवंश) सुपुर्द की गईं। नकहा ब्लाक में खंड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी की अगुवाई में कुल 60 गौवंश सुपुर्दगी में दिए गए। विकास खण्ड ईसानगर क्षेत्र अंतर्गत अस्थायी गौ आश्रय स्थल महरिया में ग्राम सचिव और प्रधान की अगुवाई में विशेष अभियान के तहत सुपुर्दगी योजना में गौवंश दिए गए।

प्रशासन सुपुर्दगी योजना के तहत न केवल लोगों को जागरुक कर रहा है बल्कि इसके फायदे बात कर निराश्रित गवांशु निराश्रित गोवंशों को सुपुर्दगी में दे रहा। बताते चले कि विशेष अभियान के दौरान जिले की सभी 15 विकास खण्डों में तैनात पंचायत सचिवों के माध्यम से मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना के प्रति ग्रामीणों को भलीभाँति जागरूक किया गया। इस दौरान यह भी जागरूक किया गया कि गौवंश को निराश्रित नही छोड़ा जाए। पंचायत सचिवों द्वारा क्षेत्रवासियों को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजनान्तर्गत सुपुर्दगी में प्राप्त निराश्रित गौवंश के भरण-पोषण हेतु प्रति गौवंश रू0 50/- प्रतिदिन दिए जा रहे हैं।

**निराश्रित गोवंश पालने वालों को बड़ा उपहार**

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रशासन जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सभी गौ आश्रय स्थलों के समुचित रख रखाव एवं निराश्रित-बेसहारा गौवंश के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। यह कार्य शासन की शीर्ष प्राथमिकता का कार्य है, जिसमें अधिकारियों- कर्मचारियों की पूर्ण गंभीरता अपेक्षित है। निराश्रित गौवंशों के संरक्षण के लिए शासन द्वारा मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना भी संचालित है, जिसके तहत इच्छुक व्यक्तियों, पशुपालकों को गो आश्रय स्थल से अधिकतम 04 गौवंश सुपुर्दगी में दिए जाने की व्यवस्था है। उक्त के साथ ही साथ सुपुर्दगी में लिए गोवंश से संबन्धित लाभार्थियों को भरण-पोषण हेतु प्रति गौवंश रू. 50/- प्रतिदिन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री निराश्रित-बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना में प्रति दिन प्रति गोवंश के हिसाब से पशुपालक को 50 रुपये की धनराशि डीबीटी के जरिए उसके खाते में दी जाएगी। योजना अंतर्गत एक व्यक्ति को अधिकतम चार गौवंश पालने के लिए मिलेंगे। इन पशुओं में ईयर टैग अनिवार्य होगा।

## आकांक्षा पेटी का नपा अध्यक्ष ने किया शुभारंभ




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला विधानसभा में एक आकांक्षा पेटी को नीलकंठ मैदान में रखकर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के द्वारा शुभारंभ किया गया। पार्टी द्वारा लोगों की आकांक्षों को अपने संकल्प पत्र में समायोजित किया जाएगा उसके बाद नगर पालिका में प्रेस वार्ता की गई। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक कुलदीप वर्मा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा,किसान मोर्चा जिला महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह, मण्डल महामंत्री मैलानी अनुज वर्मा, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, मनोज बाथम, अरविन्द मिश्रा, प्रदीप खतौलिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।




## हत्या की धाराओं में दर्ज मुकदमे में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**मोहम्मदी खीरी।** कोतवाली अंतर्गत 24 दिन पूर्व हुए रामबरन हत्याकाण्ड का पुलिस ने काफी मसक्त के बाद दो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर घटना का अनावरण कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर कामी निवासी रामबरन यादव का 10 फरवरी को अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से गला काटकर हत्या करदी थी जिसमे पुलिस ने हत्या की धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना चल रही थी वही प्रभारी निरीक्षक चन्द्रशेखरसिंह के प्रकाश में आये मनोज पुत्र रामगुलाम निवासी गुदनी मजरा थाना पुवायां जिला शाहजहाँपुर को बैरियर के पास से गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर जेल भेज दिया।

## एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन आज

**लखीमपुर खीरी।** जिला सेवायोजन कार्यालय/ मॉडल कॅरियर सेन्टर राजापुर लखीमपुर खीरी द्वारा शासन के निर्देशानुसार 06 मार्च को जिला सेवायोजन कार्यालय, राजापुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी साक्षी डागुर ने दी। उन्होंने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की कई कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही। उक्त रोजगार मेले में सभी शैक्षिक योग्यता के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। निजी क्षेत्र की कम्पनियों का विवरण सेवायोजन एवं एनसीएस पोर्टल पर उपलब्ध है, आप सेवायोजन पोर्टल पर अपनी योग्यता अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी उक्त तिथि को अपने बॉयोडाटा के साथ जिला सेवायोजन कार्यालय, राजापुर लखीरी में प्रातः 10 बजे उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते हैं। उक्त रोजगार मेले में कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया निःशुल्क रहेगी।

## शांति समिति की बैठक कर सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील

**जैदपुर बाराबंकी।** आगामी त्यौहार तथा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत ज़ैदपुर थाना परिसर मे थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व मे मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।शांति समिति की बैठक मे क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने उपस्थित लोगो को आगामी त्योहारो पर क्षेत्र मे शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की गई। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहाकि आगामी होली के त्यौहार पर हुड़दंगियो पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

# प्रशिक्षण में गठित टीमों ने सीखीं चुनावी बारीकियां

**लखीमपुर खीरी,समृद्धि न्यूज।**

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष संपन्न करने के उद्देश्य से निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल के लिये जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर जिले में गठित उड़न दस्ता, स्थैतिक निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम, वीडियो निगरनी टीम, मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।



प्रशिक्षण में वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय ने निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने को विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों को प्रशिक्षित किया। निर्वाचन के दौरान उत्पन्न होने वाली चुनौतियों पर बारीकियां भी बताईं। चुनाव से संबंधित विभिन्न एप संचालन को बताया। निर्वाचन में अवरोध उत्पन्न करने वाले परिवहन, वस्तुओं का ट्रांसपोर्टेशन, ड्रग विभाग, आबकारी विभाग, वन विभाग आदि के दायित्व के बारे में भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि हर एक केस का क्या फॉरमेट है, क्या विवरण अंकित करना है आदि का प्रशिक्षण दिया गया, संदेहास्पद वस्तुओं को पकड़ने व सीज करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। बैंक खातों पर निगरानी कैसी की जाएगी, सतर्कता कैसे रखी जायेगी आदि पर जानकारी प्रदान की गई। निर्वाचन में आने वाली चुनौतियों व सन्देह को प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में उड़न दस्ता, स्थायी निगरानी, वीडियो सर्विलांस, वीडियो अवलोकन आदि टीम के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया, जिसमें सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के कर्तव्यों व जवाबदेही को प्रशिक्षण के माध्यम से निश्चित किया गया।

# अवैध कब्जा व अतिक्रमण पर तहसीलदार से मिले ग्रामीण

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

होलिका दहन स्थल पर अवैध कब्जा और अस्थाई अतिक्रमण को लेकर मंगलवार को उचौलिया के ग्रामीणों ने तहसीलदार को एक प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र में लगभग 100 ग्रामीणों के हस्ताक्षर थे जिसमें उन्होंने होलिका दहन स्थल पर राजस्व टीम द्वारा पैमाइश कराके पक्के निर्माण और अस्थाई अतिक्रमण को हटवाने की मांग की।ग्रामीणों का कहना है गांव की स्थापना से लेकर अब तक उसी स्थान पर होलिका दहन किया जा रहा है। यह भूमि बनकागॉव रोड पर है। होलिका दहन स्थल के पास रहने वाले दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने पक्के निर्माण और कुछ लोगों ने अस्थाई अतिक्रमण कर रखा है। जिसके कारण वहां पर वर्तमान समय में काफी कम जमीन बची है और होली के अवसर पर हिंदू समाज के लोगों को वहां पर आखत डालने में बहुत ही कठिनाई होती है । ग्रामीणों का कहना है कि वहां पर बने आसपास मकान से घरों का गंदा पानी भी होलिका दहन स्थल पर ही जमा होता है। सन 2016 में ग्रामीणों द्वारा शिकायत करने के बाद तत्कालीन एसडीएम नागेंद्र कुमार सीओ रामशंकर सिंह राजस्व निरीक्षक देवशरण पाल लेखपाल रामबाबू यादव द्वारा रकवे की पैमाइश कराई गई थी जिसमें लगभग दो बीघा होलिका दहन स्थल की जगह निकली थी। जिस पर 80 वर्ग फीट पक्का और ढाई सौ वर्ग फिट अस्थाई अतिक्रमण पाया गया अस्थाई अतिक्रमण को एसडीएम ने तुरंत हटवाया था और मौके पर मौजूद प्रधान प ति अयूब को होलिका दहन स्थल के पास बने पक्के मकान के किनारे एक मीटर खड़ंजा डालने का निर्देश दिया था।एसडीएम मोहम्मदी और सीओ मोहम्मदी ने पक्का निर्माण कर चुके लोगों को आगे अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। वहां पड़ी झोपड़ी को हटवाकर, दीवार बनवाने के लिए भरी गई नींव को खुदवा दिया। साथ ही तत्कालीन चौकी प्रभारी समीर जावेद को अवैध कब्जा करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जो होली निकलने के बाद ठंडे बस्ते में डाल दिया गया तहसीलदार प्रीति सिंह ने तुरंत ही संबंधित लेखपाल अखिलेश पुष्कर को बुलाया और मौके पर जाकर पैमाइश और अतिक्रमण हटवाने का निर्देश दिया।

## पीस कमेटी की हुई बैठक, पुलिस ने शांति सौहार्द के लिए किया अपील

**सिद्धौर बाराबंकी।** आगामी त्योहारों को लेकर असंद्रा थाना अंतर्गत सिद्धौर पुलिस चौकी पर मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। शिवरात्रि एवं रमजान पर्व को शांत पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए असन्द्रा थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी लोग आपस में मिलजुल कर पर्वो को शांति पूर्ण तरीके से खुशनुमा माहौल में मनाए ।यदि कोई भी अराजक तत्व शांति के माहौल में अशांति उत्पन्न करे तो तुरंत पुलिस को सूचना दे। जिसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। चौकी प्रभारी सिद्धौर नीरज कुमार ने कहा कि पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए मैं कटिबंध हूं,इसलिए आप सभी लोग मिलजुल कर त्योहार मनाने में सहयोग करें।

## सांसद व राज्यमंत्री ने कोटवाधाम में टेका माथा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह प्रदेश के खादय रसद राज्य एंव नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश शर्मा के साथ मंगलवार को श्री समर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा की ड्योढ़ी पर माथा टेक कर महन्तों से आर्शीवाद प्राप्त किया। भाजपा से अयोध्या संसदीय क्षेत्र से टिकट पाये लल्लू सिंह राज्य मंत्री सतीश शर्मा नगर पंचायत टिकैतनगर के चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता लीलाधर मिश्रा कमला कान्त द्विवेदी मंण्डल अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव सहित सैकड़ों चार पहिया वाहनों से स्वामी जगजीवन दास बड़े बाबा के दरबार पंहुच कर पूंजा अर्चना कर चुनाव में विजय श्री दिलाने की मिन्नत की।इस मौके पर महन्त नीरज दास पूर्व प्रधान जगदीशपुर लवलेश पन्डित आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने आकांक्षा पेटी का किया शुभारंभ, डाले गए पत्रक

**मितौली खीरी,समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक प्रमुख सभागार में भारतीय जनता पार्टी की बैठक जिला मंत्री बृजेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई मुख्य अतिथि के रूप में कस्ता विधानसभा भारतीय जनता पार्टी के विधायक सौरभ सिंह सोनू ने एक प्रेस वार्ता में बताया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संरक्षण में देश एवं प्रदेश चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है।




देश के प्रधानमंत्री द्वारा गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक भारतीयों को मुफ्त राशन तथा प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने का काम किया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा भेजी गई आकांक्षा पेटी में नागरिकों के विचार पत्रक डाले गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष मितौली सर्वेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कस्ता सुरेश कुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष कस्ता जितेंद्र शुक्ला, मंडल अध्यक्ष बेहजम अजय शुक्ला उर्फ छोटू, मंडल अध्यक्ष मैगलगंज स्याम किशोर तिवारी उर्फ पगगू तिवारी, कस्ता मंडल महामंत्री कौशल बाजपेई, पूर्व ब्लाक प्रमुख राजीव वर्मा, ग्राम प्रधान फतेपुर लालाराम, आदि काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गैंग रेप के मामले में फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का किया निरीक्षण और एकत्रित किए एविडेंस

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बीते रविवार को थाना क्षेत्र के गांव में हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद दुष्कर्म के आरोपी पर जबरन बलात्कार एवं पास्को एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर लड़की को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

वहीं फोरेंसिक टीम ने मौका मुआयना कर वैज्ञानिक एवं भौतिक साक्ष्य एकत्रित किए हैं। थाना क्षेत्र सिंगाही में हुए सामूहिक गैंगरेप के मामले में पुलिस की प्रारंभिक जांच में दुष्कर्म करने का मामला उभर कर सामने आया है पुलिस ने गांव के ही आरोपी जसविंदर सिंह उर्फ बब्बू निवासी खैरीगोढी दलराजपुर 376 एवं पास्को एक्ट का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है सामूहिक बलात्कार की शिकार हुई नाबालिग किशोरी को 24 घंटा बीत जाने के बाद मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है वही फोरेंसिक टीम क्षेत्र सुमित पाण्डेय, सुमित अवस्थी ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित के परिजनों से मुलाकात की एवं वैज्ञानिक और भौतिक साक्ष्य एकत्रित किए हैं। क्षेत्र के गांव में सरे शाम सात बजे गांव में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप सरकारी नल पर पानी लेने गई थी गांव की ही नाबालिक किशोरी को शराब के नशे में धुत होकर दो दबंग मनचले युवकों ने जबरन नल से उठाकर गन्ने के खेत में ले जाकर गैंग रेप कर दिया था पीड़ित किशोरी के पिता ने थाने पर तहरीर दी थी पुलिस मामले की जांच की घटना की शिकार हुई नाबालिक किशोरी के चेहरे पर चोट के कई निशान पाये गये थे। रविवार को इलाके के खैरीगौढी दलराजपुर मे 13 वर्ष नाबालिक किशोरी शाम को 7 बजे घर की उत्तर दिशा में लगे इंडिया मार्ट सरकारी हैंड पंप पर बाल्टी में पानी लेने गई थीद्य तभी गांव के ही मनचले युवक संदीप उर्फ बाबू राजू पुत्र शमशेर सिंह निवासी खैरीगौढी ग्राम दलराजपुर शराब के नशे में धुत होकर नाबालिक किशोरी का मुंह दबाकर अपने कोल्हू पर ले गए वहां से वह दोनों पड़ोस के ही एक गन्ने खेत में ले जाकर अपनी हवस का शिकार बनाया। इधर लड़की जब पानी लेकर वापस घर नहीं गई तो परिजनों को चिंता हुई और बाल्टी नल पर पडी देख कर बाघ से प्रभावित इलाका होने के कारण घर वाले लड़की को इधर-उधर ढूंढने लगे।

लेकिन देर रात तक लड़की का कहीं पता नहीं चला सुबह करीब 3 बजे लड़की बेहोशी के हालात में वही नल के पास पड़ी मिली पीड़ित लड़की के पिता गुरबचन सिंह ने सिंगाही थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। लेकिन घटना के बाद पुलिस घटना को प्रेम प्रसंग का रूप देकर मामले को उलझती रही। लड़की के परिजनों पर सुलह समझौता करने का दबाव बनाती रही।

# कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की मनमानियों से ग्रामीण परेशान

▸ दोपहर 3:00 बजे के बाद अक्सर बंद रहता है हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है इसी क्रम में सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृण बनाने के लिए हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर स्थापित कर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की तैनाती की गई है। जिससे ग्रामीणों को छोटी मोटी बीमारियों की दवाओ के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। परंतु कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की मनमानी के चलते अक्सर इस केंद्र पर 3:00 बजे के बाद ताला बंद मिलता है जबकि शासन द्वारा सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर खुलने का निर्धारित समय है।




मामला विकासखंड त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत मकनपुर में हाईवे के किनारे स्थित हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर का है। जहां पर कई प्रकार की निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मरीज को प्रदान की जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त केंद्र अक्सर दोपहर 3:00 बजे के बाद बंद मिलता है जिससे हमें काफी परेशानियां उठानी पड़ती है शिकायत पर 3:00 बजे पहुंचे हमारे प्रतिनिधि को भी हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर पर ताला बंद मिला और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर मौजूद नहीं मिले।

# शिकायत के बाद जल जीवन मिशन की टीम जांच करने पहुंची गांव

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी, समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी के सम्पूर्ण समाधान दिवस मे क्षेत्र के चार ग्राम पंचायतों में पानी टंकियों पर बाहर के लोगों की की गई नियुक्ति की शिकायत के बाद जल जीवन मिशन के अधिकारियों की टीम ने जांच किया। क्षेत्र के मुश्काबाद, धुसेडिया, हमीदनगर, औलिया लालपुर सदेवा मधनापुर सहित कई ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों ने शिकायत किया है कि उनके गांवों में जल जीवन मिशन के तहत बनवायी गयी पानी टंकियों में ग्राम पंचायत से बाहर के तकनीकी पदों पर चयनित कर्मचारी एंव स्वंय सहायता समूहों की महिलाओं की भर्ती की गयी है। जब कि नियमानुसार प्लम्बर इलेक्ट्रीशियन आपरेटर हेल्पर एवं समूह की ग्राम पंचायत की महिलाओं को पानी टंकी में रखने का प्रावधान है।मंगलवार को जल जीवन मिशन के आईएसए कोऑर्डिनेटर अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में जांच में पहुंची टीम ने ग्राम प्रधानों के समक्ष बताया कि स्वजन फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2021 में पोर्टल पर अपलोड किए गए तकनीकी पदों पर चयनित लाभार्थियों के नाम दर्ज नही हो पा रहे हैं। समरथ समाज संस्थान ने 8 ग्राम पंचायतों का सर्वे कर तकनीकी पदों पर चयनित लाभार्थियों के नाम पोर्टल पर जो दर्ज के वह सही है।

## बाइक सवार ट्रेलर से भिड़े, एक की मौत

**मसौली बाराबंकी।** बीती मध्य रात्रि हसनापुर मोड़ के निकट पहले से ही खराब खड़े टेलर बाईक के भिड़ने से बाईक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया जिसमे इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गयी। बाईक सवार कानपुर नगर क्षेत्र के थे तथा महादेवा दर्शन के लिए जा रहे थे। बीती मध्यरात्रि करीब साढ़े 12 बजे बाईक से भोलेनाथ के दर्शन के लिए जा रहे कानपुर नगर के थाना बिधनू के ग्राम इटारा निवासी संजय पुत्र भोरे लाल और थाना घाटमपुर के ग्राम रामनगर बुधूवा निवासी सुखदेव पुत्र फूल सिंह की बाईक मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम हसनापुर के निकट हाइवे पर पहले से ही खराब खड़े ट्रेलर मे जा घुसी जिसमे दोनो बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये।



## नवागत बीडीओ का ग्राम प्रधानों ने किया स्वागत

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** नवागत खण्ड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी ने सिरौलीगौसपुर का कार्यभार सम्भालकर स्टाफ के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नवागत बीडीओ का ग्राम प्रधानों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया है। मंगलवार को सिरौलीगौसपुर ब्लाक पहुचे नवागत खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार त्रिपाठी का प्रधान संघ अध्यक्ष विकेश कुमार वर्मा व बेनी प्रसाद वर्मा ने अपने अपने समर्थक प्रधानों के साथनवागत बीडीओ को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। वही ग्राम सचिव संघ के अध्यक्ष कुलदीप श्रीवास्तव ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारियों के साथ पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर कुलदीप वर्मा, राजेश कुमार रावत,सुरेश यादव, धर्मेन्द्र कुमार वर्मा मनीष शुक्ला, अनिल कुमार वर्मा,सतीश वर्मा, दया शंकर शुक्ला, राकेश सिंह, राजेश सिंह जय प्रकाश वर्मा सहित तमाम ग्राम प्रधानों ने स्वागत किया।

# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज**

मसौली थाने से चंद कदम की दूरी पर स्थित महाराजा ढाबे पर विगत चार वर्षो से काम करने वाले एक 18 साल के युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रस्सी के सहारे पेड़ से लटका मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। रामनगर थाना अंतर्गत ग्राम रामपुर खरगी निवासी नौमीलाल का 18 वर्षीय पुत्र कन्हैयालाल बीते चार वर्षो से मसौली थाना क्षेत्र अंतर्गत देहेजिया मोड़ पर स्थित महाराजा होटल पर काम करता था। अपने घर गये कन्हैयालाल को ढाबा संचालक फूलचंद सोमवार की शाम करीब 4 बजे घर से लाकर ढाबे पर छोड़कर किसी शादी कार्यक्रम मे चला गया। फूलचंद्र के जाने के बाद कन्हैयालाल ढाबे से गायब हो गया जिसकी सूचना ढाबे पर काम करने वाले अन्य कर्मचारियों ने फूलचंद को देकर तलाश शुरु की तो देर कन्हैया का शव ढाबे से थोड़ी ही दूरी पर स्थित हाइवे के किनारे लगे अर्जुन के पेड़ से लटकता मिला जिससे इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुँचे पिता नौमीलाल ने मसौली पुलिस को घटना से अवगत कराया मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने कन्हैया के शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने मृतक कन्हैया के पिता की तहरीर पर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

**वितरण**

## स्मार्टफोन के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करके आगे बढ़ना चाहिए: प्रबंधक

# 39 छात्रों को वितरित हुए स्मार्टफोन, तकनीकी ज्ञान से शिक्षा ग्रहण करने में मिलेगी मदद

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज**

बरायन गांव स्थित एसएलवी डिग्री कॉलेज में आज निःशुल्क स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम मे मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे राम किशोर तिवारी किशोर वीर रस मंच संचालक, अम्बरीष अम्बर,अजय प्रधान,शिव कुमार व्यास,रवि अवस्थी,प्रदीप सारंग,प्रदीप महाजन,सूर्यान्शु शर्मा सूर्य आदि कवियो ने मनोहक कविताओ से सभी का मन जीत लिया।इस मौके



पर प्रबंधक आशीष कुमार वर्मा ने कहाकि अब बच्चो की शिक्षा तकनीकी ज्ञान पर आधारित हो गई है। तकनीकी ज्ञान से शिक्षा ग्रहण करने मे लोगो को मदद मिलती है। नवाचार के युग मे तकनीकी ज्ञान बेहद जरूरी है। केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को शिक्षित करने को लेकर सभी प्रकार के उपक्रम कर रही है। टैबलेट व स्मार्टफोन बच्चों की पढ़ाई में काफी मददगार साबित होंगे। प्रबंधक आशीष वर्मा ने छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया। 39 छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण करते हुए आशीष वर्मा ने कहाकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्र छात्राओ को स्मार्ट फोन देकर उनके शैक्षिक उन्नयन की दिशा मे योगदान किया है। उन्होंने छात्रों को आशीर्वाद वचन देते हुए कहा कि स्मार्टफोन के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी करके आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर आशीष वर्मा,लालचंद वर्मा,दशरथ चौहान,अमित वर्मा गुडिया देवी, साकेत वर्मा,मोहम्मद ओसामा, रामचरण रावत आद लोग मौजूद रहे।

## मां शारदा देवी महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** माँ शारदा देवी महाविद्यालय फत्तापुर कला नियामतगंज में निशुल्क स्मार्टफोन का वितरण किया गया। खाद्य एंव रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा व एमएलसी अंगद सिंह ने 500 प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को निशुल्क टेबलेट व स्मार्टफोन वितरित किया। स्मार्टफोन और टेबलेट पाकर कर छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया, कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। राज्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जो वादा किए हैं। वह धीरे-धीरे पूरे किए जा रहे हैं। छात्र-छात्राओं के भविष्य को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरीके से सजग है। शिक्षा को लेकर प्रदेश सरकार नई नई योजनाएं बना रही है। जिस से आगे चलकर के हमारे समाज के बेटे और बेटियां शिक्षित होकर अपने पैरों पर खड़े हो सके। कार्यक्रम के दौरान यहां पर क्षेत्र पंचायत निधि से बनवाई गई इंटरलॉकिंग का उद्घाटन राज्य मंत्री ने किया। विद्यालय के प्रबंधक रविकांत गोस्वामी,चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता,ब्लाक प्रमुख रत्नेश सिंह,प्राचार्य डॉ दिनेन्द्र सिंह, संतोष शुक्ला, बसंतकांत इंटर कॉलेज के प्रबंधक लालजी पांडेय , राकेश शुक्ला शिवकुमार दीक्षित, महेश गुप्ता,लक्ष्मीकांत मौर्य,मनोज शर्मा मौजूद रहे।

# मरीजों व तीमारदारों से अच्छा व्यवहार करें डॉक्टर व स्टाफ : डॉ. सीएम सिंह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में डॉक्टर समेत तमाम मेडिकल स्टॉफ को मरीजों और तीमारदारों से अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए गए हैं।

किसी भी हालात में संस्थान के एम्प्लॉई को लूज टॉक न करने की नसीहत दी गई हैं। इसके अलावा लोहिया संस्थान की इमरजेंसी वॉर्ड के हालात में भी बदलाव लाया जाएगा। यहां की वर्किंग में सुधार लाते हुए आने वाले सभी गंभीर मरीजों को तत्काल इलाज मुहैया कराया जाएगा। ये बातें मंगलवार को लोहिया संस्थान के नवनियुक्त निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने संस्थान में जल्द ही एडवांस सेंटर ऑफ न्यूरोसाइंसेज के शुरू करने की बात भी कही। डॉ.सीएम सिंह ने कहा कि फिलहाल संस्थान के लगभग सभी सुपर स्पेशलिटी वार्ड में बेहद कम बेड हैं। जिस कारण बड़ी संख्या में मरीजों को इलाज नहीं मिल पाता और संस्थान से निराश होकर ये मरीज लौट जाते हैं। आने वाले दिनों में इन विभागों में बड़ों की संख्या को बढ़ाया जाएगा। संस्थान में आने वाले सभी मरीजों को हर हाल में इलाज मुहैया कराया जाएगा। डॉ. सीएम सिंह ने कहां कि संस्थान की वर्किंग में हॉस्पिटल रिवाल्विंग फंड को सही मायने में लागू किया जाएगा।

# किसानों के निजी नलकूपों पर बिजली बिल में 100 प्रतिशत तक की छूट : एके शर्मा

**किसानों को एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप पर कोई भी बिल देने की जरूरत नहीं**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश के करोड़ों किसानों को होली से पहले ही बड़ा तोहफा दिया है। मंगलवार को सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए किसानों के निजी नलकूपों पर बिजली बिल में 100 प्रतिशत तक की छूट दे दी है।

इस निर्णय से प्रदेश के 1.5 करोड़ किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत किसानों को एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप पर कोई भी बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। यही नहीं, यदि इसके पहले का भी यदि कोई बिल बकाया है तो सरकार उसके लिए ब्याज रहित और आसान किश्तों में बिल चुकाने के लिए योजना लाएगी। इसके लिए योगी सरकार ने 2024-25 के बजट में 1800 करोड़ रुपए और 2023-24 में 2400 करोड़ का प्रावधान किया है। योगी सरकार ने चुनावों के समय ही किसानों से निजी नलकूप पर 100 प्रतिशत छूट देने का वादा किया था। अब सरकार ने मंगलवार को इस पर निर्णय लेकर अपना वादा पूरा कर दिया है। प्रधानमंत्री के किसानों को सुखी-समृद्ध बनाने व उनकी लागत में कमी और आय को दोगुना करने के संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कैबिनेट की बैठक के बाद लोकभवन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस प्रस्ताव के अनुमोदन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों के दौरान घोषणा की थी कि किसानों को उनके निजी नलकूपों पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। उसी घोषणा के अनुरूप मंत्रिपरिषद ने मंगलवार को अपना वादा निभाते हुए छूट से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने बताया कि राज्य में लगभग 14 लाख 73 हजार ग्रामीण नलकूप हैं, जबकि 5,188 शहरी नलकूप हैं। उन्होंने बताया कि हमारे ही कार्यकाल में लगभग 200 ग्राम पंचायतों को हमने नगर ग्राम पंचायतों में बदल दिया है, इसलिए हमने शहरी और ग्रामीण का फर्क खत्म करके इसे मर्ज कर दिया है। इस तरह दोनों ही प्रकार के कुल 14 लाख 78 हजार नलकूपों पर किसानों को बिजली बिल पर छूट का लाभ मिलेगा।

**एक ट्यूबवेल से 8 से 10 किसान होते हैं लाभान्वित**

एके शर्मा ने बताया कि मेरे पास खुद भी ट्यूबवेल है और इसी आधार पर हम कह सकते हैं कि एक ट्यूबवेल से 8 से 10 किसान लाभान्वित होते हैं, जिसके खेत तक पानी पहुंचता है। इस तरह लगभग लगभग डेढ़ करोड़ किसानों को इस योजना से लाभ होने वाला है। प्रति किसान यदि 5 सदस्यों के परिवार की गणना करें तो लगभग 7 करोड़ से अधिक लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव के तहत किसानों को 100 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया गया है। किसानों को अब एक अप्रैल 2023 से कोई बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी।

इसके पहले का यदि कोई बकाया है तो उसके लिए हम ब्याज रहित योजना लेकर आएंगे और उसका भी क्रियान्वयन आने वाले दिनों में किया जाएगा। 2023-24 में मुख्यमंत्री ने इस योजना के लिए 2400 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। 2024-25 के बजट में भी इसके लिए 1800 करोड़ का प्रावधान किया गया है। हमारे पास धन भी है और सारी व्यवस्थाएं भी जिससे हम किसानों को लाभान्वित कर सकेंगे। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के साथ ही कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी किसानों के हित को देखते हुए लिए गए इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए सीएम योगी का आभार जताया है।

## खबरें एक नजर में

### हजारों किसानों ने शक्ति भवन घेरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नलकूप कनेक्शन का बिजली माफ करने की मांग को लेकर लखनऊ में मंगलवार को हजारों किसान जुटे। भाकियू के बैनर तले नाराज किसानों ने शक्ति भवन पर डेरा डाल दिया। भाकियू हरिनाम सिंह गुट के हजारों कार्यकर्ताओं ने शक्ति भवन पर धरना शुरू किया। उनका कहना था कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होगी, वह यहां से नहीं जाएंगे। किसान अपने साथ खाने-पीने का पूरा सामान लेकर आए थे। इसी बीच पहले से प्रस्तावित कैबिनेट बैठक शुरू हुई। बैठक में किसानों का बिजली बिल माफकरने का प्रस्ताव रखा गया। जिसे सरकार ने मंजूर कर लिया। किसानों का बिजली बिल माफ कर दिया गया। किसानों के बिजली बिल को 100 प्रतिशत छूट दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। इस समय ग्रामीण क्षेत्र में 14.73 लाख और शहरी क्षेत्र में 5188 नलकूप हैं। कुल 14 लाख 78 हजार नलकूपों के बिजली बिल में छूट दी गई। करीब डेढ़ करोड़ किसानों को इससे फायदा मिलेगा। एक अप्रैल 2023 से कोई बिल नहीं देना होगा। सारा बिल सरकार माफकर रही। लेकिन, एक अप्रैल 2023 से पहले जो बिल बकाया है, उस पर बिना ब्याज के बिल भुगतान की योजना सरकार लाएगी।

### फेस आथेन्टीकेशन आधारित ई-केवाईसी ऐप विकसित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रभावी क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग किये जाने के दृष्टिगत लाभार्थियों के सत्यापन हेतु फेस आथेन्टीकेशन आधारित ई-केवाईसी ऐप विकसित किया गया है, जिसे योजना के एम.आई.एस. पर होस्ट करने के साथ ही आवास ऐप एवं यूआईडीएआई डेटा से भी लिंक किया गया है। आयुक्त ग्राम्य विकास जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि इस ई-केवाईसी ऐप को भारत सरकार द्वारा दिनांक 01 जनवरी से रोल आउट किया गया है। श्री प्रियदर्शी ने सभी मुख्य विकास अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने दिशा निर्देश दिये गये है।

### मीटर में हुआ शार्ट सर्किट ,ज्वेलरी शो-रूम में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में निशांतगंज गुरुद्वारा मार्केट स्थित महताब चंद अग्रवाल ज्वेलर्स की दुकान के बेसमेंट से मंगलवार दोपहर अचानक धुआं निकलने लगा। वहां मौजूद कर्मचारियों ने आग लगने की सूचना दमकल और पुलिस कर्मियों को दी। दुकान से धुआं और लपटें निकलता देख मार्केट में हड़कंप मच गया। हजरतगंज फायर स्टेशन से पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से समय रहते आग पर काबू पा लिया। दुकान के बेसमेंट में धुआं भरने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में दिक्कत का सामान करना पड़ा। इसके चलते दमकल कर्मियों ने मास्क और आक्सीजन सिलेंडर का इस्तेमाल किया। जिसके बाद बेसमेंट में पहुंचकर आग को बुझाकर बड़ा नुकसान होने से बचा लिया। दूसरी तरफआग से निशांतगंज पुल से लेकर गलियों तक में जाम की स्थित बन गई। जिसको कुछ ही देर बाद महानगर पुलिस ने डायवर्ट कर स्थित को बेकाबू होने से बचाया।

### अनपरा में 800 मेगावाट की दो इकाइयों को मिली मंजूरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** योगी सरकार ने एक और बड़ा निर्णय लेते हुए अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ दो बड़े एमओयू किए गए थे। इसमें ओबरा डी में 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को पिछले वर्ष ही मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है और अब अनपरा में भी 800 मेगावाट के दो प्लांट एनटीपीसी की मदद से लगाए जाएंगे। राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता के साथ यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8624 करोड़ रुपए है और इसकी पहली यूनिट लगभग 50 महीनों में तैयार हो जाएगी, जबकि दूसरी यूनिट 56 महीने में क्रियान्वित हो जाएगी। इसमें 30 प्रतिशत इक्विटी होगी जो राज्य सरकार और एनटीपीसी आपस में वहन करेंगे, जबकि 70 प्रतिशत ऋण लेकर इसको क्रियान्वित किया जाएगा। कोयले की खदान एनसीएल से लिया जाएगा, जो नजदीक में है। इससे सस्ती बिजली मिलने का रास्ता साफहोगा।

### शब्बीर अहमद बने सपा के जिला महासचिव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार शब्बीर अहमद खान को पुनः सपा लखनऊ का जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने शब्बीर अहमद खान को जिला महासचिव बनाये जाने पर बधाई दी। नवनिर्वाचित जिला महासचिव ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुशीला सरोज, पूर्व विधायक गोमती यादव, राजेन्द्र यादव, अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, वरिष्ठ नेता टीबी सिंह, प्रदेश सचिव फैसल मकबूल, मोहसीन, एसयू खान 'भईया जी', पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सोनू कनौजिया, राजबाला रावत, पूर्व राष्ट्रीय सचिव मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड नागेन्द्र सिंह, रमेश सिंह रवि, राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक सभा लुकमान अली, काकोरी नगर पंचायत प्रत्याशी इब्राहीम मंसूरी, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा हारून अजीज, जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा अंजनी प्रकाश यादव तथा पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

### डीआईओएस आईकार्ड के नाम पर उत्पीड़न बंद करें : आप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान मनमाने तरीके से शिक्षकों को डराने एवं उत्पीड़न रोकने के लिए आम आदमी पार्टी ने उन्हें आड़े हाथों लिया। पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह राठौर ने बताया यूपी बोर्ड के लिए जि. विद्यालय निरीक्षक कार्यालय लखनऊ द्वारा जारी आई कार्ड में घोर लापरवाही बरती गई है। कार्यालय द्वारा केंद्र व्यवस्थापक, वाहय केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट के आई. कार्ड जारी ही नहीं किये गए।

**उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अफसरों को दिए निर्देश, कहा**

# मनरेगा के क्रियान्वयन में रखें पारदर्शिता, जाब कार्ड धारकों का मिलेगा काम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मनरेगा के क्रियान्वयन में पारदर्शिता पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जॉब कार्ड धारकों को मनरेगा में काम मांगने पर काम जरूर दिया जाय और उनके पारिश्रमिक का भुगतान समय कराया जाए।महात्मा गांधी नरेगा न सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमिकों को न केवल रोजगार मिलता है, बल्कि ग्रामीण परिसम्पत्तियों का सृजन भी होता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने एनआइसी और इसरो की नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर के साथ मिलकर जियो मनरेगा के अंतर्गत जियो टैग परिसम्पत्तियों को एक जगह एकत्रित करके आसान तरीके से सामने लाने के लिए एक मोबाइल ऐप जनमनरेगा की संचरना की गई है। इस मोबाइल ऐप के जरिये देश व प्रदेश के किसी भी कोने में मनरेगा के अंतर्गत बनी परिसम्पतियों को देखा जा सकता है। सरकार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना को लगातार पारदर्शी बनाया जा रहा है। लोगों को जानकारियां पहुंचाने के लिए जनमनरेगा ऐप संचालित है। एप से कोई भी नागरिक काम की मांग, कार्यो की स्थिति, शिकायत, सुझाव दर्ज करने के साथ-साथ पूर्ण कार्यो की स्थिति देख सकता है। कोई भी नागरिक अपने स्मार्ट फोन पर यह एप्लीकेशन इंस्टॉल कर सकता है। जन मनरेगा मोबाइल ऐप को लॉन्च करने का मुख्य उद्देश्य कि जाब कार्ड धारकों को को उनके घर के पास ही रोजगार उपलब्ध करवाना है, ताकि लाभार्थियों की आर्थिक स्थिति बेहतर बनाई जा सके। घर बैठे अपनी ग्राम पंचायत में मनरेगा की परिसंपत्तियों की जानकारी लेने के साथ ही अपना फीडबैक दे सकते हैं। आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी द्वारा बताया गया कि जनमनरेगा ऐप बहुत ही उपयोगी मोबाइल एप्लीकेशन है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले आम नागरिक घर बैठे मनरेगा के विषय में व मनरेगा की जियो टैग परिसंपत्तियों के विषय में आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**कृषि मंत्री ने की समीक्षा, योजना अधिकारियों को दिए निर्देश**



**लखनऊ।** कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा योजना भवन लखनऊ में कृषि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, खेत तालाब योजना की प्रगति समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अगले वित्तीय वर्ष की कार्य योजना अभी से बना लें। साथ ही किसान का चयन कर लें जैसे ही किसान का खेत अप्रैल,मई के महीने में खाली होता है, तत्काल तालाब की खुदाई कार्य प्रारम्भ करें। भूमि संरक्षण अधिकारी उरई के कार्य समय से पूरा न करने पर कड़ी फटकार लगाई। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना मे जिन जनपदों में मांग है उन उप कृषि निदेशक को तत्काल बजट का आवंटन कर दिया जाए। यंत्रों का सत्यापन समय से कर किसानों को अनुदान दिया जाएंस जिन जनपदों मे यंत्रों की ज्यादा मांग है उसके अनुसार उनका लक्ष्य निर्धारित कर किसानों को उपल्ब्ध कराये जाएं।

## गुणवत्तापूर्ण ढंग व समय से पूरे करने होंगे सभी निर्माण कार्य : दयाशंकर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने आज परिवहन निगम के कार्यालय कक्ष में विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ निर्माण कार्यो को लेकर बैठक की। यूपीसीडको द्वारा निर्माण कार्यों में बरती जा रही शिथिलता पर रोष व्यक्त किया।

कार्यदायी संस्थाओं को कार्यों की उपयोगिता प्रमाण पत्र तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जनप्रतिनिधियों की मांग पर जहां-जहां जिला प्रशासन द्वारा भूमि उपलब्ध कराई गयी है। निर्माण का प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिये। परिवहन मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की मांग पर प्रकरण में कार्यवाही शीघ्रता से कराई जाए। उन्होंने देश के शहीदों,स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पर बस अड्डों का नामांकन कराने की कार्यवाही शीघ्र कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अयोध्या के मिल्कीपुर में बस स्टेशन हेतु जिला प्रशासन से निःशुल्क भूमि प्राप्त कर बस स्टेशन के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये हैं। परिवहन मंत्री ने सड़क सुरक्षा संबंधी निर्माण योजनाओं यथा ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड टेस्टिंग इन्स्टीट्यूट, इन्सपेक्शन एण्ड सर्टिफिकेशन सेन्टर, ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक एवं इन्स्टीट्यूट ऑफड्राइवर ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च सेन्टर तथा सड़क सुरक्षा कोष के अंतर्गत पूँजीगत मद में प्राविधानित बजट के सापेक्ष शासन द्वारा निर्गत की गयी वित्तीय स्वीकृतियों में वर्तमान में संचालित निर्माण परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। प्रावधानित धनराशि के सापेक्ष निर्गत वित्तीय स्वीकृतियों का व्यय वित्तीय वर्ष के अंत तक अवश्य कर लें। कार्यदायी संस्थाओं से उपभोग प्रमाण पत्र प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये। इसके साथ-साथ आईडीटीआर रायबरेली, डीटीटीआई अयोध्या तथा 13 स्क्रैपिंग सेंटर का लोकार्पण, 41 एटीएस, 36 स्क्रैपिंग सेंटर एवं 32 डीटीसी के शिलान्यास के कार्यक्रम 11 मार्च तक कराये जाने के निर्देश दिये।

# अकबरनगर पर चला बुलडोजर, 77 दुकानें गिराईं

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ के अकबरनगर बस्ती में बुलडोजर से दुकानें ध्वस्त की जा रही हैं। 3 बुलडोजर लगे हैं। कुल 77 दुकानों को एलडीए, नगर निगम और पुलिस टीम की मौजूदगी में ध्वस्त किया जाएगा। बुलडोजर एक्शन की वजह से आसपास के एरिया में लंबा जाम लगा है। कुकरैल नाले के पास बैरिकेडिंग कर दी गई है। ऐसे में उधर से बादशाह नगर या निशातगंज जाने वाले लोगों को अब बंधे के किनारे से जाना पड़ रहा है। यहां करीब 5 झड लंबा जाम लगा है। गाड़ियां रेंग कर चल रही हैं। महज 50 मीटर की दूरी तय करने में 30 मिनट लग रहे हैं। इसके अलावा निशातगंज के आसपास के इलाकों में भी जाम है।

शक्ति भवन और जौहर भवन के एरिया में 10 सड़कें ऐसी हैं जहां 500 मीटर की दूरी तय करने में 30-40 मिनट लग रहा। निशातगंज पुल के नीचे भी लंबा जाम लगा है। दुकानदार बोले-अब कहां और किससे गुहार लगाएं अकबरनगर निवासी जलील ने बताया, मेरी दुकान 2002 में खुली थी। उम्मीद है कि तोड़ दी जाएगी। जब मामला सुप्रीम कोर्ट से ही खारिज हो गया तो अब किसी से गुहार भी नहीं लगा सकते। हालांकि इस बात का मलाल है कि सरकार और शासन चाहता तो इन्हीं जमीनों को वह दुकान मालिकों को मौजूदा सर्किल रेट के हिसाब से बेच सकता था। इससे लोगों की रोजी-रोटी पर भी संकट नहीं आता और सरकार को भी मुनाफा होता। कई लोग इस डर में अब दुकानें खाली कर रहे हैं कि उन्हें कोई मौका अब नहीं मिलेगा। इसलिए आनन-फानन में सारा सामान निकालने में जुट गए हैं। दुकानदार मोहम्मद नईम ने बताया कि दुकान तो टूट रही है। 21 दिसंबर के बाद से बिजली का इस्तेमाल ही नहीं किया, लेकिन बिजली विभाग बिल भेज रहा है। जबकि मीटर खुद बिजली विभाग वाले उखाड़ ले गए थे। मोहम्मद नईम ने बताया, 26 जनवरी को उन्होंने 1893 रुपए का बिल भी जमा किया था जोकि दिसंबर से पहले वाला बिल था। जनवरी-फरवरी का फिर से बिल भेज दिया गया है।


सत्यमेव जयते




आगरा मेट्रो रेल परियोजना
के प्राथमिक सेक्शन (ताज ईस्ट गेट से मनः कामेश्वर) पर यात्री सेवा का
शुभारंभ

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री द्वारा
(वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से)

गरिमामयी उपस्थिति

आनंदीबेन पटेल — राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
योगी आदित्यनाथ — मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
हरदीप सिंह पुरी — मंत्री, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, आवासन एवं शहरी कार्य, भारत सरकार
प्रो. एस.पी. सिंह बघेल — राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, भारत सरकार
कौशल किशोर — राज्य मंत्री, आवासन एवं शहरी कार्य, भारत सरकार
बेबी रानी मौर्य — मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश
योगेन्द्र उपाध्याय — मंत्री, उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, उत्तर प्रदेश
धर्मवीर प्रजापति — राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कारागार एवं होमगार्ड्स, उत्तर प्रदेश
राजकुमार चाहर — सांसद, फतेहपुर सीकरी
नवीन जैन — सांसद, राज्य सभा

6 मार्च, 2024 | प्रातः 9:45 बजे | ताज महल मेट्रो स्टेशन, आगरा






- पर्यटकों एवं स्थानीय निवासियों के लिए विश्वस्तरीय परिवहन सुविधा
- सुरक्षित, सुगम, सरल एवं तीव्रगामी परिवहन के साथ रोजगार के अवसरों में वृद्धि
- ताज महल एवं आगरा फोर्ट के लिए बाधारहित कनेक्टिविटी
- सड़कों पर जाम से मुक्ति, प्रदूषण में कमी, समय की बचत
- दिव्यांगजन अनुकूल यातायात प्रणाली

प्राथमिक सेक्शन
ताज ईस्ट गेट | कैप्टन शुभम गुप्ता | फतेहाबाद रोड | ताज महल | आगरा फोर्ट | मनःकामेश्वर

लाइव प्रसारण — DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS, Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial, CMOUttarpradesh, CMOfficeUP

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# प्रधानाचार्य की हत्या से क्षुब्ध छात्रों ने किया प्रदर्शन

**परिजनों ने की आरोपियों की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग, हाथों में तख्ती लेकर डटे सैकड़ों छात्र, दिनेश सर को क्यों मारा,क्या बेटियों की सुरक्षा करना अपराध है?**

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**



रविवार की रात्रि में सोते समय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य की बदमाशों द्वारा की गई हत्या को लेकर क्षुब्ध ग्रामीणों और कॉलेज के छात्रों ने मंगलवार को हाथों में तख्ती लेकर छपिया थाना के फूलपुर गांव के पास सड़क पर शव रखकर जोरदार प्रदर्शन किया।

परिजन और छात्र आरोपियों की गिरफ्तारी व मुआवजा दिलाये जाने की मांग को लेकर अड़े रहे। सूचना मिलने पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुँच गई और हालात को काबू में करने की कोशिश में जुट गई। कालेज के छात्रों ने ली गई तख्ती में लिखा था कि दिनेश सर को क्यों मारा क्या बेटियों की सुरक्षा अपराध है? रविवार को रात मे एक कॉलेज के प्रधानाचार्य की उस समय बदमाशों ने सर में गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। जब वह अपने मामा के घर एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात खाना खाने के बाद वह मामा के लड़कों के साथ गांव से थोड़ी दूर पर बनी दुकान में सोने गए थे। बताया जाता है कि जैसे वहां पहुंचे और कमरे का दरवाजा खोला। कमरे में कोई जहरीला सांप बैठा था। सांप के भय से सभी लोग बरामदे में चौकी पर लेटकर सो गए। रात करीब 1 बजे आए बाइक सवार दो बदमाशों ने प्रिंसिपल के कनपटी पर सटा कर गोली मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक गोंडा जिले के छपिया थाना के गांव फूलपुर रहने वाले प्रधानाचार्य दिनेश यादव चांदारत्ती गांव के रहने वाले है। वह अपने मामा आज़ाद के बेटे सुमित की शादी में शामिल होने गए थे। प्रधानाचार्य के पिता एक चीनी मिल में नौकरी करते हैं। मृतक दिनेश की 8 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। सबसे बड़ी बेटी दीक्षा 7 वर्ष की है। बेटा शलभ डेढ़ साल का है। मृतक दिनेश की मां और पिता का रो-रो कर बुरा हाल है। प्रधानाचार्य की हत्या को लेकर ग्रामीण और कॉलेज के छात्रों ने छपिया थाना के फूलपुर गांव के पास सड़क पर शव रखकर जोरदार प्रदर्शन किया। छात्र हाथों में तख्ती लिए थे। जिसमें लिखा था। दिनेश सर को क्यों मारा? क्या बेटियों की सुरक्षा करना अपराध है।

### कार्यक्रम के दौरान आरोपी ने लहराया था तमंचा

मृतक दिनेश के परिजनों के अनुसार बीते 26 जनवरी को कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उस समय आरोपी अजय वर्मा ने तमंचा लहराया था। पुलिस ने उचित कार्यवाही नहीं किया। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा का कहना है कि कॉलेज के प्राचार्य की शिकायत पर आरोपी का शांति भंग की धाराओं में चालान किया गया था। आरोपी के खिलाफ छपिया थाने में चोरी का मुकदमा और बस्ती जिले में मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस अब आरोपी की अपराधिक कुंडली खंगाल रही है। फिलहाल पुलिस एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष को मामले में कड़ी कार्यवाई करने के निर्देश दिए है।

## सीडीओ से हुई कोटा चयन में धांधली की शिकायत

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

**शिकायत पर कारवाई की हुई मांग**

छपिया विकास खण्ड में कोटे का चयन मानक के विपरीत कर दिया गया। जिस की शिकायत मुख्य विकास अधिकारी से कर के कार्यवाही की मांग की गई है। छपिया विकास खण्ड के फूल पुर ग्राम पंचायत के गौतम बुद्ध महिला स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष पूनम देवी ने मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत किया है कि उचित दर विक्रेता दुकान का चयन होना था। जिस में शासन आदेश को दर किनारा कर के कोटे का गलत तरीके से चयन कर दिया गया। ब्लाक स्तर के कर्मचारियों की मिलीभगत से गलत तरीके से शंकर स्वयं सहायता समूह का प्रस्ताव पास कर के कर दिया गया। शिकायत में कहा है कि बीते 7 दिसम्बर 2023 को खुली बैठक होने के बाद आवंटन समिति के कर्मचारियों ने दो माह तक पत्रावली अपने पास रखे रहे। शंकर महिला स्वयं सहायता समूह व सारथी स्वयं सहायता समूह में सदस्यों की संख्या बढ़ाई गई। जिस की शिकायत गौतम बुद्ध स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष फूल कुमारी ने कहा है कि कोटा चयन होने से पूर्व शिकायत किया था कि कोटा चयन में धांधली की जा रही है। उस की जांच किये बगैर ही कोटे का चयन कर दिया गया।

# डीएम-सीडीओ ने छात्र-छात्राओं को वितरित किए ओ लेवल व सीसीसी का प्रमाण पत्र

**शादी अनुदान के लाभार्थियों को डीएम-सीडीओ ने वितरित किया स्वीकृति प्रमाण पत्र**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**



मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत जनपद के मीनाशाह संस्थान, आईसीआईटी संस्थान व मानस कंप्यूटर संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर निलिट द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्तीर्ण कर चुके ओ लेवल के 25 व सीसीसी के 10 सफल छात्र / छात्राओं को जिलाधिकारी नेहा शर्मा तथा मुख्य विकास अधिकारी एम.अरून्मोली एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी / अन्य अधिकारीगणों की उपस्थिति में प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना के अंतर्गत जनपद के 15 पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार ने बताया है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही शादी अनुदान योजनान्तर्गत लाभार्थियों को विभाग द्वारा 20 हजार रुपए की धनराशि डीबीटी के माध्यम लाभ दिया जा चुका है।

## सड़क हादसे में बेटे की मौत पिता का चल रहा इलाज

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत गोण्डा- लखनऊ राजमार्ग स्थित कादीपुर के पास बीते 3 मार्च रविवार को एक अनियंत्रित कार और बाइक में भीषण टक्कर हो गई थी,जिसमें बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये थे। दोनो घायलों को एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया था,जहां डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल पिपरी मांझा,थाना कटराबाजार निवासी सम्मय प्रसाद उम्र करीब 70 वर्ष तथा उनके लड़के मोहित 35 वर्ष को नाजुक हालत में गोण्डा रेफर कर दिया गया था,लेकिन हालत नाजुक होने के कारण दोनों लोगों को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान मोहित की मौत हो गई। वहीं सम्मय प्रसाद का इलाज चल रहा है। इस संबंध में जानकारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक से संपर्क किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

# सेवानिवृत्त होमगार्ड्स की विदाई में नम हुई आंखे

**प्रदेश जनपद व समाज की सेवा में ही राष्ट्र हित सम्भवः नरेंद्र अंकम**

**गोण्डा। समृद्धि न्यूज**



उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स अवैतनिक अधिकारी व कर्मचारी एसोसिएशन गोण्डा के तत्वावधान में सेवानिवृत्त होमगार्ड्स विदाई सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन गांधी पार्क गोण्डा में किया गया।

आयोजन कम्पनी झंझरी के जवानों के सहयोग से किया गया।जिसमें सेवानिवृत्त हुए प्लाटून कमांडर मैथिलीशरण मिश्रा व होमगार्ड्स जवान रामकेश चौबे, प्रागदत्त शुक्ला कम्पनी झंझरी को अंगवस्त्र, छाता, टार्च, धार्मिक ग्रंथ,शाल, कम्बल, मिष्ठान व नगद धनराशि प्रदान किया गया। अध्यक्षता करते हुए नरेन्द्र अंकम ओझा ने सभी को खुशहाल जीवन की कामना करते हुऐ कहा कि हमारी सेवा मे ही राष्ट्र की सेवा समावेसित है जिसका हमे हमेशा पालन करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन दिनेश पाण्डेय ने किया जिस समय अरूण श्रीवास्तव, जय गोपाल सिंह,पी सी रामकृपाल वर्मा, जगप्रसाद यादव, राजेंद्र दूबे, जयशंकर शुक्ला, सूर्य मणि मिश्रा ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर जगजीवन ,हरिमनोहर पाण्डेय, चन्द्र मोहन, सन्तोष पाण्डेय, पाटेश्वरी शुक्ला, जटाशंकर, राजकुमार, अशोक मिश्र, विजलेश्वरी सिंह, सत्यनारायण यादव, दिवाकर मिश्रा, पवन कुमार मिश्र, सुरेन्द्र पाण्डेय सहित काफी संख्या में होमगार्डस जवान मौजूद थे।

## सिटी मजिस्ट्रेट व सांसद प्रतिनिधि गोण्डा की अध्यक्षता में 168 आसरा आवास आवंटित

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को जिलाधिकारी नेहा के निर्देशानुसार डूडा विभाग में संचालित योजनान्तर्गत आसरा आवास रिक्त 178 आवासों में 10 आवास आरक्षित करते हुए 168 आवासों का आवंटन टाउन हॉल गांधी पार्क में जिलाधिकारी द्वारा नामित नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में आवासों का आवंटन किया गया। आवंटन में 04 आवास दिव्यांग को ग्राउंड फ्लोर पर आंवटित किया गया। आवास आवंटन लाटरी के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी डूडा संजय कुमार मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि गोण्डा रमाशंकर मिश्रा, डीआईईओ एनआईसी गिरीश कुमार, रोहित कुमार डूडा विभाग, महांमत्री भाजपा राकेश कुमार मिश्रा सहित सभी लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### गुल्लाबीर, राम जानकी मन्दिर का होगा विकास



**बहराइच,समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बहराइच नगर में स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व के श्री गुल्लबीर मन्दिर, विधानसभा क्षेत्र मटेरा अन्तर्गत स्थित धुरिया बाबा आश्रम बलभद्रपुर तथा विधानसभा क्षेत्र कैसरगंज अन्तर्गत स्थित श्री राम जानकी मंदिर बटुराहा फखरपुर के पर्यटन विकास के लिए शासन द्वारा मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों का विकास मद अन्तर्गत कुल धनराशि 346.40 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि श्री गुल्लवीर मन्दिर के पर्यटन विकास के लिए स्वीकृत धनराशि 126.29 लाख हेतु उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। धुरिया बाबा आश्रम बलभद्रपुर के पर्यटन विकास के लिए स्वीकृत धनराशि 88.23 लाख तथा श्री राम जानकी मंदिर बटुराहा फखरपुर के पर्यटन विकास के लिए स्वीकृत धनराशि 104.87 लाख के लिए भी शासन द्वारा उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** जिले में अलग अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कोतवाली देहात थाना थाना क्षेत्र के वीर पुर विसेन गांव के निवासी 70 वर्षिय सूरज लाल पुत्र समौखन बीते 2 मार्च को राजा पुर के मुरली पुर ग्राम में बारात आया था। बारात से वापस घर जाने के लिए डुमरिया डीह चौराहे पर एक कार से आया। मृतक की साइकिल डुमरिया डीह चौराहे के पास खड़ी थी। वही से साइकिल लेकर घर आ रहा था। किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। इलाज के लिए उस को जिला अस्पताल लाया गया जहाँ उस की मौत हो गई। रात्रि में कोई न होने की वजह से उस की पहचान नही हो सकी। दो दिनों तक शव मर्चरी में बंद था। मंगल वार के दिन परिजनों खोज बीन करते हुए अस्पताल पहुचे और शव को देख कर पहचान किया। दो और अज्ञात अधेड़ की सड़क दुघटना में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पहचान के लिए मर्चरी में रखवा दिया है।

### स्वच्छता मिशन के तहत हुई जागरूकता गोष्ठी



**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।** ब्लाक परिसर विशेश्वरगंज में मंगलवार को स्वच्छता मिशन के अंतर्गत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया अभियान के तहत कलाकार प्रत्येक गांवों में जाकर विभिन्न माध्यमों से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में हमारे घरों में किस किस प्रकार से गंदगी प्रवेश करती है एक मैप के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई। इस मौके पर भाजपा नेता धनलाल पांडेय,जिला पंचायत चेतराम,पवन कुमार पांडेय,पुत्तीबाबा सहित ब्लाक के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तीरंदाजी में कुशीनगर की टीम बनी विजेता महिला और पुरुष वर्ग में दर्ज की जीत



**बहराइच। समृद्धि न्यूज**

**चार दिवसीय प्रतियोगिता का हुआ समापन, डीआईजी ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित**

शहर के पुलिस लाइन में जोन के जिलों के महिला और पुरुष आरक्षी खिलाड़ियों के बीच तीरंदाजी प्रतियोगिता चल रही थी। मंगलवार को अंतिम दिन प्रतियोगिता की विजेता कुशीनगर और उपविजेता बहराइच की टीम बनी।गोरखपुर जोन के जिलों के महिला और पुरुष सिपाही खिलाड़ियों की आर्चरी प्रतियोगिता शहर के पुलिस लाइन में चल रही थी। 11 जिले के खिलाड़ियों को शामिल होना था।लेकिन श्रावस्ती और बलरामपुर के खिलाड़ी शामिल नहीं हुए। प्रतियोगिता का फाइनल मंगलवार को खेला गया। मुख्य अतिथि डीआईजी एपी सिंह रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में महिला और पुरुष टीम की विजेता कुशीनगर और उपविजेता बहराइच की टीम बनी। डीआईजी ने पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के साथ विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया, पयागपुर, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुपमा धानुक,अभिषेक धानुक समेत अन्य मौजूद रहे।

# संदेशखाली के विरोध में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन



**बहराइच। समृद्धि न्यूज**

**सदस्य बोले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने वोट के चलते अस्मिता से खेला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं न पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हो रही महिला विरोधी गतिविधियों को लेकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। परिषद के कार्यकर्ता किसान पीजी कॉलेज में एकत्रित होकर नगर मंत्री नित्या पाठक के नेतृत्व में नारेबाजी की। अभाविप के प्रांत सहमंत्री आदर्श शुक्ला ने कहा कि बंगाल की पवित्र भूमि देवी स्वरूप शक्ति की आराधनास्थली रही है दुर्भाग्यवस वर्तमान में पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की वोट बैंक की राजनीति के चलते महिलाओं की अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने वाली तकरीर अपने चरम पर हैं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मानवता को शर्मसार कर रही इस घटना की निंदा करती है। कहा कि एक ओर राज्य सरकार संरक्षित भ्रष्टाचारीयों के हौसले बुलंद हैं संदेशखाली में जिन पीड़ितों के साथ ज्यादती हुई है। उनमें अधिकांश पिछड़े वर्ग तथा अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाएं हैं। जिला सह संयोजक आशुतोष मिश्रा ने कहा संदेशखाली के पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। वंशिका मिश्रा ने कहा कि वहां की महिलाओं के साथ वर्षों से हो रहे मानसिक शोषण से धीरे-धीरे उबरने के लिए महिलाओं को मनोचिकित्सकों द्वारा परामर्श सत्रों की भी सुविधा प्रदान की जानी चाहिए। प्रदर्शन में खेलो भारत सहसंयोजक अभय तिवारी, विभाग संयोजक अमित गोंड, अंकुर, रोशनी , कुंज बिहारी शुक्ला, अमरजीत, निखिल,नीलेश व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्रामीण को पिकअप ने मारी टक्कर, मौत

**पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**नित्यक्रिया से वापस आते समय हुआ हादसा**

**बहराइच। समृद्धि न्यूज**



लखनऊ बहराइच मार्ग पर फखरपुर थाना क्षेत्र में एक ग्रामीण को मंगलवार सुबह नित्यक्रिया से वापस आते समय पिकअप ने टक्कर मार दी। मौके पर ही ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुंडासर के मजरा सुवाताली गांव निवासी रमजान (58) पुत्र रज्जाक मंगलवार सुबह नित्यक्रिया के लिए खेत को गए।

इसके बाद वह वापस पैदल घर के लिए आ रहे थे। घर आते समय लखनऊ बहराइच मार्ग पर बहराइच से लखनऊ की ओर जा रही पिकअप वाहन ने ग्रामीण को ठोकर मार दी। जिससे मौके पर ही ग्रामीण की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक करुणा शंकर पांडेय ने बताया कि तहरीर मिलने पर हादसे का केस दर्ज किया जायेगा।

# मोबाइल से बात करते समय बस ने कुचला, युवक की मौत

**बहराइच। समृद्धि न्यूज**



नेपाल में रिसिया के एक युवक की देर शाम बस से कुचल जाने से मौके पर ही मौत हो गई है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। शव के आने का इंतजार हो रहा है। मृतक घर में सबसे छोटा था। लेकिन नेपाल के कैसिनो के सामने हुई घटना में जान चली गई। रिसिया नगर पंचायत के सरस्वती नगर वार्ड निवासी अनिल जायसवाल (25) पुत्र मोती लाल की नेपालगंज में एक कैसिनो के पास सड़क पर एक बस ने कुचल दिया। घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। यह युवक दो दिन पूर्व घर आया था और सोमवार शाम को वापस नेपाल गया था। और कैसिनो के बाहर सड़क पर मोबाइल से किसी से बात कर रहा था। अचानक विपरीत दिशा से निकली बस ने कुचल दिया।

यह युवक डिवाइडर के पास खड़ा था और नेपाल में ही रहकर कार्य कर रहा था। अपने परिवार में पांच भाई और दो बहनों थी भाईयों में सबसे छोटा था। एक वर्ष पहले यह रिसिया में मोबाइल रिपेयरिंग शाप चलाता था। पिता की मौत के बाद इसने नेपाल का रुख किया था,वहीं से अब मौत की खबर आई है।

## गन्ना किसानों के लिए खुशखबरी अप्रैल तक होगी पेराई

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** मैजा पुर चीनी मिल के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विकास परिषद मैजापुर ने किसानों को अगाह कराया है कि पेराई योग्य गन्ने की आपूर्ती होने तक मिल को बंद नहीं किया जाएगा। आवश्यकता अनुसार चीनी मिल को माह अप्रैल तक संचालित कराई जाएगी। जिन किसानों पास अभी भी गन्ना खड़ा हुआ है। जिसकी खड़े गन्ने का संयुक्त रूप से सर्वे कराकर फीडिंग की जा रही हैं। अगर किसी किसान की खतौनी, बैंक खाता,मोबाइल नंबर, आधार फीड नहीं है। उन किसानों का नियमानुसार सुधार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बारिश होने से गन्ने की फसल की सिंचाई हो गई है।अच्छी पैदावार हेतु किसान को अपने खेतों में 10 किलो यूरिया प्रति बीघा गन्ने की लाइनों में डाल दें।और बुवाई का सत्र भी चल रहा है। कीटनाशक दवाइयों पर 50 प्रतिशत छूट दी जा रही है।

# प्रधान ने नियम को ताक पर रख तोड़वाई दीवार

**सचिव व बीडीओ को नही है निर्माण की जानकारी**

**सीडीओ बोले जांच कराकर होगी कार्रवाई**




**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज।**

विकास क्षेत्र बिशेश्वरगंज के ग्राम पंचायत मझवा बनकट के प्रधान प्रतिनिधि रईस अली द्वारा नियमों का उलंघन कर विकास की लीपा पोती की जा रही है।ज्ञातव्य हो कि ग्राम प्रधान द्वारा पंचायत भवन की चार दिवारी को तोड़वाकर उसी कैंपस में कोई दूसरा भवन बनवाया जा रहा है ग्राम सचिव व बीडीओ को उपरोत कार्य की जानकारी नहीं है।

ग्राम प्रधान से पंचायत भवन टूटने के संबंध में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया किसी ट्रैक्टर ट्राली द्वारा पंचायत भवन की दीवार तोड़ दी गई थी। अब प्रश्न ये उठता है कि टूटी हुई चार दिवारी की मरम्मत के लिए कोई कार्ययोजना बनाई गई ,टूटने की कोई विज्ञप्ति जारी हुई या सभी नियमों का उलंघन कर ग्राम प्रधान द्वारा मनमानी कर नया निर्माण शुरू कर दिया गया है।इसका जवाब किसी के पास नही है। पंचायत भवन के कैंपस में कोई दूसरा निर्माण किस नियम से हो रहा है,के जवाब में ग्राम प्रधान ने बताया कि पंचायत भवन की जमीन सुरक्षित नहीं होती। उपरोक्त के संबंध में खंड विकास अधिकारी सर्वेश तिवारी ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। इस संबंध मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर ने बताया कि उपजिलाधिकारी से जांच करवाकर कार्यवाही की जाएगी।

**बयान** | **पूरा देश बोल रहा मोदी का परिवार: विधायक**

# भाजपा विधायक ने लालू व राहुल पर किया वार, सरकार की बताई उपलब्धियां

**बहराइच। समृद्धि न्यूज**



भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह की ओर से मंगलवार को तेजवापुर ब्लॉक में प्रेस वार्ता की गई। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान विधानसभा के साथ जिले में किए गए विकास कार्यों के बारे में बताया। एक सवाल के जवाब में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता लालू यादव पर वार किया। जिले के तजवापुर विकासखंड में मंगलवार को महसी के भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह की ओर से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। भाजपा सरकार की उपलब्धि बनाने के लिए आयोजित प्रेस वार्ता क्षेत्र में बने सड़क, पुल और पुलिया निर्माण के बारे में बताया। विधायक ने कहा कि जिले के लोगों को काफी मात्रा में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास मिला है। उन्होंने कहा कि सभी का विकास बिना भेदभाव के हो रहा है। आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव के पीएम मोदी पर दिए गए बयान पर विधायक ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 मैं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी को चौकीदार है कर कह दिया, पूरे देश ने अपने आप को चौकीदार बताते हुए समर्थन दे दिया। अब लाल यादव ने जो बयान दिया, उसे पर देश के लोग खुद जवाब दे रहे हैं। पूरे देश के लोगों कहना है कि वह मोदी के परिवार के हैं। प्रधानमंत्री मोदी मेरे परिवार के हैं। ऐसे में जनता खुद जवाब दे रही है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख रमाकर पांडेय, भरत पांडेय ददुआ समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**जिला पंचायत अध्यक्ष ने सरकार की गिनाई उपलब्धियां:** जिले के रिसिया विकासखंड में मंगलवार को विकसित भारत को लेकर ब्लाक सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह रही। वही मुख्य अतिथि की ओर से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। भाजपा सरकार की उपलब्धि बनाने के लिए आयोजित प्रेस वार्ता क्षेत्र में बने सड़क, पुल और पुलिया निर्माण के बारे में बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जिले के लोगों को काफी मात्रा में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास मिला है। उन्होंने कहा कि सभी का विकास बिना भेदभाव के हो रहा है। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक डॉ राजू निगम, पूर्व चेयरमैन राजेश निगम, पूर्व चेयरमैन नीरू श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह, हेमंत वर्मा, बृजेश निषाद, महामंत्री मनोज सिंह अनिल सिंह अरविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका प्रकरणः पीड़ित परिवार पहुंचा एसपी के द्वार

- पूर्व में लग चुका है रंगदारी मांगने का आरोप
- जिले में संचालित सरकारी स्टैंडों पर होती है अवैध वसूली

**आशीष नंद शुक्ला**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** सूबे की कमान एक सन्यासी के हाथ में है जिसका उद्देश्य समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है और भयमुक्त समाज की स्थापना करना है। समाज में कुछ ऐसे अराजक तत्व मौजूद है जो मुख्यमंत्री की मनसा पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं। समाज में अराजकता और भय फैलाने में लगे हुए हैं। सरकार ऐसे शातिर अराजकतत्वों के ऊपर लगातार कार्यवाही भी कर रही है। इस तरह के अपराधियों की उपज तभी होती है जब उन्हें सत्ता पक्ष के लोगों का संरक्षण प्राप्त हो। बीते कुछ दिन पहले पीडब्ल्यूडी कांड हुआ था जिसमें पीड़ित आनंद तिवारी के ऊपर हमला हुआ था उसकी गाड़ी तोड़ दी गई थी और रंगदारी मांगने का आरोप पीड़ित के द्वारा लगाया गया था। मामला काफी सुर्खियों में आया था, इसकी गूंज विधानसभा तक गई थी। जिसमे नीरज सिंह को मुख्य आरोपी बनाया गया था। रायबरेली पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए नीरज सिंह को जेल भेज दिया था।

**सरकारी टेंडर को लेकर मुख्यमंत्री का स्पष्ट है आदेश उसके बाद भी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए कहा कि किसी भी गुंडे माफिया या बाहुबलियों को सरकारी टेंडर ना दिया जाए। क्योंकि उनके द्वारा बाहु बल का उपयोग करते हुए समाज में अराजकता फैलाने का काम किया जाता है। उसके बाद भी अगर देखा जाए तो सरकारी टेंडर की प्रक्रिया में कहीं ना कहीं ऐसे लोग शामिल होते है जो भयमुक्त समाज बनाने का काम करते है।

**सरकारी टेंडर को लेकर लगा धमकाने का आरोपः** पुलिस अधीक्षक की चौखट पर आज एक महिला पहुंची और उसने कहा कि मेरे पति के द्वारा पहली बार टैक्सी स्टैंड को लेकर एक टेंडर डाला गया था। महिला के मुताबिक नीरज सिंह और उनके साथियों के द्वारा मेरे पति को धमकाया गया और साजिश के तहत कोतवाली में बैठकर अपराधी अपराधी बनाने की कोशिश की जा रही है।

महिला ने पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंचकर यह भी आरोप लगाया कि और उनकी टीम के द्वारा यह कहा गया कि मेरे पति ने रंगदारी मांगने की कोशिश की गई। जबकि नीरज सिंह को एक सरकारी गनर प्राप्त है जो उनकी सुरक्षा में हमेशा तैनात रहता है तो इस बात को कैसे मान लिया जाए कि उनके सामने मेरे पति के द्वारा पिस्टल दिखाकर रंगदारी मांगने की कोशिश की गई। कहीं सत्ता के दबाव में पुलिस भी जांच में झोल तो नहीं कर रही बड़ा सवाल फिरहाल आने वाला समय बताएगा।

# संदेशखाली विवाद पर ममता सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी का फूंका पुतला

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सैकडो कार्यकर्ताओं ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर पश्चिम बंगाल में ममता सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए संदेहखाली में महिलाओं के साथ हो रहे जघन्य अपराधों के संदर्भ में न्याय हेतु मांग की वही ममता सरकार के कार्यकर्ताओं पर भी जमकर सवाल खड़े किए। पश्चिम बंगाल में बीते कई वर्षों से लगातार ममता बनर्जी की सरकार बनती है लेकिन जिस तरह से संदेहखाली का मामला निकल कर सामने आया है उसके बाद से ममता सरकार पर कई सवाल खड़े हो गए बीते दिनों पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आनंद बोस के संदेश खाली दौरे पर जाने के बाद वहां की हकीकत सामने आई जिसके बाद आज पूरे देश में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आंदोलन कर रहा है वही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने संदेश खली के पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच केंद्रीय एजेंसी के द्वारा कराए जाने की मांग की है संदेश खाली में महिलाओं के ऊपर हुई हिंसा एवं दुराचार की घटनाओं की वास्तविकता को निर्भयता पूर्वक शासन प्रशासन एवं न्यायिक संस्थाओं तक पहुंचाने हेतु हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराया।



## कंपोजिट विद्यालय को चोरों ने बनाया निशाना

**बछरावां,रायबरेली।** कंपोजिट विद्यालय में चोरों ने तोड़ा ताला, बच्चों का मिड डे मील सहित खेल का सामान किया पार जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की पूरी घटना थाना क्षेत्र के अंतर्गत जीगो कंपोजिट विद्यालय की है, जहां बीते सोमवार की रात चोरों ने तीन स्मार्ट कक्षाओं सहित भंडारण कमरे का ताला तोड़कर बच्चों के मिड डे मील का एवं खेल का सामान गायब कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा ने स्थानिक कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन इस घटना को संज्ञान में लेते हुए सख्त से सख्त कार्यवाही करें इसी कड़ी में विद्यालय के इंचार्ज हेडमास्टर शालिनी अवस्थी ने बताया कि चोरी की घटना में चार बोरी राशन, खेल का सामान और बर्तन गायब हुए हैं इस मौके पर कोतवाली प्रभारी बृजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है जांच कर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## रेलवे ट्रैक पर मिला किशोरी का शव

**रायबरेली।** जगतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऊंचाहार-रायबरेली रेलवे खंड पर बन पुरवा के पास शौचक्रिया के लिए गई एक किशोरी का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मुराइन के पुरवा मजरे बेनी कामा की रहने वाली साक्षी पुत्री आदित्य कुमार मौर्य मंगलवार सुबह शौच क्रिया के लिए गई थी। काफी देर तक घर वापस न आने पर घर वालों तथा ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू कर दी, तब थोड़ी देर बाद पता चला कि उसका शव बनपुरवा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। बेटी के मौत के बाद पिता और मां का रो रोकर बुरा हाल है। एसओ बबिता पटेल ने बताया कि शौच क्रिया के लिए गई किशोरी ट्रेन की चपेट में आ गई है। जिससे उसकी मौत हो गई शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# ड्यूटी के दौरान बीमारी से हुई जवान की मौत

**डलमऊ, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



भदोखर थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे अस्तबल मजरे उत्तरपारा गांव निवासी प्रेमचंद मौर्य उम्र लगभग 56 वर्ष पुत्र देवता दीन सीआरपीएफ में असम के सिलचर में सिपाही के पद पर तैनात था, 3 मार्च को किडनी की बीमारी के चलते जवान की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई मंगलवार को जवान का पार्थिव शरीर सीआरपीएफ के जवानों के द्वारा राजकीय सम्मान के साथ डलमऊ के श्मशान घाट पर लाया गया जहां पर जवान के पुत्र नितिन ने अपने पिता को मुखाग्नि देकर नम आंखों से अंतिम संस्कार किया वहीं जवान की मौत की खबर सुनते ही जवान की पत्नी नीलम वा माता रामपति का रो-रो कर बुरा हाल है जवान के एक पुत्र और एक पुत्री है जिसमें से पुत्री निशा की शादी हो गई जवान के पुत्र नितिन कुमार पढ़ाई कर सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा है।

**नेवी से सेवानिवृत्ति था जवान** सीआरपीएफ जवान प्रेमचंद नेवी में तैनात था जहां पर जावान ने अपनी 17 वर्ष तक सेवा प्रदान की थी इसके बाद सन 2001 में नेवी से सेवानिवृत होने के बाद सन 2003 में सीआरपीएफ में जवान तैनात हुआ था, जवान अपनी पुत्री का विवाह 1 वर्ष पूर्व ही किया था।

**डलमऊ तहसील प्रशासन था नदारतः** डलमऊ कस्बे के श्मशान घाट पर सीआरपीएफ के जवानों द्वारा राजकीय सम्मान के जावान के पार्थिव शरीर को साथ लाया गया वहीं पर सीआरपीएफ के जवानों ने पार्थिव शरीर को नाम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की इस 1 घंटे के कार्यक्रम में डलमऊ तहसील प्रशासन नदारत रहा इस वजह से लोगों के द्वारा प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त रहा जवान का पार्थिव शरीर लखनऊ सीआरपी कैंपस के असिस्टेंट कमांडर सुनील कुमार यादव, इंस्पेक्टर मनोज कुमार, सिपाही राजीव कुमार ,आशीष सिंह ,सूरज, इब्राहिम सहित आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# एबीएसए ने मृतक शिक्षा मित्र के परिजनों को सौंपी चेक



**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

बीते दिवस प्राथमिक विद्यालय इचौली द्वितीय में तैनात शिक्षामित्र राजेंद्र कुमार की 22 फरवरी को सड़क दुर्घटना में मौत हो गईद्य परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों, अनुदेशकों शिक्षामित्रों ने मृतक के परिजनों को ढाढस बनाने के लिए करीब 2 लाख 67000 की सांत्वना राशि खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा ने शिक्षकों द्वारा एकत्रित मृतक राजेंद्र कुमार की पत्नी जानकी देवी को चेक के माध्यम से प्रदान कीद्य खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि राजेंद्र कुमार का निधन शिक्षक परिवार के लिए अपूरणीय क्षति हैद्य उनके द्वारा प्रदान की गई इस सांत्वना से उनके दुख को कम तो नहीं किया जा सकता है, किंतु भौतिक एवं दैनिक आवश्यकताओं में कुछ सहयोग अवश्य मिलेगाद्य इस कार्य मे प्राथमिक विद्यालय बछरावां के हेड मास्टर बुद्धि प्रकाश अवस्थी, कंपोजिट विद्यालय मैनाहार कटरा के हेडमास्टर वेद प्रकाश शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका रहीद्य इस मौके पर शिक्षक आलोक शुक्ला, अमन शुक्ला, दिलीप यादव, प्रमोद कुमार, कुलदीप वर्मा, शिखा शुक्ला, अर्चना मिश्रा, ज्योति पटेल, पुनीता पांडे, शांति यादव, शुभी श्रीवास्तव, कंचन सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अनुदेशक उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

**रायबरेली।** रेलवे ट्रैक पर एक 23 वर्षीय युवक का छत विछत शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची जीआरपी आरपीएफ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु भेज दिया हैं। और जांच पड़ताल में जुट गई है। आपको बता दे कि मंगलवार को सुबह करीब 7:00 बजे रायबरेली जनपद के मिल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे मूडू का पुरवा रांघनपुर में श्यामू पुत्र पप्पू 23 वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में छत-विछत शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची मिल एरिया थाने की पुलिस तथा जीआरपी व आरपीएफ ने छत विछत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु भेज दिया और घटना की जांच पड़ताल में जुड़ गई है ग्राम प्रधान राजीव कुमार जायसवाल के मुताबिक रात में खाना खाकर बाहर निकाला था जिसका सुबह करीब 7:00 बजे गांव के पास में ही रेलवे ट्रैक पर शव मिला है घटना की पुलिस गहनता से जांच पड़ताल में जुड़ गई है।मृतक युवक के पास से पुलिस ने मोबाइल व अन्य सामान भी बरामद किया है।

### सिलेंडर चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**लालगंज,रायबरेली।** लालगंज पुलिस ने सिलेंडर चोरी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया जानकारी के अनुसार सोमवार को कोरिहरा निवासी अतुल सिंह पुत्र स्व0 रुद्रपाल सिंह के घर से 2 सिलेंडर चोरी होने की सूचना पुलिस को दी थी। चोरी की सूचना पर पुलिस ने चोरों की खोजबीन शुरू कर दी थी मंगलवार को पुलिस ने डलमऊ ओबर ब्रिज के पास से अभियुक्त मनोज गुप्ता पुत्र स्व0 केदारनाथ निवासी गुरुबक्शगंज चौराहा थाना लालगंज को चोरी के 02 सिलेण्डर सहित गिरफ्तार कर स्थानीय थाना पर धारा 380/411 के तहत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया ।

### शिवगढ़ रजबहा में अधेड़ अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप

**शिवगढ़,रायबरेली।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नहर में अधेड़ अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र मे हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से निकाल कर पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए पीएम के लिए भेज दिया जानकारी के मुताबिक मंगलवार की शाम शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवगढ़ रजबहा में कुर्मिन पालिया गांव के पास एक अधेड़ अज्ञात व्यक्ति का शव बहता हुआ दिखाई देने से आस पास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया ग्रामीणों ने इसकी सूचना शिवगढ़ पुलिस को दी सूचना पर पहुंची शिवगढ़ पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से निकालकर पंचायत नामा की कार्यवाही करते हुए शव को पीएम के लिए भेज दिया वही इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवगढ़ अरविंद सिंह ने बताया कि अधेड़ अज्ञात व्यक्ति का शव नहर में मिलने की जानकारी हुई थी मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है कोई शिनाख्त नहीं हो पाई है जांच पड़ताल की जा रही है।

# महिला ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

**महराजगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



महिला ने दिया उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सुधा मिश्रा पत्नी अनंत कुमार निवासिनी ग्राम पारा खुर्द थाना शिवगढ़ जिला रायबरेली ने एसडीएम महराजगंज को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थिनी के सहन की जमीन पर विमल कुमार पुत्र स्वर्गवासी लक्ष्मीकांत मोनिका मोनी पत्नी विमल कुमार राम भरत पुत्र उमेश कुमार राजू पुत्र बैरागी आशीष त्रिवेदी पुत्र लल्लन त्रिवेदी अंशुमन उर्फ अंशु पुत्र रमेश कुमार व उमेश कुमार पुत्र मुन्ना लाल निवासी ग्राम पारा खुर्द थाना शिवगढ़ जिला रायबरेली द्वारा विमल कुमार के साथ मिलकर थाना पुलिस के अनुचित सहयोग से महोदय द्वारा बार-बार यथा स्थिति कायम रखने व 145 की आख्या भेजे जाने हेतु आदेशित किया जाने के बावजूद दिनांक 24 25 की रात मजदूरों व कारीगरों द्वारा प्रार्थिनी को अपनी जमीन पर आवागमन रोकने हेतु पक्की ईंटों की दीवार बना दिए हैं और अब लगातार प्रार्थनी व उसके बच्चों को जान से मार देने की धमकी देते हुए गाली गलौज करते हैं ।थाने की पुलिस विपक्षीजन से मिली है ।जिसके कारण उनका अनुचित बचाव करने हेतु झूठी आख्या प्रेषित कर गुमराह करती है। पूर्व में कई बार 151 / 107/ 116 सीआरपीसी की कार्रवाई कबजेदारी को लेकर हो चुकी है।

सुधा मिश्रा ने उप जिला अधिकारी राजितराम गुप्ता से प्रार्थना करते हुए कहा स्वयं मामले का संज्ञान लेकर विपक्षीगणो को नियमानुसार तलब कर अवैध हस्तक्षेप निर्माण को तत्काल हटवाने की कृपा करें।

## पुलिस ने एरिया डोमिनेशन का किया रूट मार्च

**बछरावां,रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन में उप जिला अधिकारी महाराजगंज व क्षेत्राधिकारी महाराजगंज द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए थाना बछरावां क्षेत्र के अंतर्गत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस तथा पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ एरिया डोमिनेशन रूट मार्च निकाला गया ताकि यह जांच परख की जा सके की चुनाव को लेकर लोग कितना जागरुक है और शांति एवं कानून व्यवस्था किस प्रकार चुस्त दुरुस्त है।

**सूचना**

मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम NOOR JAHA व जन्मतिथि 01/07/1961 तथा पिता का नाम HAWALDAR AHMAD व जन्मतिथि 01/07/1956 जो गलत अंकित हो गई है, जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरी माता का नाम NURJAHAN व जन्मतिथि 15/07/1969 तथा पिता का नाम HAWALDAR AHMED व जन्मतिथि 08/12/1962 दर्ज है, जो सही है। जिसमें मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाये।
**आर्मी नम्बर 3002333N**
**हवलदार असलम अली**

**शुद्धि पत्र**

कार्यालय ग्राम पंचायत महलई विकास खण्ड बढ़पुर की निविदा दिनांक 5 मार्च 2024 को निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा की प्रकाशित की गई थी। जिसमें भूलवश वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत महलई की जगह ललई प्रकाशित हो गया। जिसे महलई ही पढ़ा जाये।

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-43, कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज**

**उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) फर्रुखाबाद (मुख्यालय कन्नौज)**
**(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**
**पता- निकट पी0डब्लू0डी0 आफिस, गोल कुँआ, तिर्वा रोड, कन्नौज-209727**
Mobile No. 9452532461, 8543931200 Email :-pm43fbd@gmail.com
पत्रांक : 357/ ई-निविदा / 86 दिनांक : 24.02.2024

**ई-प्रीक्योरमेंट सूचना**

अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश जल निगम, की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा **जनपद फर्रुखाबाद की पुलिस लाइन में ट्रांजिट हॉस्टल (जी+12) के निर्माण के अन्तर्गत 125 के0वी0ए0 डी0जी0 सेट एवं 500 के0वी0ए0 ट्रांसफार्मर की सप्लाई, एवं इन्सटालेशन एवं तत्सम्बन्धी कार्य की दरों** हेतु सी0एण्ड डी0एस0 में यथोचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 06.03.2024 के अपरान्ह 15:00 बजे तक ई-प्रीक्योरमेंट आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु ई-प्रीक्योरमेंट प्रपत्र दिनांक 26.02.2024 से दिनांक 06.03.2024 के मध्य उत्तर प्रदेश सरकार की e-procuremet वेबसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते है तथा ई-प्रीक्योरमेंट दिनांक 06.03.2024 को अपरान्ह 17:00 बजे कार्यालय परियोजना प्रबंधक, यूनिट-43, सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) फर्रुखाबाद मुख्यालय -कन्नौज में निविदा खोली जायेगी। ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 2000.00+ GST(18%) अतिरिक्त देय होगा।

निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइट www.cdsupjn.org एवं ई-प्रीक्योरमेंट पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। समस्त शुद्धि पत्र (Corrigendum) https://etender.up.nic.in पर ही अपलोड किये जायेंगे, **इनका पृथक से कोई प्रकाशन नहीं किया जायेगा।** निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उक्त वेबसाइट का समय-समय पर अवलोकन करते रहें।

**(कौशलेन्द्र राठौर)**
**परियोजना प्रबन्धक**

## रोजगार मेले में 151 अभ्यर्थी हुए चयनित

**रायबरेली।** जनपद में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अन्तर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान से विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन विकास खण्ड राही के प्रांगण में किया गया। इस रोजगार मेले में कई निजी कम्पनियों मदरसन सूमी प्रालि, लेन्सकार्ट, पुखराज हेल्थकेयर एवं डॉन बास्को द्वारा बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार कर रोजगार प्रदान किया गया। मेले में कुल 296 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें से 151 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी गौरी राठौर, जिला कौशल प्रबन्धक धर्मेन्द्र मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक दिनेश पाल एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## झोपड़ी में लगी आग सारा सामान जलकर खाक

**शिवगढ़,रायबरेली।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक किसान की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई आस पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू न पाया जा सका जिससे झोपड़ी में रखा सारा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया एवं एक बछड़ा भी आग की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे राजाराम मजरे देहली के रहने वाले संजय अपने खेतों में झोपड़ी बनाकर परिवार के साथ जीवन यापन करते थे मंगलवार की दोपहर उनका पूरा परिवार खेतों में काम कर रहा था तभी अचानक उनके झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई आस पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू न पाया जा सका और झोपड़ी में रखे नगदी तीन हजार रूपए ,अनाज ,घरेलू उपयोगी सामान साइकिल एवं रिक्शा भी जलकर खाक हो गया वही झोपड़ी के नीचे बंधा एक बछड़ा भी आग की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई वही इस मामले में जानकारी देते हुए हल्का लेखपाल ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर आग से हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट बनाकर तहसील को भेज दी गई है।

**कार्यालय ग्रा0पं0 महलई विकास खण्ड बढ़पुर, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ पंचम वित्त/15वां वित्त टेण्डर प्रकाशन/2023-24 दिनांक 05/03/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत महलई द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06/03/2024 से 12/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | अनु0 लागत (लाख में) | जमानत धनराशि | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेशकार के मकान से सूरजपाल के मकान तक इंटरलाकिंग कार्य | पंचम वित्त/ 15वां वित्त | बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार | 6.77 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का जी.एस.टी. व आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान- (हरीशचन्द्र राजपूत) ग्राम पंचायत महलई, बढ़पुर फर्रु0 सचिव-(प्रभात यादव)**

**कार्यालय ग्रा0पं0 बर्ना बुजुर्ग वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2023-24 दिनांक 05/03/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बर्ना बुजुर्ग विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 06/03/2024 से 12/03/2024 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12/03/2024 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 06/03/2024 से 12/03/2024 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | सीसी रोड से नरेश डॉक्टर के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.85 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (सरिता देवी) सचिव (लक्ष्मी लता गौतम)**
**ग्राम पंचायत बर्ना बुजुर्ग विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।**

# धूमधाम से मनाया जायेगा महाशिवरात्रि पर्व




**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से महाशिवरात्रि पर्व मनाया जायेगा। महाशिवरात्रि के पर्व को धूम धाम से मनाए जाने को लेकर कमेटी के सदस्यों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी है। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा जगमोहेनेश्वर महादेव की विशाल शिव बारात को लेकर चंद्रापुर के राजा हर्सेंद सिंह उर्फ छोटे राजा द्वारा एक प्रेस वार्ता की गई जिसमें छोटे राजा ने बताया कि उनके पूर्वज राजा जगमोहन सिंह द्वारा 115 वर्ष पूर्व जगमोहनेश्वर महादेव के प्राण प्रतिष्ठा वाराणसी के विद्वान आचार्य द्वारा तांत्रोक्त विधि द्वारा कराई गई थी । कार्यक्रम व्यवस्था प्रभारी प्रज्ञा रतन मिश्रा ने बताया कि शिवरात्रि का पावन पर्व पर 4:00 बजे से जलाभिषेक आरंभ हो जायेगा इस वर्ष बाबा के दर्शन हेतु 40 फीट ऊंचा दरबार बनाया जाएगा। इसके लिए पश्चिम बंगाल से आए हुए कलाकारों द्वारा काम चालू भी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शिव बारात का स्वागत राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में किया जाएगा। बारात में दिल्ली, बुलंदशहर, प्रतापगढ़ और रायबरेली के प्रसिद्ध डीजे बैंड बाजा रहेंगे। इस मौके पर दो गरीब कन्याओं का भी विवाह कराया जाएगा। जिसमें वर पक्ष की ओर से राज परिवार के छोटे राजा और छोटी रानी ममता सिंह तथा कन्या पक्ष की ओर से सिमेहंस हॉस्पिटल के डॉक्टर मनीष सिंह चौहान उनकी पत्नी व डॉक्टर बृजेश सिंह सपरिवार रहेंगे । मंटू शुक्ला ने बताया कि बाबा की विशाल बारात उसके बाद नगर भोज , जागरण आदि का कार्यक्रम विगत वर्षों की तरह इस बार भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः 1710/न0पा0परि0का0/ 2023-24 दिनांक 04/03/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद कायमगंज 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत टाइड ग्रान्ट की प्रथम किश्त से प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित आपूर्ति कार्य कराना चाहती है, जिसके लिए नगर पालिका परिषद कायमगंज समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद निविदा के माध्यम से दिनांक 12.03.2024 तक समय 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। आगणन धनांक की 2 प्रतिशत जमानत राशि एवं निविदा मूल्य हेतु नकद/आर0टी0जी0एस0/एफ0डी0आर0 के माध्यम से जमा करना होगा। बिना धरोहर राशि के कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में संयुक्त रुप निहित होगा। सीलबंद निविदा डालने का दिनांक 05.03.2024 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक है। निविदा खोलने का दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे निश्चित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | मद | विवरण | आपूर्ति हेतु मात्रा | दर/कुन्टल | कुल अनुमानित लागत | 2 प्रतिशत जमानत/ धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत | एप्रिन | 200 | 320/पीस | 64000 | -- | -- | -- |
| 2 | | फिनायल | 180 | 75/पीस | 13500 | -- | -- | -- |
| 3 | | हारपिक | 90 | 150/पीस | 13500 | -- | -- | -- |
| 4 | | तेजाब | 180 | 75/पीस | 13500 | -- | -- | -- |
| 5 | | वूड कटर मशीन | 3 | 14866/पीस | 44598 | -- | -- | -- |
| 6 | | तसला | 100 | 190/पीस | 19000 | -- | -- | -- |
| 7 | | फावड़ा | 100 | 270/पीस | 27000 | -- | -- | -- |
| | कुल योग (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित) | | | | 195098 | 3902 | 200 | 7 दिन |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज फर्रुखाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज फर्रुखाबाद।**

## असुरक्षित आधी आबादी

झारखंड में ब्राजील की एक महिला पर्यटक के साथ हुए कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार की घटना से पूरे देश का सिर शर्म से झुक जाना चाहिए। हालांकि मौजूदा माहौल को देखते हुए लगता नहीं कि बलात्कार के एक और मामले पर देश में बैठी सरकार और पूरा समाज यह विचार करेगा कि आखिर इस नैतिक पतन के कारण क्या हैं। फिलहाल इस गंभीर अपराध का विश्लेषण या तो अतिथि देवो भव के दायरे में किया जा रहा है, या फिर इसे झारखंड सरकार की अपराध को रोकने की नाकामी के तौर पर देखा जा रहा है। झारखंड में पिछले महीने ही हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद भाजपा ने सरकार पलटने की कोशिश की, लेकिन उसमें उसे नाकामी मिली और चंपई सोरेन ने झामुमो और कांग्रेस की गठबंधन सरकार को बचा लिया। अब इस घटना के बाद भाजपा झारखंड की कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रही है। साफतौर पर बलात्कार जैसे गंभीर अपराध के राजनीतिकरण की यह बेहूदा कोशिश है। भाजपा को सवाल उठाने ही हैं तो केवल अपने विरोधी दल की सरकार पर न उठाए, बल्कि पूरे समाज पर उठाए कि आखिर क्या वजह है कि भारत में किसी भी उम्र, जाति और धर्म की लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं। देश की आधी आबादी खुलकर न जी पा रही है, न सांस ले पा रही है, तो क्या इसे सामान्य माना जा सकता है। हम चाहें मंगल पर झंडे गाड़ लें या चांद पर चहलकदमी कर आएं, अगर लड़कियों को धरती पर बेखौफ घूमने नहीं दे सकते, तो फिर विकास और गुरुता की सारी दलीलें बेकार हैं। ब्राजील की जिस महिला के साथ सामूहिक बलात्कार का शर्मनाक कांड हुआ, वह जानकारी में इसलिए आ गया क्योंकि पीड़िता ने अपने पति के साथ मिलकर खुद इस घटना की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए साझा की। यह दंपती मोटर साइकिल से विश्व भ्रमण पर निकला है और अब तक 1 लाख 70 हजार से ज्यादा किमी का सफर अपनी-अपनी मोटर साइकिलों से करते हुए झारखंड पहुंचा था। 66 देशों से गुजरते हुए ये लोग भारत पहुंचे थे और पिछले छह महीनों में अलग-अलग राज्यों से होते हुए झारखंड पहुंचे थे, भारत के बाद उन्हें नेपाल जाना था। झारखंड में सात लोगों ने इन पर तब हमला कर दिया, जब ये अपने शिविर में सो रहे थे। पीड़िता के मुताबिक अपराधियों ने इनके साथ मारपीट की, उनका कुछ सामान भी लूटा, लेकिन उनका असली मकसद बलात्कार करना था, जिसे चाकू की नोंक पर उन्होंने किया। इस घटना की जानकारी उन्होंने स्थानीय पुलिस को दी, लेकिन भाषा की दिक्कत के कारण शुरुआती कार्रवाई में दिक्कत आई, बाद में गूगल ट्रांसलेशन की मदद से पीड़िता ने आपबीती बताई। झारखंड पुलिस ने उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया है और अब तक चार आरोपियों को पकड़ा जा चुका है, जबकि तीन की तलाश बाकी है। इस घटना के बाद कई लोगों ने नाराजगी प्रकट करते हुए याद दिलाया कि हमारी संस्कृति अतिथि देवो भव की है। यह बिल्कुल सही है कि हमारी संस्कृति में अतिथि को देवता की तरह माना गया है। यहां यह भी याद किया जाना चाहिए कि हमारी संस्कृति में नारी को देवी का दर्जा भी दिया गया है। लेकिन संस्कृति की बातों और समाज के संस्कारों में अब जमीन-आसमान का अंतर दिख रहा है। यह पहली बार नहीं है जब किसी विदेशी महिला के साथ ऐसा व्यवहार हुआ है। अभी पिछले साल दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में एक जापानी महिला के साथ 3 लड़कों ने जबरदस्ती होली खेली थी। इस घटना से परेशान होकर महिला भारत छोड़कर बांग्लादेश चली गई। 11 मार्च को उसने इस पूरी घटना के बारे में कई ट्वीट किए थे।

**हमारे देश का आम चुनाव विश्व का सबसे बड़ी लोकतांत्रिक गतिविधि है, यह व्यापक रुप से धन से संचालित होने वाली प्रक्रिया है, इस दौरान काले धन की बड़ी गठरियाँ भी खुलती हैं, चंदा लेने की व्यवस्था काले पर्दों से ढंकी हुई है। लोकसभा चुनाव में 543 सीटों के लिए करीब आठ हजार प्रत्याशी लड़ते हैं, तीस से पचास हज़ार करोड़ रुपए की धनराशि प्रचार पर खर्च होती है, शायद इससे भी अधिक। राजनीतिक दलों का खर्च अलग है, जो पैसा चुनाव के दौरान खर्च होता है, उसमें काफ़ी बड़ा हिस्सा काले धन के रूप में होता है, अब प्रश्न है कि ये काला धन कहां से और क्यों आता है? अधिकतर प्रत्याशी चुनाव खर्च को कम करके दिखाते हैं, चुनाव आयोग के सामने दिए गए खर्च के ब्यौरों को देखें तो पता चलेगा कि किसी प्रत्याशी ने खर्च की तय सीमा पार नहीं की।**

# सुप्रीम कोर्ट के चुनावी चंदे पर चाबुक के मायने

इन्द्र दमन तिवारी




**उच्चतम न्यायालय ने राजनीतिक दलों को चुनावी चंदे की व्यवस्था यानी इलेक्टोरल बॉन्ड को असवैधानिक करार दिया है, अदालत ने चुनावी बॉन्ड की बिक्री पर रोक लगा दी है, सीजेआई के नेतृत्व में पांच जजों की संविधान पीठ ने इस विषय में 15 फरवरी को फैसला सुनाया, पहले नवंबर 2023 में संविधान पीठ ने लगातार तीन दिन तक दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। योजना के अवैध घोषित होने के बाद अब बड़ा सवाल ये है कि देश में राजनीतिक चंदे की व्यवस्था को किस तरह से संचालित किया जाए?**

राजनीतिक दलों ने 2022-23 में चंदे के विषय में चुनाव आयोग को जो जानकारी दी थी, उसके अनुसार भाजपा को 719.8 करोड़ रुपये मिले थे, भाजपा को 2021-22 में 614.5 करोड़ रुपये चंदा मिला था। प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने बीजेपी को 254.7 करोड़ रुपये चंदा दिया था (कुल चंदे का 35 प्रतिशत)। कांग्रेस को 2022-23 में कुल 79.9 करोड़ रुपये चंदा मिला, 2021-22 की तुलना में उसे 16.3 फीसदी कम चंदा मिला। 2021-22 में कांग्रेस को 95.4 करोड़ चंदा मिला था।

हमारे देश का आम चुनाव विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक गतिविधि है, यह व्यापक रुप से धन से संचालित होने वाली प्रक्रिया है, इस दौरान काले धन की बड़ी गठरियाँ भी खुलती हैं, चंदा लेने की व्यवस्था काले पर्दों से ढंकी हुई है। लोकसभा चुनाव में 543 सीटों के लिए करीब आठ हजार प्रत्याशी लड़ते हैं, तीस से पचास हज़ार करोड़ रुपए की धनराशि प्रचार पर खर्च होती है, शायद इससे भी अधिक। राजनीतिक दलों का खर्च अलग है, जो पैसा चुनाव के दौरान खर्च होता है, उसमें काफ़ी बड़ा हिस्सा काले धन के रूप में होता है, अब प्रश्न है कि ये काला धन कहां से और क्यों आता है? अधिकतर प्रत्याशी अपने चुनाव खर्च को कम करके दिखाते हैं, चुनाव आयोग के सामने दिए गए खर्च के ब्यौरों को देखें तो पता चलेगा कि किसी प्रत्याशी ने खर्च की तय सीमा पार नहीं की, जबकि अनुमान है कि सीमा से दस गुना तक अधिक खर्च होता है। जिस काम की शुरूआत ही गोपनीयता, झूठ और छद्म से हो वह आगे जाकर कैसा होगा? छद्म-प्रतियोगिता में जीतकर आए जन-प्रतिनिधि कानून बनाते हैं, चुनाव-सुधार से जुड़े कानून उन्हें ही बनाने हैं।

उच्चतम न्यायालय ने राजनीतिक दलों को चुनावी चंदे की व्यवस्था यानी इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक करार दिया है, अदालत ने चुनावी बॉन्ड की बिक्री पर रोक लगा दी है, मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में पाँच जजों की संविधान पीठ ने इस विषय में 15 फरवरी को फैसला सुनाया, इसके पहले नवंबर 2023 में संविधान पीठ ने लगातार तीन दिन तक दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस योजना के अवैध घोषित होने के बाद अब बड़ा सवाल ये है कि देश में राजनीतिक चंदे की व्यवस्था को किस तरह से संचालित किया जाए? यह प्रश्न आज से नहीं, काफ़ी अरसे से सतत् पूछा जा रहा है। काफी लोग मानते हैं कि चुनावी बॉन्ड योजना गलत थी, पर वे बता नहीं पाते हैं कि किया क्या जाए? एक अरसे से चुनाव आयोग चुनाव के दौरान धन-शक्ति को नियंत्रित करने और चंदे की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की मांग करता रहा है, आयोग ने चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था को भी अपारदर्शी बताया था, केंद्र सरकार के तत्कालीन वित्तमंत्री अरुण जेटली का कहना था कि पारदर्शिता बनाने की दिशा में यह पहला कदम है।

चुनावी बॉन्ड एक वचन पत्र की भांति होता था, जिसे भारत का कोई नागरिक या कंपनी भारतीय स्टेट बैंक की चुनिंदा शाखाओं से खरीद सकती थी और अपनी पसंद के किसी भी राजनीतिक दल को गुमनाम तरीके से दान कर सकती थी। अदालती फैसले के अनुसार यह योजना आयकर अधिनियम की धारा 139 द्वारा संशोधित धारा 29(1) (सी) और वित्त अधिनियम 2017 द्वारा संशोधित धारा 13 (बी) का प्रावधान अनुच्छेद 19(1) (ए) का उल्लंघन है। अदालत ने कहा कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को 2019 से अब तक चुनावी बॉन्ड से जुड़ी पूरी जानकारी देनी होगी, बैंक इन जानकारियों को 6 मार्च तक भारत के चुनाव आयोग को सौंप देगा, चुनाव आयोग इसे 13 मार्च तक आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा, राजनीतिक दल इसके बाद खरीददारों के खाते में चुनावी बॉन्ड की धनराशि वापस कर देंगे। चुनावी बॉन्ड प्रणाली को वर्ष 2017 में एक वित्त विधेयक के माध्यम से पेश किया गया था और इसे जनवरी 2018 में लागू किया गया था, बॉन्ड दानदाता की गुमनामी बनाए रखते हुए पंजीकृत राजनीतिक दलों को दान देने के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं के लिए एक साधन के रूप में कार्य करते थे। एसबीआई एक हजार, दस हजार, एक लाख, दस लाख और एक करोड़ रुपए के बॉन्ड जारी करता था, ब्याज मुक्त ये बॉन्ड धारक द्वारा माँगे जाने पर देय होते थे। भारतीय नागरिक अथवा भारत में स्थापित संस्थाएं इसे खरीद सकती थीं, इन्हें व्यक्तिगत रूप से या संयुक्त रूप से खरीदा जा सकता था। केवल जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल, जिन्होंने पिछले आम चुनाव में लोकसभा अथवा विधानसभा के लिए डाले गए वोटों में से कम से कम एक प्रतिशत वोट हासिल किए हों, चुनावी बॉन्ड हासिल करने के पात्र होते थे। नकदीकरण केवल राजनीतिक दल के अधिकृत बैंक खाते के माध्यम से किया जा सकता था। बॉन्ड की इस व्यवस्था का उद्देश्य यह बताया गया था कि इससे राजनीतिक दलों की फंडिंग में पारदर्शिता में वृद्धि होगी, धन के रूप में प्राप्त दान के उपयोग का खुलासा करने की जवाबदेही बढ़ेगी, नकद लेनदेन में कमी आएगी और दाता की गोपनीयता का संरक्षण होगा।

सरकार ने 2016 और 2017 के वित्त विधेयक के माध्यम से चुनावी बॉन्ड योजना शुरू करने के लिए चार अधिनियमों में संशोधन किया था। ये संशोधन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951, कंपनी अधिनियम-2013, आयकर अधिनियम-1961, और विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम-2010 में 2016 और 2017 के वित्त अधिनियमों के माध्यम से हुए थे। सरकार ने इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को वित्त विधेयक के रूप में सदन में पेश किया था, संसद से पारित होने के बाद 29 जनवरी 2018 को इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम की अधिसूचना जारी की गई थी। **(अध्येता, विधि संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय)**

## विचार

# वंचितों को भी मिले विकास का लाभ

अंजन रॉय

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने शुक्रवार को जारी सकल घरेलू उत्पाद में चौथी तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाकर अर्थशास्त्रियों, विशेषज्ञों और वित्तीय बाजारों को भ्रमित कर दिया है। इन जीडीपी आंकड़ों के जारी होने से अर्थशास्त्रियों और टिप्पणीकारों के बीच यह साबित करने के लिए एक-दूसरे को मात देने का दौर शुरू हो गया है कि वे सांख्यिकीय बाजीगरी और कमियां ढूंढने में कितने अच्छे हैं। इस बार विस्तृत आंकड़ों ने लोगों को चौंका दिया है। आगामी संभावित विकास आंकड़े क्या हो सकते हैं, इस पर अर्थशास्त्री अपना अनुमान और आकलन देते हैं।

यह एक स्थापित खेल बन गया है और समाचार पत्र से लेकर समाचार एजेंसियां और अन्य लोग विकास की संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त करते हैं। यह अब एक मानक खेल है हुआ यह कि कोई भी अपने पूर्वानुमानों में वास्तविक आंकड़ों के करीब नहीं पहुंच सका। लगभग हर अनुमान 6 से 6.5प्रतिशत के बीच था। अब यह अनुमान से कहीं बहुत अधिक 8.4प्रतिशत हो गया है, जैसा कि एनएसओ ने दिखाया है। अब सवाल यह है कि आंकड़ों में इस अन्तर का समाधान कैसे किया जाये? इससे सवाल उठता है कि एनएसओ की गणना कितनी सही है। यह चुनावी मौसम में सिर्फ एक सांख्यिकीय हेरफेर भी हो सकता है। आखिरकार, अगले दो महीनों में आम चुनाव होने वाले हैं और उस दौरान बढ़ती अर्थव्यवस्था सरकार के लिए सहायक साबित होगी। सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था को उच्च विकास पथ पर ले जाने में अपनी सफलता का दावा कर सकती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है।

विकास की गति है और यदि आप किसी बाजार में जाते हैं तो आप इसे अपने चारों ओर देख सकते हैं। दुकानें भरी हुई हैं और भीड़भाड़ है, लोग सामान खरीद रहे हैं, कुछ वर्गों के बीच खर्च करने की होड़ चल रही है। यदि आप मेट्रो ट्रेनों में यात्रा कर रहे हैं, तो आपको अच्छे कपड़े पहने हुए और अच्छे कपड़े पहनने वाले लोग मिलेंगे।

पुराने दिनों के विपरीत, आपको ऐसे बहुत से लोग नहीं मिलेंगे जो वास्तव में बुनियादी न्यूनतम से वंचित हैं। हैव-नॉट्स का पुराना मुहावरा गायब हो गया है और अब टीवी सेटों सहित कोई आकर्षण नहीं रह गया है। मामले की सच्चाई यह है कि अर्थव्यवस्था अपने दम पर है और कोई भी सरकार वास्तव में विकास पथ को काफी आगे नहीं बढ़ा सकती है। यह निश्चित रूप से इसे पटरी से उतार सकता है और खस्ताहाल

**विकास की गति है और यदि आप किसी बाजार में जाते हैं तो आप इसे अपने चारों ओर देख सकते हैं। दुकानें भरी हुई हैं और भीड़भाड़ है, लोग सामान खरीद रहे हैं, कुछ वर्गों के बीच खर्च करने की होड़ चल रही है। यदि आप मेट्रो ट्रेनों में यात्रा कर रहे हैं, तो आपको अच्छे कपड़े पहने हुए और अच्छे कपड़े पहनने वाले लोग मिलेंगे। पुराने दिनों के विपरीत, आपको ऐसे बहुत से लोग नहीं मिलेंगे जो वास्तव में बुनियादी न्यूनतम से वंचित हैं। हैव-नॉट्स का पुराना मुहावरा गायब हो गया है और अब टीवी सेटों सहित कोई आकर्षण नहीं रह गया है। मामले की सच्चाई यह है कि अर्थव्यवस्था अपने दम पर है और कोई भी सरकार वास्तव में विकास पथ को काफी आगे नहीं बढ़ा सकती है। यह निश्चित रूप से इसे पटरी से उतार सकता है और खस्ताहाल अर्थव्यवस्था वाले देश के लिए अभिशाप ला सकता है।**

अर्थव्यवस्था वाले देश के लिए अभिशाप ला सकता है। ऐसा प्रतीत होता है कि महत्वपूर्ण कारक सरकार के कृत्य और अकृत्य हैं जो अर्थव्यवस्था की दिशा निर्धारित करते हैं- अल्पावधि के साथ-साथ दीर्घावधि में भी। दो उदाहरण लीजिये। वर्तमान सरकार द्वारा मुद्रा विमुद्रीकरण का अचानक लिया गया कदम अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका था और इससे ऐसी स्थिति पैदा हो गयी जिसमें खिलाड़ियों का एक बड़ा हिस्सा बुरी तरह प्रभावित हुआ। अर्थव्यवस्था के कुछ हिस्से- मुख्य रूप से अनौपचारिक छोटे पैमाने के खिलाड़ी-रुक गये थे। वह अल्पावधि में था। बाद में अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ लेकिन बहुत कुछ नुकसान हुआ।

दूसरा उदाहरण- दीर्घकालिक नुकसान का-जो अधिक विवादास्पद है और कई लोग इससे इनकार करेंगे। भारत की पूर्व की संरक्षणवादी और अनेक निषेधों वाली अर्थव्यवस्था, जो आर्थिक प्रगति की ऊंचाइयों को सुरक्षित रखने के लिए थी, भी आपदा साबित हुई थी। दूरसंचार क्षेत्र को आरक्षित रखने से पूरा क्षेत्र प्रभावित हुआ। हम सभी को याद है- यानी, जो अब बूढ़े हो गये हैं- एकमात्र टेलीफोन कनेक्शन प्राप्त करना या उसके बाद कॉल करना कितना मुश्किल हुआ करता था। दूरसंचार उद्योग को सरकारी नियंत्रणों से मुक्त किये बिना हम कभी भी देश में आईटी क्रांति और उसके बाद समग्र अर्थव्यवस्था पर प्रभाव नहीं डाल सकते। 1956 के औद्योगिक नीति प्रस्ताव द्वारा भारत में उद्योग को कमजोर कर दिया गया था। 1991 में सुधार के पहले कार्यों में से एक इसे कूड़ेदान में फेंकना था। पिछली तिमाही की जीडीपी वृद्धि के तात्कालिक कारोबार से इस तरह के प्रयासों में जाने का कारण यह है कि लंबे समय से भारत के पास काम करने के लिए कमोबेश एक स्थिर ढांचा है और इससे जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को अपनी तर्कसंगत निर्णय और बात रखने की कुछ हद तक आजादी मिलती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में एक निश्चित उछाल है, भले ही तिमाहियों में दशमलव बिंदु पर बदलावों में कोई भी बदलाव आया हो। उछाल का एक प्रमुख कारण स्थिर राजकोषीय ढांचा प्रतीत होता है। अतीत के विपरीत, जब हर बजट के साथ उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क और असंख्य अन्य कर बदले जाते थे, अब हमारे पास एक स्थिर कर व्यवस्था है। जीएसटी प्रणाली ने केंद्र द्वारा उत्पाद शुल्क दरों और राज्यों में बिक्री करों में अचानक बदलाव से इंकार कर दिया है। एक वित्तीय पत्रकार के रूप में मुझे याद है कि कैसे हर बजट के बाद प्रख्यात वकील नानी पालखीवाला स्पष्ट रूप से बताते थे कि कैसे भारतीय उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था को उसकी पूरी क्षमता हासिल करने से रोक रहा है। एक अन्य विशेषज्ञ, पेसीएम. नारियलवाला, विनिर्माण उद्योग के लिए समुचित योजना बनाने के लिए एक स्थिर कर व्यवस्था की आवश्यकता को रेखांकित करते थे।

# 120 हराओ, देश बचाओ

राजेंद्र शर्मा

अखिलेश यादव के 120 हटाओ के नारे का विशेष महत्व यह है कि यह हिंदी हृदय प्रदेश में, जो कि भाजपा का गढ़ है, उसे वास्तविक चुनौती दिए जाने की संभावनाओं को सामने ले आता है। भाजपा, दक्षिण और पूर्व से पहले ही बहुत हद तक बाहर है, उत्तर के उसके गढ़ में जहां 2019 के मुकाबले वह पहले ही हर तरह से कमजोर स्थिति में है, अगर उसे तगड़ा झटका भी लग जाए, तो भाजपा को सत्ता से बाहर जाना पड़ सकता है। पटना की गांधी मैदान की इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक रैली में, समाजवादी पार्टी के मुखिया, अखिलेश यादव ने जब भाजपा हराओ, देश बचाओ के नारे के साथ, 120 हटाओ, देश बचाओ का नारा दिया, इस नारे का अर्थ समझने में एक मिनट लगा।

बहरहाल, जब उन्होंने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन के सभी अस्सी सीटों पर भाजपा को हराने के संकल्प का जिक्र किया, तो समझते देर नहीं लगी कि 120 का आंकड़ा, उत्तर प्रदेश की 80 और बिहार की 40 सीटों के योग का है। इन 120 सीटों पर भाजपा को हरा दिया, तो भाजपा का केंद्र में सत्ता से बाहर होना तय है। याद रहे कि 2019 के आम चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 में से 62 सीटें भाजपा और 2 सीटें उसके सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) के खाते में गयी थीं और बिहार की 40 में से 39 सीटें भाजपा और उसके सहयोगियों के खाते में। सरल गणित के हिसाब से भी ये 103 सीटें अगर भाजपा और उसके सहयोगियों के हाथ से खिसक जाएं तो, पिछली बार का उसका सहयोगियों समेत आंकड़ा, सवा दो सौ के करीब रह जाएगा और वह सत्ता से बाहर हो जाएगी। ऐसा पूरी तरह से हो सकने की वास्तविक संभाव्यता के प्रश्न से अलग, इस गणित से इस चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश तथा बिहार के चुनावी समीकरणों की, 2024 के चुनाव में भाजपा का खेल बिगाड़ सकने की सामर्थ्य का तो अंदाजा लग ही जाता है। इसी संदर्भ में 3 मार्च की पटना रैली के संकेत खास महत्व ले लेते हैं। इस रैली में भाग लेने वालों की ठीक-ठीक संख्या की बहस में हम नहीं जाएंगे।

बहरहाल, ज्यादातर अनुमानों में एक बात समान है कि यह पटना के गांधी मैदान में हुई अब तक की सबसे बड़ी सभाओं में से एक थी और इसमें श्रोताओं की संख्या का आंकड़ा दस लाख के करीब जरूर रहा होगा। इस रैली में राजद के हरे और कम्युनिस्टों के लाल झंडों की भरमार से और रैली के मुख्य वक्ताओं के भाषणों के दौरान, श्रोताओं के उत्साह से कम से कम इतना तो साफही था कि बिहार में इंडिया गठबंधन की मुख्य प्रहार शक्ति के रूप में, राजद और कम्युनिस्ट पार्टियों के नेता और जमीनी स्तर तक के कार्यकर्ता, उत्साह के साथ मैदान में उतर चुके हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि इस रैली से पहले, तेजस्वी यादव के दस दिन के जबर्दस्त सड़क दौरे से पैदा हुई गति और कार्यकर्ताओं के उत्साह को, इस रैली ने और धार दे दी है। पटना से हुई इंडिया गठबंधन की चुनावी रैलियों की इस धमाकेदार शुरूआत को, आने वाले हफ्तों में तथा चुनाव के समय तक किस हद तक बनाए रखा जाता है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन, इस रैली से कम से कम इतना तय हो गया है कि नीतीश कुमार की पल्टी से, भाजपा ने बिहार में एनडीए के बिखरने तथा उसकी चुनौती के खत्म हो जाने की जो उम्मीदें लगायी होंगी, पूरी होती नजर नहीं आती हैं। नीतीश कुमार के भाजपा के पाले में लौट जाने के बावजूद, इंडिया गठबंधन उसके लिए एक प्रभावी चुनौती बना हुआ है। इस संदर्भ में यह याद दिलाना भी अप्रासंगिक नहीं होगा कि बिहार में विधानसभा के पिछले चुनाव में, जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही, भाजपा-जदयू गठजोड़ मैदान में था, राजद के नेतृत्व में महागठबंधन ने उसके लिए हार-जीत की चुनौती खड़ी कर दी थी, जिसमें कुछेक हजार वोट के अंतर से ही नीतीश कुमार की सत्ता में वापसी हुई थी और राजद विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आई थी। उसी स्थिति की वापसी भी, बिहार में एनडीए के लिए गंभीर चुनौती खड़ी हो जाने को और उसके लिए 2019 का नतीजा दोहराना, लगभग असंभव हो जाने को तो दिखाती ही है।



# राशिफल

**मेषः-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

**बृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुनः-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छबि बनायें।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी।

**सिंहः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आसपास का माहौल प्रसन्न होगा।

**धनुः-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मकरः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**कुंभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ऊर्जा की अनुभूति होगी।

**मीनः-** नकारात्मक चिंताओ को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग मिलेगा।

# खेत, खेती व सेहत पर भारी पड़ता रासायनिक उर्वरकों का उपयोग

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग खेत, खेती और सेहत पर भारी पड़ रहा है। देश में रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग को इसी से समझा जा सकता है कि आजादी के समय 1950-51 में देश में 7 लाख टन रासायनिक उर्वरकों का उपयोग होता था। एक मोटे अनुमान के अनुसार आज देश में 335 लाख टन से अधिक रासायनिक उर्वरकों का उपयोग हो रहा है। इसमें 75 लाख टन उर्वरकों का तो आयात करना पड़ रहा है। यूरिया से नाइट्रोजन चक्र प्रभावित होता है और उससे ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन बढ़ने से पर्यावरण प्रभावित होता है।

दरअसल समस्या की जड़ दूसरी ओर है और वह यह कि उर्वरकों के संतुलित उपयोग के स्थान पर अंधाधुंध उपयोग से अधिक हालात खराब हुए हैं। देश में उर्वरकों की खपत का विश्लेषण किया जाए तो केन्द्र शासित प्रदेशों सहित 797 जिलों में से केवल ओर केवल 292 जिलों में ही देश में उर्वरकों की कुल खपत की 83 फीसदी उर्वरकों की खपत हो रही है। यह अपने आप में गंभीर है। ऐसा नहीं है कि सरकार इसे लेकर गंभीर नहीं है अपितु सरकार ने उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले



दुष्प्रभावों को देखते हुए ही 2004 में यूरिया के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के अध्ययन के लिए सोसायटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की स्थापना की। दुनिया की सहकारी क्षेत्र की उर्वरक उत्पादक सहकारी समिति इफको द्वारा नैनो उर्वरक तैयार कर उनकी उपलब्धता व उपयोग बढ़ाने के प्रयास इसी दिशा में बढ़ते प्रयासों में से एक माना जा सकता है।

रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए केन्द्र व राज्यों के कृषि मंत्रालयों द्वारा सावचेत किया जाता रहा, पर यह नाकाफी होने के साथ ही सही मायने में प्रभावी तरीके से अवेयरनेस कार्यक्रमों का संचालन नहीं हो पा रहा है। आज पंच नदियों के प्रदेश में तेजी से जलस्तर कम होता जा रहा हे। पंजाब के लोग ही पंजाब में उत्पादित गेहूं को अन्य प्रदेशों में खपाने और दूसरे प्रदेशों से गेहूं मंगाकर उपयोग में लेने लगे हैं। इसी तरह से देश में कैंसर के सर्वाधिक मामले पंजाब से आ रहे हैं। रासायनिक उर्वरक और जहरीले कीटनाशक इसके प्रमुख कारण किसी से अनजाने नहीं हैं। हो यह रहा है कि उर्वरकों के कारण मिट्टी के सहायक कीट नष्ट हो जाते हैं। वहीं रासायनिक उर्वरक वर्षा आदि में बह कर नदी आदि प्राकृतिक जल स्त्रोतों को भी प्रदूषित कर देते हैं।

**रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से तैयार फसल के उपयोग से मानव ओर मवेशी दोनों के ही स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग आज खेत, खेती, सेहत और पर्यावरण सब पर भारी पड़ रहा है। यह कोई हमारे यहां की ही समस्या नहीं अपितु रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग का दुष्प्रभाव दुनिया के सभी देश भुगत रहे हैं। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है तो पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यदि हम केवल और केवल हमारे देश की ही बात करें तो जो आंकड़े सामने आ रहे हैं वे अत्यधिक चिंताजनक होने के साथ ही गंभीर भी है।**

रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से तैयार फसल के उपयोग से मानव ओर मवेशी दोनों के ही स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग आज खेत, खेती, सेहत और पर्यावरण सब पर भारी पड़ रहा है। यह कोई हमारे यहां की ही समस्या नहीं अपितु रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग का दुष्प्रभाव दुनिया के सभी देश भुगत रहे हैं। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है तो पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यदि हम केवल और केवल हमारे देश की ही बात करें तो जो आंकड़े सामने आ रहे हैं वे अत्यधिक चिंताजनक होने के साथ ही गंभीर भी है।

रासायनिक खाद के बढ़ते इस्तेमाल के कारण देश की खेती योग्य भूमि में से 30 फीसदी भूमि बंजर होने की कगार पर पहुंचने लगी है। यह आंकड़ा कोई हवा-हवाई नहीं होकर सेंटर फॉर साइंस एण्ड एन्वायरमेंट की रिपोर्ट के अनुसार है। पंजाब, हरियाणा सहित कई प्रदेशों में कृषि उपज की सेचुरेशन वाले हालात हमारे सामने हैं। इसके साथ ही रासायनिक उर्वरकों और जहरीले कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग का परिणाम जानलेवा कैंसर रोग का फैलाव सामने हैं। आज पंजाब और उससे लगते हिस्सों मं कैंसर आम होता जा रहा है। दरअसल, औद्योगिक क्रांति की शुरुआत के साथ ही दुनिया के देशों में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग तेजी से बढ़ा है।

खाद्यान्न संकट से निपटने और यों कहें कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरक बेहतर विकल्प के रुप में सामने आये। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि कृषि उत्पादन बढ़ने के कारण ही आज दुनिया के देश खाद्यान्न संकट से मुकाबला करने की स्थिति में आ सके हैं। हालांकि अब लगभग सभी देशों व विशेषज्ञों द्वारा रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को शनैः शनैः कम करने पर जोर दे रहे हैं। परंपरागत और जैविक खेती पर बल दिया जा रहा है। भारत में भी जैविक खेती पर बल दिया जा रहा है और 20 राज्यों में जैविक नीति लागू करने की पहल की है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के निर्देश

## अवैध शराब व मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

एएसपी सत्यम द्वारा पुलिस कार्यालय में महोबा, कबरई, श्रीनगर के समस्त विवेचकों के साथ बैठक कर थानाक्षेत्र की लंबित विवेचनाओं के संबंध में अर्दली रुम का निरीक्षण किया। एएसपी द्वारा समस्त विवेचकों से लंबित विवेचनाओं के संबंध में विस्तृत रुप से समीक्षा वार्ता करते हुये विवेचना को लंबित रखने का कारण पूछा। अकारण विवेचनाओं को लंबित रखने वाले विवेचकों को सख्त हिदायत देते हुए विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने के लिए कहा। अत्यधिक संख्या में विवेचनाओं के लंबित पाये जाने पर संबंधित विवेचकों के प्रति कड़ी आपत्ति प्रकट की गई।

उन्होंने अधिक समय से लंबित विवेचनाओं से संबंधित वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये। थानाक्षेत्र में आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण तथा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर दुर्गविजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई बीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर विनोद कुमार सरोज सहित विवेचक व उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

### यातायात नियमों का पालन करने की दी प्रेरणा



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के लिए प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों में वाहन चालकों को यातायात नियम का पालन करने के लिए जागरुक किया। यातायात पुलिस टीम ने आमजनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता को बढ़ाने, सड़क सुरक्षा को अपनाने के लिए बिना हेलमेट वाहन चला रहे - वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। यातायात पुलिस टीम ने सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने के लिए दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नंबर प्लेट लगे वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के बारे में बताया। साथ ही अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय नियम पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गई तथा सुरक्षा के दृष्टिगत कई वाहनों से काली फिल्म उतरवाई गई।

### दुकानों व ठेलों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का हो रहा उपयोग

**राठ।** कस्बे में संचालित हो रहीं मिठाई व नाश्ते की दुकानों और ठेलों पर रसोई गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। रसोई गैस के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए स्थानीय प्रशासन और खाद्य विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। दुकानदार खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर घर में उपयोग होने वाले गैस सिलेंडरों को ठेले और कई नाश्ता दुकान वाले अपने व्यापार के लिए उपयोग कर रहे हैं। कई ठेले वालों ने और दुकानदारों ने अपने नाम पर व्यावसायिक सिलेंडरों का रजिस्ट्रेशन तो करा रखा है, लेकिन यह सिलेंडर मंहगा पड़ने की वजह से सब्सिडी वाले घरेलू सिलेंडरों का उपयोग वे खुलेआम अपनी दुकानों पर कर रहे हैं। जबकि व्यापार के लिए व्यावसायिक गैस सिलेंडर का उपयोग करना अनिवार्य है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में नोडल अधिकारियों की हुई बैठक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



आगामी लोक सभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में समस्त जोनल अधिकारी/समस्त नोडल अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी।

बैठक में सभी जोनल एवं सेक्टर अधिकारिओं के कार्यों की समीक्षा की गयी और सम्बन्धित अधिकारियों को अपने से सम्बन्धित कार्यों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी नें कहा कि ई.वी.एम.वी.वी पेट के मास्टर ट्रेनर योग्य होने चाहिए और ट्रेनिंग बिल्कुल सही तरीके से होनी चाहिए और सारे जरूरी पॉइंट्स ट्रेनिंग में नोट करवाये जाए। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट की गाड़ियों में जीपीएस लगाए जाने के निर्देश दिए। क्रिटिकल बूथ, बेब कास्टिंग, स्वीप कार्यक्रम, लॉ एंड ऑर्डर विधानसभावार किए जाने के निर्देश दिए। और कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्य की पूरी तैयारी लेखा-जोखा के साथ कर ले अगली मीटिंग में सारे कार्यों की प्रगति समीक्षा की जाएगी। इ.वी.एम. की सारी गाइडलाइन की जानकारी रूल के हिसाब से कर लें इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी देव कुमार यादव, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय नारायण मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जलभराव की समस्या से निजात दिलाने लिए हो रहा नाला निर्माण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



शहर के लोगों को जलभराव की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए पालिकाध्यक्ष द्वारा अपने प्रयासों से शासन से बजट स्वीकृत कराकर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जल निकासी के लिए आरसीसी नालों का निर्माण कराया जा रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संतोष चौरसिया ने बताया कि लंबे समय से शहर में जलभराव की समस्या है। इससे छुटकारा दिलाने के लिए सीवरेज व जल निकासी योजनांतर्गत शासन से बजट स्वीकृत कराने के बाद नगर के विभिन्न वार्डों भटीपुरा, मकनियापुरा, सिंह भवानी, गांधीनगर, बजरंग नगर वार्ड, फतेहपुर बजरिया, आलमपुरा, राठ रोड एवं मिशन चौराहा के समीप नालों का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे नगरवासियों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि नवनिर्मित क्षेत्रों में मार्ग प्रकाश की व्यवस्था भी उपलब्ध कराने के लिए पोलों की स्थापना कराई जा रही है। उक्त पोलों को एलईडी से सुसज्जित किया जाएगा।

डॉ. संतोष चौरसिया ने बताया कि धार्मिक एवं पौराणिक महत्व के क्षेत्रों के सुंदरीकरण एवं निर्माण हेतु शासन द्वारा वंदन योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके द्वारा नगर में शीघ्र ही काम शुरू कराया जाएगा। लोगों ने पालिका के इन कामों की सराहना की है। इससे आगामी दिनों में लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी।

# सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाते चार गिरफ्तार

- जिले के थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने की कार्यवाही
- लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर अपराधियों पर की जा रही है कार्यवाही

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी त्योहारों एवं प्रस्तावित लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर अपराधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

अवैध जुआ/सट्टा के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी कुलपहाड़ शेरेआलम द्वारा गठित की गई टीम के उपनिरीक्षक दिनेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान ग्राम मुढ़ारी तिराहा इंद्रा गेट के पास औचक दबिश दी।

यहां से जुआ खेल रहे पवन अहिरवार पुत्र मोहनलाल, सुरेंद्र अहिरवार पुत्र दीनदयाल, विष्णू अहिरवार पुत्र लच्छू व अमर सिंह पुत्र हीरा अहिरवार निवासीगण ग्राम हरिजनबस्ती मुढ़ारी को पकड़ा। जुआरियों के मालफड़ से 750 व तालाशी में 190 रुपए बरामद किए गए। सभी जुआरियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही संपादित की गयी । पुलिस के अभियान से जुआरियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# डिप्टी कलेक्टर के निरीक्षण में एमडीएम घोटाले का खुलासा

- प्रधानाध्यापक रोजाना एक सैकड़ा से अधिक बच्चों का खा रहा था भोजन
- डीएम ने बीएसए को दिए कार्यवाही के निर्देश

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

बीते दो मार्च को डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी बीडीओ के निरीक्षण में कैथी के कंपोजिट विद्यालय में मौजूद बच्चों के सापेक्ष एमडीएम रजिस्टर में एक सैकड़ा से अधिक छात्र छात्राएं अतिरिक्त दर्ज होने पर बीडीओ की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीर बताते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

बीते दो मार्च को प्रभारी खंड विकास अधिकारी शांतुन कुमार सिनसिनवार ने ग्राम पंचायत कैथी के कंपोजिट विद्यालय का औचक निरिक्षण किया था।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी बीडीओ को पंजीकृत 560 छात्र छात्राओं के सापेक्ष 191 मौजूद मिले थे। जबकि मध्याह्न भोजन रजिस्टर में प्रधानाध्यापक दिनेश चंद ने 303 छात्र छात्राओं को भोजन करना दर्शाया था। इसकी रिपोर्ट बीडीओ ने जिलाधिकारी राहुल पांडेय को भेजी थी। डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। बीडीओ की इस कार्यवाही से शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**इटावा।** मारपीट के मामले के वारन्टी को थाना भरथना पुलिस ने गिरफ्तार किया। एसआई ब्रजनंदन ने बताया कि क्षेत्र अंतर्गत नगला ऊमर निवासी वारन्टी जॉनी उर्फ राहुल को मंगलवार को उसके निज निवास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी के खिलाफ भरथना थाना में मुकदमा पंजीकृत है।

### पुलिस ने मारपीट के मामले दर्ज की एनसीआर

**इटावा।** भ्रष्टाचार की जांच के दौरान शिकायतकर्ता रामकिशन से मारपीट के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान आपेन्द्र सिंह समेत सुरेंद्र सिंह,सत्यवीर व अशोक कुमार निवासीगण नगला भोज भरथना के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताते चले कि पीड़ित ने नगला भोज में शिकायत की जांच के दौरान ग्राम प्रधान समेत चार लोगों पर भ्रष्टाचार की जांच के दौरान गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था। बच्चों के विवाद में महिला से मारपीट, पीड़िता ने एक व्यक्ति के खिलाफ एनसीआर दर्ज कराई। भरथना क्षेत्र अंतर्गत नगला फारम रौरा गांव की पीड़िता प्रिया पत्नी उदयवीर ने पुलिस को तहरीर दी है कि मंगलवार को घर के बाहर मेरे पुत्र व अन्य बच्चो में विवाद कर रहे थे,मेरे द्वारा शिकायत करने पर विपक्षी सतीश आकर गाली गलौज करने लगे,मना करने पर मारपीट करने लगे,आरोपी ने सास के साथ भी मारपीट कर दी।जिससे शरीर में अंदरूनी चोटें आई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की गई।

### शिवरात्रि महोत्सव में शामिल हुए बुद्धिजीवी

**इटावा।** प्रजापति ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ज्ञान सूर्य भवन के विकास नगर स्थित प्रांगण में शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इटावा के सुप्रसिद्ध बुद्धिजीवी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक डॉ कैलाश चंद्र यादव ने, अर्चना सिंह जिला समन्वयक अभियान बीएसए ऑफिस एवं डॉक्टर प्रहलाद द्वारा व ब्रह्म कुमारी बहनों के साथ दीप प्रज्वलन कर किया। सम्मलित बहनों ने बताया कि शिवरात्रि के अवसर पर हम यह संकल्प लें कि सारे व्यसन छोड़ सादा जीवन व्यतीत करेंगे। तथा अपने आप को ईश्वर को समर्पित कर अच्छा आचरण करेंगे। शिवरात्रि के अध्यात्मिक महत्व को समझेंगे।

### एकीकरण समिति की बैठक हुई संपन्न

**महोबा।** मंगलवार को विकास भवन सभागार में जिला एकीकरण समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक बंधुता, सौहार्द, सर्वधर्म समभाव व राष्ट्र की गरिमा को समृद्ध किए जाने के लिए सभी वर्गों को मिलजुलकर भागीरथी प्रयास किए जाने को कहा गया। वहीं सभी वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने भी बैंक को संबोधित किया। इस मौके पर समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, भाजपा नेता राहुल अग्रवाल, नईम अंसारी, कल्पना खरे, रामजी गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। उपायुक्त स्वतः रोजगार अशोक कुमार ने सभी का आभार जताया। जिला विकास अधिकारी पंकज यादव ने बैठक का संचालन किया।

# शराब के नशे में की वृद्ध की हत्या

- घटना के तीसरे दिन हुआ खुलासा, आरोपी शुरू से था शक के घेरे में

**मौदहा। समृद्धि न्यूज**

रविवार रात कस्बे के भीड़भाड़ वाले गोल मार्केट में एक वृद्ध के साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी जिसकी इलाज के दौरान उसी दिन मौत हो गई थी जिसपर पुलिस ने अलग अलग एंगल से जांच कर घटना के जल्द खुलासे की बात करते हुए परिजनों सहित संदिग्धों को कोतवाली लाकर पूछताछ शुरू कर दी थी लेकिन घटना के बाद से ही कस्बे के पूर्वी तरौस निवासी अहमद पुत्र जमील पुलिस के निशाने पर था।जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद घटना का खुलासा किया है।

बीते रविवार की सुबह कस्बे के गोल मार्केट में लेटने वाले हैदरिया निवासी वृद्ध जमुल उर्फ नत्थू की अज्ञात लोगों द्वारा बेरहमी से पिटाई की गई थी जिसके बाद इलाज के दौरान नत्थू की मौत हो गई।घटना की जानकारी होते ही पुलिस ने सभी एंगलों से मामले की जांच कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के साथ ही मृतक के पुत्र जहीर उददीन की तहरीर पर अज्ञात के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज खंगालने शुरू कर दिए।इसी के साथ ही परिजनों सहित आसपास के लोगों को कोतवाली बुलाकर पूछताछ भी शुरू कर दी थी।इसी दौरान सीसीटीवी फुटेज में पुलिस को कस्बे के पूर्वी तरौस निवासी अहमद बिरयानी पुत्र जमील भी नजर आया जिसे पुलिस ने कांशीराम कालोनी के निकट घेर कर पकड़ लिया और कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने हत्या करने की बात भी कुबूल कर ली।आरोपी ने बताया कि उस दिन उसके बहनोई की मौत हो गई थी और वह शराब के नशे में था जिसके चलते उसके भांजे इंतजार ने उसे घर से भगा दिया था और उसके बाद वह रात में लेटने के लिए गोल मार्केट पहुंचा जहां पर मौजूद मृतक जमीलुददीन उर्फ नत्थू ने उसके शराब के नशे में होने के कारण उसे गालियां देदीं जिससे वह आक्रोश में आ गया और उसने वृद्ध के साथ मारपीट शुरू कर दी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके बाद उसकी मौत हो गई।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्री को नहीं मिला आठ माह से पोषाहार

- सीडीपीओ ने जांच रिपोर्ट के बाद की सेवा समाप्ति की संस्तुति

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम प्रधान की शिकायत पर जलाला ग्राम पंचायत के मजरा भभौरा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की जांच में पहुंची मुख्य सेविका को गत आठ माह से पोषाहार वितरण न किए जाने के साक्ष्य मिले हैं। मौके पर पोषाहार भी नहीं मिला है। जो मिला है वह वितरण लायक नहीं है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री मुख्य सेविका को अभिलेख भी नहीं दिखा सकी। उसको तीन दिवस में अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। जलाला की प्रधान बिट्टो सिंह ने सीडीपीओ से शिकायत करके अवगत कराया था कि भभौरा के आंगनबाड़ी केंद्र संचालिका रीता देवी, सहायिका माया देवी ने अगस्त 2023 से पोषाहार का वितरण नहीं किया है। सीडीपीओ प्रीति भिलवारे ने मामले की जांच मुख्य सेविका तारा देवी को सौंपी थी। मुख्य सेविका की जांच में प्रधान सहित लाभार्थी अंशिता, ललिता, शालिनी आदि ने बताया कि उनको पिछले नौ माह से पोषाहार नहीं मिल रहा है। मुख्य सेविका को केंद्र में आधा पोषाहार मौजूद मिला। लेकिन वह वितरण लायक नहीं बचा है। जांच रिपोर्ट के बाद सीडीपीओ ने आंगनवाड़ी कार्यकत्री की सेवा समाप्त की संस्तुति की है।

### संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर किया आश्वस्त

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को जिले में भयमुक्त माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने को लेकर क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकांत गौंड, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार सहित पुलिस के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों सहित जवानों के ठहरने हेतु चिन्हित किये गये स्थलों का भौतिक सत्यापन भी किया गया। जिसमें सभी मूलभूत सुविधाओं जैसे कमरे, लाइट, पखें, पानी की व्यवस्था, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा जो भी कमियां मिली उन्हें दूर करने के लिए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये। इसी क्रम में संवेदनशील, अति संवेदनशील मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन के दौरान स्थानीय लोगो से संवाद स्थापित किया गया।



## पुलिस ने दो आरोपी को किया गिरफ्तार

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बकेवर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित इनामियां दो आरोपी गिरफ्तार किये। थाना बकेवर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर गैगस्टर एक्ट में वांछित शनी पुत्र कृपाल सिंह निवासी ग्राम जैनपुरनागर थाना जसवन्तनगर इटावा, आकाश उर्फ अपाचे उर्फ देवा पुत्र दिनेश मिश्रा निवासी नगला वैस थाना एरवाकटरा औरैया को पश्चिम तिराहा से गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा 5000-5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इस सफलता में राकेश कुमार शर्मा प्रभारी थाना बकेवर, उ.नि. हेमन्त कुमार सोलंकी, का. अंकित चौधरी, का. भूपेन्द्र कुमार, चालक का. अवनीश कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

### एक बार फिर उठी नो इंट्री की मांग एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मौदहा।** कस्बे में जगह जगह संचालित अवैध ऑटो स्टैंड और ई रिक्शा चालकों की वजह से सारा दिन लगने वाले जाम से लोग हलकान हैं। वहीं भारी वाहनों से कस्बे में हुए भयंकर हादसों को लेकर भारत उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भारत उद्योग व्यापार मंडल के बुंदेलखंड प्रभारी आसिफ कुरेशी के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन सदस्यों और पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र को ज्ञापन दिया। बताया कस्बे के तहसील मार्ग से रहमानिया कालेज और अरतरा तिराहे तक ई रिक्शा चालकों की वजह से दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है।

# कल वित्त मंत्री करेंगे सैनिक स्कूल का शुभारंभ

**इटावा। समृद्धि न्यूज**




अत्यंत हर्ष का विषय है कि रक्षा मंत्रालय के अधीन न्यू सैनिक स्कूल संकल्पना के तहत अपने शहर इटावा में भी सैनिक स्कूल प्रारंभ होने जा रहा है। पूर्व से ही कई प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थानों का सफल संचालन कर रहे मुन्ना स्मृति संस्थान को इस महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी मिली है। आगामी सात मार्च को उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा इस विद्यालय का शुभारंभ किया जाएगा। इसी दिन सैनिक स्कूल परिसर में 52 फीट ऊंचे तिरंगे झंडे का भी लोकार्पण किया जाएगा। मंगलवार को शकुंतलम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक / उपाध्यक्ष आशीष भदौरिया ने दी। उनके साथ सैनिक स्कूल इटावा के मेंटर स्कूल सैनिक स्कूल मैनपुरी ग्रीन स्कूल के प्रिंसिपल कर्नल अग्निवेश पांडेय, सैनिक स्कूल इटावा के नव नियुक्त प्रिंसिपल एके चतुर्वेदी व शकुंतलम इंटरनेशनल की प्रिंसिपल वर्षा सिंह भी उपस्थित रहीं। श्री भदौरिया ने बताया कि भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा देष में 100 न्यू सैनिक स्कूल खोले जाने का लक्ष्य रखा गया है। उसी क्रम में इटावा सैनिक स्कूल एक नई कड़ी है। सैनिक स्कूल के कैडेट्स के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित और वातानुकूलित छात्रावास, भोजनालय, स्वीमिंग पूल, एथलेटिक्स ट्रेक, अनेकों खेलों के कोर्ट और मैदान तैयार हैं। सैनिक स्कूल इटावा के मेंटर स्कूल सैनिक स्कूल मैनपुरी के प्रिंसिपल कर्नल अग्निवेश पांडेय ने कहा कि न्यू सैनिक स्कूल की स्थापना के पीछे लक्ष्य है कि छात्रों नई शिक्षा नीति के तहत आधुनिक शिक्षा देने के साथ ही उन्हें सैन्य मूल्यों में भी प्रशिक्षित किया जाए।



## ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**हमीरपुर।** प्राकृतिक आपदा के चलते किसानों को उत्पन्न हुई समस्याओं के निदान की मांग को लेकर आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को विभिन्न मांगो का ज्ञापन सौपा है। कुरारा विकास खंड के कुंडौरा ग्राम के ग्रामीणों ने डीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि बीते 20 फ़रवरी से 5 मार्च तक बारिश,ओलावृष्टि व तूफान के चलते किसानों की फसलें चौपट हो गई है। जिससे उनके सामने परिवार के जीवकोपार्जन के लिए भारी परेशानियों का सामना खड़ा हो गया। जिसमे उनके सामने पेयजल की समस्या भी खड़ी हो गई। इसके अलावा उन्होंने पारा गांव स्थित इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक पर वसूली के नाम पर किसानों के खाते होल्ड कर देने का आरोप लगाया है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से फसलों के नुकसान की जाँच कराकर उचित मुआवजा दिलाने,विधुत व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने एवं किसानों के होल्ड हुए खातों को मुक्त कराने की मांग की है।

### ओमनी कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

**कुरारा,हमीरपुर।** कस्बा के राम कृष्ण परास्नातक महाविद्यालय के पास कालपी हमीरपुर हाईवे में ओमनी चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों द्वारा स्थानीय सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद एक युवक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा के राम कृष्ण परास्नातक महाविद्यालय के पास कालपी हमीरपुर हाईवे में ओमनी चालक ने मंगलवार की सुबह 10 बजे हमीरपुर की तरफ से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक में बैठे मोहित (20) पुत्र कालका प्रसाद निवासी झलोखर, अंकुर (17) पुत्र रमेश निवासी जलाला गंभीर रूप से घायल हो गए।

**बयान** — भाजपा ने प्रत्याशी बनाकर सेवा करने का दिया अवसरः डॉ रामशंकर कठेरिया

# सांसद के प्रत्याशी बनने पर हुआ आशीर्वाद यात्रा का आयोजन

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पुनः प्रत्याशी बनाए जाने के पश्चात प्रोफेसर डॉ रामशंकर कठेरिया के जनपद आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत के नेतृत्व में आशीर्वाद यात्रा का आयोजन किया गया।



टिकट मिलने के बाद प्रथम जनपद आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत के नेतृत्व में फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। आशीर्वाद यात्रा में 500 से अधिक चार पहिया वाहनों से 2000 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्याशी एवं सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया लोकसभा भृमण कर जनता से आशीर्वाद लेने के उद्देश्य से पटेल चौक सिकंदरा के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए अबकी बार 400 पार, यही समय है सही समय है, मोदी योगी जिंदाबाद, भारत माता की जय वंदे-मातरम, राम शंकर कठेरिया जिंदाबाद के जयकारों से माहौल को भाजपामय कर दिया।आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ इटावा रेलवे स्टेशन से शुरू होकर शास्त्री चौराहा होते हुए बस स्टैंड होते हुए पक्का बाग चौराहे से औरैया होते हुए पटेल चौक सिकंदरा के लिए रवाना हुई आशीर्वाद यात्रा के शुभारंभ से पूर्व अपने संबोधन में डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर से इटावा लोकसभा का प्रत्याशी बनाकर आप लोगों के बीच सेवा करने का अवसर प्रदान किया है। मुझे विश्वास है कि लोकसभा की सम्मानित जनता का पुनः आशीर्वाद मिलेगा। मैं तन-मन से समर्पित होकर सेवा कर सकूँगा। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करते हुए पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए प्रयासरत है। आशीर्वाद यात्रा में प्रमुख रूप से सांसद पत्नी डॉ मृदुला कठेरिया, पूर्व सांसद/विधायक रघुराज शाक्य, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि भगवान पोरवाल, विधानसभा संयोजक विमल भदौरिया, बसरेहर ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव बबलू, जिला उपाध्यक्ष हरनाथ सिंह, विक्रम अग्रवाल, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, राहुल राजपूत, रजत चौधरी, लोकसभा/जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य सहित कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

# डीएम ने किसानों को योजनाओं से वंचित रखने पर सेवायें समाप्त करने के दिए निर्देश

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

- औद्यानिक मिशन की मीटिंग से लीड बैंक मैनेजर सहित दस बैंक अधिकारी रहे गायब
- उद्यान अधिकारी, डीडी नाबार्ड, डीआरपी को लापरवाही पर दी चेतावनी




**मंगलवार को** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला औद्यानिक मिशन समिति एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना समिति तथा जिला स्तरीय औषधीय पौध मिशन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण योजना के तहत लघु उद्योगों को बढ़ावा दिया जाता है। इस योजनान्तर्गत आवेदकों ने ऋण हेतु आवेदन किये जिसमें से कृषकों के 24 आवेदन विभिन्न बैंकों में लम्बित है जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर, उद्यान अधिकारी व 10 बैंकों के मैनेजरों व बैठक में अनुपस्थित डीडी नाबार्ड द्वारा अपने कार्यों में रुचि न लेने पर स्पष्टीकरण साथ ही डीआरपी मयंक तिवारी कार्य के प्रति रुचि न लेने पर व कृषकों को योजनाओं से वंचित रखने पर सेवायें समाप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि माधौगढ़ तहसील में 21 पोषण वाटिका उप जिलाधिकारी द्वारा चिन्हित की गयी है जिस पर जिला उद्यान अधिकारी, कृषि अधिकारी, डीसी मनरेगा, डीसीएनआरएलएम को निर्देशित किया कि उक्त पोषण वाटिकाओं में फलों, सब्जियों, फूलों, मसालों, औषधियों की जैविक खेती कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पोषण वाटिका 15 दिन में तैयार कर सुपुर्दगी में दी जाये जिससे वह आय के साथ-साथ उनका जीवन स्तर पर सुधार होगा व आत्मनिर्भर होगी। जिला औद्यानिक मिशन की योजना के वार्षिक लक्ष्य वर्ष 2023-24 को पूर्ण न करने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुये जिलाधिकारी ने लक्ष्य को समयबद्ध पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिये। उन्होंने पपीता उद्यान रोपण 7 हेक्टेयर, अमरूद उद्यान रोपण 3 हे., लाइम एण्ड लेमन्स उद्यान रोपण 4 हे., करौंदा उद्यान रोपण 4 हे., जामुन उद्यान रोपण 2 हे., पपीता द्वितीय वर्ष अनुरक्षण 2 हे, इमली तृतीय वर्ष अनुरक्षण 2 हे. आदि का संबंधित उपजिलाधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी व कृषक द्वारा सत्यापन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के कृषकों हेतु औद्यानिक विकास योजना (राज्य सेक्टर) का वित्तीय वर्ष 2023-24 के वार्षिक लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ÷पर ड्रॉप मोर क्रॉप÷ (माइक्रोइरीगेशन) योजना के तहत पोर्टल पर पंजीकरण कराकर पहले आओ पहले पाओ के सिद्धान्त पोर्टेबिल स्प्रिंकलर पर लघु सीमान्त कृषकों को 75 प्रतिशत एवं अन्य कृषकों को 65 प्रतिशत का अनुदान तथा ड्रिपमिनी स्प्रिंकलर में लघु सीमान्त कृषकों को 90 प्रतिशत एवं अन्य कृषकों को 80 प्रतिशत अनुदान देय हैं। उन्होने कहा कि जनपद के कृषकों को उक्त योजनाओं से लाभान्वित किया जाये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, परियोजना निदेशक शिवाकान्त द्विवेदी, डीसी मनरेगा अवधेश दीक्षित, जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, लीड बैंक मैनेजर, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव आदि अधिकारी सहित कृषक मौजूद रहे।

# मनरेगा मजदूरों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



महुआ बाजार (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**मतदाता जागरूकता** अभियान में खूब हर्षोल्लास पूर्वक मनरेगा मजदूरों ने प्रतिभाग किया, दो दर्जन से अधिक मनरेगा श्रमिकों ने मतदाता जागरूकता अभियान को पर्व की तरह मनाया। मिटती पर चित्रकारी, और रंगोली बनाई गई जो चर्चा का विषय बना हुआ है। विकास खण्ड गैंडस बुजुर्ग के ग्राम सभा पिंडिया खुर्द में आज मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ग्राम सभा के सभी मनरेगा श्रमिक उपस्थित हुए। सेल्फी प्वाइंट बनाया गया जिसमे महिलाओं ने खूब सेल्फी पोज अपने अपने मोबाइल में रिकार्ड किया महिला श्रमिकों ने अपने बच्चो संग सेल्फी प्वाइंट से फोटो शूट किया। हर कोई इस सुनहरे पलो को अपने मोबाइल में कैद कर लेना चाहता था। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी डा जितेन्द्र नाथ दुबे, ग्राम पंचायत प्रधान प्रतिनिधि मनोज सोनकर, ट्रेटर सारदा सहायक परियोजना उत्तर प्रदेश सरकार के सदस्य, एवम समाजसेवी अशोक कुमार मिश्र, रोजगार सेवक विनोद कुमार यादव उपस्थित रहे।

# 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं सुधरी तिलखी बढ़्या गांव की स्थिति

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज



**आज़ादी** के 76 वर्षों बाद भी नही सुधर सकी ग्राम पंचायत तिलखी बढ़या की स्थित। बजबजाती नालियां रास्ते में भरा गंदा पानी, सड़क के नालियों तक अतिक्रमण हर तरफ़ से उठते गंध यही इस ग्राम सभा की पहचान है।

सरकार स्मार्ट शहर के साथ साथ स्मार्ट गांव बनाने के मार्ग पर अग्रसर है वहीं कुछ लापरवाह अधिकारीयों के चलते इस गांव की स्थित बहुत भयावह हो गई है। विकास खण्ड उतरौला क्षेत्र अन्तर्गत 1976मे प्रधान रहे पारस नाथ मिश्र ने गांव के सड़क पर खड़ंजा और नाली निर्माण कार्य किया था जो आज भी लगा हुआ है। पूरे क्षेत्र में उदाहरण दिया जाता था कि तिलखी बढ़या में ईट सोलिंग का मार्ग बनाया गया किंतू 46 वर्षो बाद भी उसी सड़क पर चलने को मजबूर हैं ग्रामीण। 90 वर्षीय कुंदन लाल कश्यप बताते है कि जिंदगी के अंतिम पड़ाव पर हूं हर नव निर्वाचित प्रधान को आस भरी निगाहों से देखा कि वर्षो से धंसी हुई सड़क टूटी नालियां जिनकी पहचान है क्या कोई ऐसा होगा जो इस गांव के स्थित को बदल सके किंतू ऐसा अब नही लगता कि स्थित में सुधार होगा। दुर्गा यादव, राधे श्याम यादव, चिट्टू यादव, सीता राम कश्यप, रामू कश्यप, राजू गुप्ता, जादू राम यादव, अशोक यादव, ने सड़क और नाली निर्माण की मांग सासन प्रशासन से की है।

# भानु को भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाने पर वकीलों ने जतायी खुशी

**कोंच (जालौन)।** क्षेत्र के सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा को आगामी लोकसभा चुनाव में एक बार फ़िर से भाजपा द्वारा उम्मीदवार बनाये जाने पर अधिवक्ताओं ने हर्ष जताते हुए सोमवार की देर शाम तहसील परिसर में मिठाई बांटी और एक दूसरे को बधाई देते हुए गोले दागे। पूर्व बार संघ अध्यक्ष हरीसिंह निरंजन, वर्तमान महामंत्री दीनानाथ निरंजन, राम चौरसिया, प्रमोद गुप्त, माताप्रसाद, कुलदीप सौनकिया, असित मिश्रा, आनंद निरंजन, राघवेन्द्र सिंह आदि अधिवक्ताओं ने कहा कि लोकप्रिय, जनप्रिय भानु प्रताप को एक बार फ़िर से उम्मीदवार बनाये जाने पर भाजपा केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं जो उन्होंने एक अच्छे उम्मीदवार की घोषणा की है।

# नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव पेटिका कार्यक्रम चलाया



उतरौला/बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**नगरपालिका** परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता ने श्याम प्रसाद मुखर्जी चौराहा पर विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव पेटिका कार्यक्रम चलाया। नगरपालिका परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्ता ने बताया कि आज विकसित भारत मोदी की गारंटी सुझाव आपका संकल्प हमारा कार्यक्रम के अंतर्गत श्याम प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर कैम्प लगाकर जनता से सुझाव पत्र के माध्यम से पत्र पेटिका में डलवाया गया। और कहा की फिर एक बार मोदी सरकार। इस मौके पर नगर अध्यक्ष सीवी माथुर, लक्ष्मी रतन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल, सभासद दुर्गेश कुमार, विष्णु गुप्ता, सन्तोष कसौधन, महेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सात दिवसीय होने वाले श्री राम कथा कार्यक्रम के कमल किशोर सिंह बनाए गए अध्यक्ष



**चोपन/सोनभद्र।** सोमवार की सायं प्रीतनगर स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर पर आगामी शिवरात्रि के दिन भव्य संगीतमय श्री रामकथा के आयोजन को लेकर बैठक किया गया जिसमें सर्वसम्मति से समाजसेवी कमल किशोर सिंह को आयोजन का अध्यक्ष बनाया गया उसके उपरांत कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए 9 मार्च से शाम 5ः00 बजे संगीतमय राम कथा का आयोजन कराया जायेगा।उक्त कार्यक्रम के संयोजक समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोड़ ने बताया कि विगत कई वर्षों से अथक प्रयास के बाद अयोध्या में श्रीराम लला विराजमान हुए हैं उसी के उपलक्ष्य में चोपन स्थित रामेश्वर मंदिर पर सप्तदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है लोगों से अपील है की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर राम कथा का श्रवण कर पुण्य के भागी बने।कथा का आयोजन अंतरराष्ट्रीय कथावाचक दिलीप कृष्ण भारद्वाज के मुखारविंद से सुनने को मिलेगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, मीडिया प्रभारी मनोज चौबे, सुशील सिंह, बबलू सोनी, धर्मेंद्र जायसवाल, हंसराज शुक्ला, पिंटू मिश्रा, प्रदीप अग्रवाल, मोम बहादुर, दिलीप गुप्ता, रघुराई, विकास सिंह छोटकु इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### रालोद विधान परिषद सदस्यों के चयन का स्वागत

**अयोध्या।** डॉ. राज कुमार सांगवान को बागपत,चंदन सिंह को बिजनौर तथा योगेश चौधरी को राष्ट्रीय लोक दल से विधान परिषद सदस्य प्रत्याशी बनाये जाने के लिए राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चौधरी जयंत सिंह के निर्णय का राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव विजय कुमार लाल श्रीवास्तव ने स्वागत किया है।श्री श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल एनडीए गठबंधन को 400 पार जिताने में अपनी पूरी ताकत ईमानदारी के साथ झोंकेगी।श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन देश को 2047 में दुनिया में सबसे मजबूत बनाना है।आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास के राजनीति की पूरी दुनिया कायल है।श्री श्रीवास्तव ने कहा की समाजवादी पार्टी लोकनायक जय प्रकाश,आचार्य नरेंद्र देव, चौधरी चरण सिंह और डॉ राम मनोहर लोहिया के विचारो से काफी दूर हो गई है।आज की समाजवादी पार्टी सिर्फ सत्ता के लिए पिछड़ो,दलित और अल्पसंख्यक का नाम ले रही है। उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार तक सिर्फ़ एक जाति की राजनीति की मुख?य केंद बिंदु बनी है।

### बार एसोसिएशन के चुनाव में उदयभान अध्यक्ष, बुद्ध सिंह बने,महामंत्री

**जालौन (उरई)।** नवीन बार एसोसिएशन तहसील जालौन की नयी कार्यकारिणी का गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया पूरी हुई। सर्वसम्मति से उदय भान सिंह सेंगर को अध्यक्ष व बुद्ध सिंह को सह महामंत्री चुना गया। तहसील परिसर में बने बार भवन में नवीन बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया पूरी हुई। एसोसिएशन की नयी कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से कर दिया गया है। चुनाव अधिकारी केसी त्रिपाठी, विनय दीक्षित ने सर्वसम्मति से हुए गठन की जानकारी दी। नयी कार्यकारिणी में सर्व सहमति से उदय भान सिंह सेंगर को अध्यक्ष, बुद्ध सिंह को सह महामंत्री व प्रदीप कुमार को मीडिया चुना गया। जबकि महामंत्री पद अनिल तिवारी का मुकाबला ओम नारायण सक्सेना से थे। जिसमें अनिल तिवारी ने 29 वोट पाकर 7 वोट से जीत दर्ज की। कोषाध्यक्ष पद पर प्रमोद चतुर्वेदी काम मुकाबला लोकेन्द्र सिंह सेंगर लोकेन्द्र सेंगर 26 वोट पाकर 1 वोट से जीत दर्ज की। इस मौके पर गोविन्द सिंह चतुर्वेदी , कमलेश कुमार प्रजापति , शैलेन्द्रकांत त्रिपाठी , आदित्य प्रताप सिंह , रामकेश , राकेश मिश्रा,विनय निगम, वीरेंद्र कुमार, सुभाष चंद्र मिश्रा, प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, राकेश कुमार, बुद्ध सिंह, कृष्ण चन्द्र त्रिपाठी, राजा सिंह तोमर, लक्ष्मीचन्द्र मिश्रा, लोकेंद्र सिंह सेंगर, रामकुमार आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा थाना चोपन का किया गया अर्धवार्षिक निरीक्षण

**चोपन/ सोनभद्र।** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा थाना चोपन का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक के थाने में आगमन पर सर्वप्रथम सलामी लिया गया तत्पश्चात् गार्द का निरीक्षण, थाना कार्यालय का निरीक्षण, बैरक व मेस का निरीक्षण व थाना परिसर में खड़े वाहनों का निरीक्षण किया गया तथा मालखाना में रखे गये शस्त्रो का निरीक्षण कर शस्त्रो को थाने पर नियुक्त पुलिस कर्मियो से हैण्डलिंग (खोलना व जोडना) कराया गया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह, उप निरीक्षक उमाशंकर यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### 6 किलो 210 ग्राम गांजा के साथ झारखंड निवासी युवक गिरफ्तार

**दुद्धी।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक आप0 व क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण में थाना दुद्धी पुलिस, द्वारा स्वीपर बस्ती को जाने वाली तिराहा पर चेकिंग किया जा रहा था कि मूरलीधर के मकान के पास स्वीपर बस्ती गली वार्ड न0 1 कस्बा दुद्धी के पास 01 नफर संजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 निर्मल साव निवासी ग्राम सलैया थाना रंका जिला गढवा झारखण्ड उम्र करीब 32 वर्ष को सोमवार को 17.10 बजे 6 किलो 210 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

### छेड़छाड़ कर मां-बाप के साथ मारपीट का लगाया आरोप

कोंच (जालौन)। एक किशोरी ने छेड़छाड़ कर माता पिता के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है। नगर के मुहल्ला गांधीनगर निवासी पीड़ित किशोरी ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे वह एसआरपी कॉलिज के पीछे खाली स्थान पर शौचक्रिया हेतु गयी थी तभी मुहल्ले के ही सनी नाम के युवक ने उसके साथ बलपूर्वक छेड़छाड़ की। जैसे तैसे भागकर वह अपने घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया परमहंस राममंगल दास का 131वां जन्मोत्सव



अयोध्या। समृद्धि न्यूज

**रामनगरी** के शीर्षस्थ संतों में शुमार प्रतिष्ठित परमहंस राम मंगलदास का 131वाँ जन्मोत्सव मंगलवार को रामनगरी की सिद्ध पीठ गोकुल भवन में पूरे भक्तिभाव के साथ मनाया गया। वर्ष 1893 में जनपद सीतापुर ईश्वरवारा में जन्में परमहंस राम मंगल दास अनेक दैवीय शक्तियों के स्वामी थे।बताया जाता है कि विभिन्न युगों के देवी देवताओं तथा सभी मत मतान्तर के सिद्ध पुरुषों से बाबा का साक्षात्कार होता था।उनके लिखे दिव्य ग्रंथ आध्यात्मिक जगत की अमूल्य धरोहर हैं।मंदिर महंत परशुरामदास द्वारा परमहंस जी की कृपामूर्ति का प्रथम पूजन किया गया।उसके बाद दूर दूर से आये भक्तों ने श्रद्धासुमन समर्पित करते गुरु स्मरण में अपने उद्गार व्यक्त किए,जिसका क्रम संध्याकाल तक चलता रहा। तत्पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बालानन्द पाण्डेय,योगेश शुक्ला, राकेश दास, कथाव्यास रासबिहारी महाराज, आचार्य सन्तोष अवस्थी, महेश श्रीवास्तव, रमेश वाजपेयी आदि सैकड़ो भक्त उपस्थित रहे।

# डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में एफएसटी-एसएसटी का प्रशिक्षण सम्पन्न

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज



**आगामी** लोकसभा निर्वाचन को पारदर्शी, निष्पक्ष,शंतिपूर्ण एवं प्रलोभनमुक्त रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशन में फ्लाइंग सर्विलांस टीम,स्टेटिक सर्विलांस टीम ,वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम व लेखा टीम का एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। आगामी लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी रूप से संपन्न कराए जाने हेतु जनपद में 36 फ्लाइंग सर्विलांस टीम तथा 42 स्टेटिक सर्विलांस टीम,08 वीडियो अवलोकन टीम,04 वीडियो अवलोकन टीम बनाई गई है। फ्लाइंग स्क्वायड टीम द्वारा चुनाव की घोषणा होने के बाद चारों विधानसभा में बनाए गए 14 चेक पॉइंट पर तैनात रहकर मुस्तैदी के साथ आने जाने वाले वाहनों आदि की चेकिंग की जाएगी। फ्लाइंग सर्विलांस टीम द्वारा सी विजिल एप के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण करते हुए निर्वाचन को प्रभावित करने वाले अनैतिक कार्यो पर नजर रखेगी। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा स्थाई निगरानी समिति एवं स्टेटिक सर्विलांस टीम को उनके कार्यो एवं दायित्वों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि एफएसटी एवं एसएसटी टीम में लगे मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी आपस में बेहतर सामंजस्य के साथ कार्य करेंगे। सभी पूर्व में ही दिए गए क्षेत्र का भ्रमण कर ले। वाहनों आदि की चेकिंग के दौरान पूरी प्रक्रिया का वीडियोग्राफी अवश्य कराए। लोगो के साथ शालीन व्यवहार करते हुए चेकिंग प्रक्रिया की जाए। इस दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा सी विजील एप के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान समस्त एफएसटी ,एसएसटी टीम के सदस्य व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिये भानुप्रताप को जितायें

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज




**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिये हम सभी को भानुतताप वर्मा को लोकसभा पहुंचाना ही होगा। यह तभी संभव होगा जब समूची पार्टी एकजुट होकर चुनाव में मेहनत करें और मतदाताओं को प्रधानमंत्री की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभार्थियों से मिलकर उनके मन की बातों को सुनें। उक्त बात लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव संचालकों की बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुये नरोत्तम मिश्रा पूर्व गृहमंत्री मप्र ने कही।

मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने जालौन-गरौठा-भोगनीपुर संसदीय क्षेत्र की लोकसभा संचालन समिति व पांचों विधानसभा चुनाव संचालक समित की बैठक मणिन्द्रालय गेस्ट हाउस उरई में संपन्न हुई जिसके मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री मध्य प्रदेश नरोत्तम मिश्रा रहे। विशिष्ट अतिथि कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल थे। मुख्य अतिथि ने चुनाव जीतने का मंत्र दिया उन्होंने कहा की हम सब का प्रत्याशी कमल का फूल है आप सभी कार्यकर्ता को भानु प्रताप वर्मा बनकर चुनाव लड़ना है उन्होंने कहा कि हम सबको अपना अपना बूथ जीतना हैं जब हम बूथ जीतेंगे तभी हम विधानसभा वा लोकसभा जीतेंगे लोकसभा जीतकर हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्ता में लाना है जिससे हमारा भारत विश्व गुरु बन सकेगा। विशिष्ट अतिथि ने सभी को अपने अपने कार्यों का विभाजन कर उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी वोटर लिस्ट पन्ना समित की जिम्मेदारियां दी। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री सांसद भानु प्रताप वर्मा, किलिस्टर संतविलास शिवहरे, लोकसभा प्रभारी मदन पांडे संयोजक श्याम किशोर सिसोदिया, जिला प्रभारी अशोक जाटव, जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, विधायक मूलचंद्र निरंजन, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, गरौठा विधायक जवाहर राजपूत, अशोक गिरी, डा. घनश्याम अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष, अनिल यादव, उदयन पालीवाल, संजीव उपाध्याय एवं जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एक दिन की बारिश ने खोली पीडब्ल्यूडी जिला पंचायत की पोल

चोपन/सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

**विकास खण्ड** चोपन के पटवध बसकटवां-कुरूहुल सम्पर्क मार्ग का निर्माण के महज पन्द्रह दिनों के बाद उखड़ कर जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो जाने से मार्ग की हालत दयनीय हो गयीं है। इससे ग्रामीण,राहगीर और वाहन चालक काफी परेशान हैं, और जगह-जगह गढ्ढे लोगों के लिए मुसीबत बन रहीं हैं, कई बार तो इस सड़क पर दुपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो जाते हैं, और कई बार तो उनकी जान पर बन आती है वहीं मार्ग का निर्माण महज़ दो सप्ताह पूर्व हुआ है। इससे खफा लोगों ने आंशिक रूप से मंगलवार की सुबह पीडब्ल्यूडी विभाग एवं जिला पंचायत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी किया और ग्रामीणों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग/जिला पंचायत विभाग व उसके ठेकेदार द्वारा इस मार्ग एवं नाली में भ्रष्ट्राचार व जमकर मनमानी किया गया है। जिसके कारण महज दो सप्ताह में यह मार्ग पर जगह-जगह गढ्ढे में तब्दील होकर उखड़ गया। स्थानीय युवा नेता आशुतोष गुप्ता का कहना है कि जल्द आरसीसी रोड एवं रोड के दोनों पटरी में कवर्ड नाली निर्माण कार्य सही तरीके से एक माह के भीतर नहीं हुआ तो हम सब मिलकर बड़े पैमाने पर जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी पीडब्लूडी/जिला पंचायत व जिला प्रशासन की होंगी। प्रदर्शन एवं सड़क जाम करने वालों में मुख्य रूप से अमरजीत सिंह, अदलगंज के ग्राम प्रधान अशोक मौर्या, कमलेश मौर्या, शशीकांत मौर्या, शिव मूरत गुप्ता, संजय तिवारी, रामबली गोंड, रामबिलाश साहनी आदि सैकड़ों कि संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# किसानों को उचित मुआवजा दे सरकार: अवधेश

- किसान पंचायत में संगठन का किया गया विस्तार

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



एसएन गेस्टहाउस में हुई भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की पंचायत में असमय हुई बारिश व ओला गिरने से हुए नुक्सान का उचित मुआवजा देने की मांग सरकार से की गई। इस मौके पर संगठन का विस्तार भी किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा किसानों को परेशान करने पर अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष पवन तिवारी ने कहा हमारा संगठन निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। इसी लिए अन्य संगठनों के लोग हमसे जुड़ रहे हैं। हम किसी भी सदस्य से कोई शुल्क नही लेते हैं। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता महिंद्रा, बालेंद्र यादव और विवेक गुप्ता की संतुति पर विवेक गुप्ता बेवर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, एडवोकेट प्रमोद कुमार दुबे को प्रदेश सचिव विधि प्रकोष्ठ, अभिनव त्रिपाठी को प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, अनुराग उपाध्याय को मंडल उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ गौतम बुद्ध नगर, राजेश दीक्षित को मंडल उपाध्यक्ष, उपेंद्र पाल को मंडल उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, मुकेश यादव मास्टर को मंडल उपाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, नवीन शुक्ला को जिला उपाध्यक्ष युवा, राहुल पांडेय को जिला सचिव युवा, अंकित शर्मा को जिला उपाध्यक्ष युवा, रोहित कुमार को जिला उपाध्यक्ष किसान कल्याण प्रकोष्ठ फर्रुखाबाद, बलराम वर्मा को जिला उपाध्यक्ष, रावेंद्र को तहसील उपाध्यक्ष युवा व अरविंद यादव को ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभी को 15 दिन में अपनी कमेटियां गठित करने का निर्देश राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने दिया।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता के संचालन में हुई किसान पंचायत में सुधीर कुमार, अनुपम वर्मा, गोपाल दुबे, कुलदीप दुबे, अनुज, अश्वनी मिश्रा, सुखेन्द्र सिंह राठौर, रितिक वर्मा, आशीष चौहान, श्याम वर्मा, ऋषभ दुबे, शिवराम सिंह सेंगर, शिवकांत शुक्ला, शैलेंद्र लोधी, अमित सिंह, राहुल कुमार, अजीत पांडेय, पंकज कुमार पाल, विनीत कुमार टिंकू सभासद, सनी खान, ज्ञान प्रकाश वर्मा, प्रमोद कुमार त्रिपाठी, शुभम पांडेय, कौशलेन्द्र सिंह, संजीव कुमार, गौरव गुप्ता, नवीमुकुंद, ताहिर खान व तौफीक अहमद आदि मौजूद रहे। अंत में संरक्षक राजपाल सिंह चौहान व अटल प्रकाश चतुर्वेदी ने सबका आभार जताया।

# संदिग्ध हालातों में फांसी पर लटकता मिला अज्ञात युवक का शव

- ठठिया थाना क्षेत्र के कड़ेरा गांव के निकट माइनर के पास मिला शव

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**



घटनास्थल पर मौजूद ठठिया पुलिस व ग्रामीण

**ठठिया थाना** क्षेत्र के कड़ेरा पुलिया के माइनर के निकट मंगलवार की दोपहर एक चिह्न के पेड़ से गमछे की मदद से फांसी पर लटकता हुआ एक 26 वर्षीय युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। सूचना पर पहुंची ठठिया पुलिस ने संदिग्ध हालातों को देख फोरेंसिक टीम को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया है। मंगलवार की दोपहर कड़ेरा गांव के कुछ लोग जब माइनर के किनारे अपने खेतों पर काम करने के लिए पहुंचे, तो उन्हे एक युवक का शव पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकता दिखाई दिया। इस पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। मामले की सूचना ठठिया थानाध्यक्ष को दी गई। सूचना पर पहुंची ठठिया पुलिस ने संदिग्ध हालातों में मृतक को फंदे पर लटकता देखा। इसपर पुलिस ने फारेसिंक टीम को सूचना दी। सूचना पर पहुंची टीम ने कुछ साक्ष्य जुटाए। उधर आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि मृतक युवक चिह्न के पेड़ पर लटक रहा था। उसके पैर जमीन को छू रहे थे। जिस बजह से आत्महत्या की संभावना नहीं लग रही थी। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। मौत की सही बजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

# खबरें चलते-चलते

## एक वारंटी अभियुक्त व 20 लीटर कच्ची शराब सहित एक अभियुक्त को जेल भेजा गया

**तालग्राम छिबरामऊ।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्ग निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी देवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में मादक पदार्थ/ड्रग्स से सम्बन्धित एवं संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना तालग्राम पुलिस द्वारा अभियुक्त अशोक यादव पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम निकवा थाना तालग्राम जनपद कन्नौज उम्र करीब 60 वर्ष को मय 20 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष देवेश कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 दिनेश चन्द्र मय हमराह हे का धर्मवीर सिंह के द्वारा मुखविर की सूचना पर अभि0 के मसकन ग्राम मुण्डाला से वारण्टी नितेश पुत्र प्रताप सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम मुण्डाला थाना तालग्राम जनपद कन्नौज गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## फिल्म एक्टर आशीष चौहान को अंग वस्त्र व गणेश प्रतिमा भेंट कर से पूर्व राज्य मंत्री ने किया सम्मानित



**छिबरामऊ कन्नौज।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री विधायक का श्रीमती अर्चना पांडे के आवास पर जीरो से हीरो बने आशीष चौहान ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की फोटो पूर्व राज्य मंत्री को भेंट की। उत्तर प्रदेश सरकार की पूर्व राज्य मंत्री विधायक का श्रीमती अर्चना पांडे के आवास पर जीरो से हीरो बने आशीष चौहान मैं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का चित्र भेंट किया पूर्व राज्य मंत्री विधायिका ने भगवान गणेश का चित्र हीरो बने आशीष चौहान को भेंट किया और अंग वस्त्र भेद किए राजेश पांडे राहुल रतन पांडे बिसवन पांडे कीर्ति पांडे गौरव द्विवेदी राकेश मिश्रा अजय चौबे अनूप पांडे विवेक दुबे डॉक्टर प्रत्युष दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

## बालिका से दुष्कर्म करने का प्रयास, जांच में जुटी पुलिस

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पड़ोसी युवक के विरुद्ध मेरापुर थाना पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के अनुसार मेरी पांच वर्षीय पुत्री घर के पास हैंडपंप से पानी भरने गई थी, तभी गांव का ही नशेड़ी युवक राजीव मेरी पांच वर्षीय पुत्री को ले गया। थोड़ी देर बाद मेरी पुत्री की चीखने चिल्लाने की आवाज आई। आवाज सुनकर मेरा भांजा दौड़कर मौके पर पंहुचास तभी राजीव मेरी पुत्री को छोड़कर खेतों की तरफभाग गया। मेरी पुत्री के गुप्तांग से खून निकल रहा था। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पंहुचकर जांच पड़ताल की। जब कार्यवाहक थाना प्रभारी अवधेश अवस्थी से जांनकारी की गई, तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## ब्लॉक गुगरापुर में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**कन्नौज।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में ब्लॉक गुगरापुर में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई। श्रीदेव दरबार इण्टर कॉलेज करीमपुर के प्रधानाचार्य सुशील कुमार कटियार ने मतदाता शपथ दिलाने के उपरांत मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरुकता रैली देव दरबार इण्टर कॉलेज से कछियापुर होते हुए ताज महमूदपुर के रास्ते से करीमपुर आश्रम पर समापन हुई। रैली में युवा मंडल सदस्यों के साथ-साथ श्रीदेव दरबार इण्टर कॉलेज करीमपुर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रैली के प्रतिभागियों ने 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' 'पहले मतदान, फिर जलपान' जैसे नारे लगाकर आम जनमानस को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रतीक्षा कटियार एवं प्रदीप कुमार द्वारा रैली के दौरान घर घर जाकर मतदान करने के लिए जागरूक करने के साथ साथ प्रचार सामग्री का वितरण भी किया।

# सत्ता पक्ष दबाव में सरकारी एजेंसियां निर्दोष व्यक्ति को बना रहीं दोषी: नवाब सिंह

- बीएसए दफ्तर में रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किए गए लिपिक के पक्ष में उतरे सपाई, कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते सपाई व डीएम को ज्ञापन सौंपते सपा नेतागण

**बीएसए दफ्तर** में रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किए गए लिपिक के खिलाफएंटी करप्शन टीम द्वारा की गई कार्यवाही को गलत बताते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रदर्शन किया। सपाईयों ने लिपिक को रिहा किये जाने की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफकार्यवाही की मांग की है।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में कलेक्टेऊट पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान नवाब सिंह यादव ने कहा कि बीएसए दफ्तर के लिपिक विमल पांडेय अच्छे व्यक्ति हैं। कहा कि आज जिस सत्ता पक्ष के इशारे पर सरकारी एजेंसियों के द्वारा निर्दोष व्यक्ति को दोषी बनाया जा रहा है। कहा कि सत्ता के खिलाफ आवाज उठाने वालो की आवाज को बंद करने के लिए सरकारी एजेंसियों का सहारा लेकर अनैतिक दवाब बनाया जा रहा है। इस तरह का कृत्य छोटे स्तर से लेकर बड़े स्तर तक किया जा रहा है। कहा कि लिपिक विमल पाण्डेय को सत्ता पक्ष के नेताओं के इशारे पर गलत तरीके से रिश्वतखोरी के मामले में फंसाया गया है। बीएसए दफ्तर में लगे सीसीटीवी फुटेज में क्लर्क को जबरदस्ती पैसे पकड़ाते हुए और उनके साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। श्री यादव ने कहा कि इसी तरह ईडी और सीबीआई का दुरूपयोग भी भाजपा सरकार में किया जाता है। श्री यादव ने कहा कि हम सभी समाजवादी लोग मांग करते हैं कि निर्दोष बाबू को न्याय दिया जाए और इस साजिश में शामिल लोगो को दण्डित किया जाए। प्रदर्शन में मौजूद अधिवक्ताओं के एक ग्रुप ने एंटी करप्शन टीम के खिलाफमुकदमा दर्ज कराए जाने की भी बात कही। प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं ने जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर एडवोकेट राकेश तिवारी, संजय दुबे, अनुराग अवस्थी, सुरेंद्र कुशवाहा, धर्मवीर पाल, विश्वनाथ कुशवाहा, सरस मिश्रा, राजपाल, संजीव मिश्रा, धर्मवीर पाल, सुरजीत यादव, कप्तान यादव, रानू सक्सेना, विमलेन्द्र यादव, कमलकांत प्रधान समेत तमाम सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क पर घायल मिले वृद्ध ने मेडिकल कॉलेज में तोड़ा दम

- देर शाम तक मृतक की नहीं हो सकी शिनाख्त, प्रयास में जुटी पुलिस
- उमर्दा के निकारीपुर्वा गांव के निकट गंभीर घायल अवस्था में मिला था वृद्ध

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के निकारीपुर्वा गांव के सामने तिर्वा-बेला मार्ग पर मंगलवार की भोर एक 60 बर्षीय बृद्ध सड़क पर घायल पड़ा मिला। मौके पर पहुंची उमर्दा पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। मृतक की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने सड़क हादसे में मौत होने की संभावना जताई है। पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया है।

उमर्दा चैकी प्रभारी हरेकृष्णा ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने उन्हे सूचना दी कि एक वृद्ध का शव लहूलुहान अवस्था में सड़क पर पड़ा है। इस पर वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एम्बुलेंस बुलाकर घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया। यहां कुछ देर उपचार के बाद वृद्ध ने दम तोड़ दिया। चैकी प्रभारी ने बताया कि मृतक के पास से उसकी शिनाख्त संबंधी कोई भी अभिलेख नहीं मिले है। जिस बजह से अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। शिनाख्त कराने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होन संभावना जताई कि सड़क हादसे के दौरान संभवता वृद्ध को किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिस कारण उसकी मौत हो गई।

# बजरंगी लाए खबरिया ,राम आए नगरिया झूमे श्रद्धालु



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**ग्राम** नॉगई खल्ला बजरंगबली मंदिर में आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ में बजरंगी लाए खबरिया, राम आए नगरिया सहित कई भजनों पर भक्त झूम उठे। आचार्य विनोद बाबू दीक्षित ने वैदिक मंत्रोचार के साथ राम दरबार का पूजन कराया सरस सुंदरकाण्ड वाचक आचार्य विशाल दीक्षित महाराज ने मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सुदरसथ अजर बिहारी..... संपुट के साथ सुंदरकाण्ड पाठ का सस्वर शुभारंभ किया बीच बीच मे उनके गाए भजनों तूने जो कमाया है कोई दूसरा ही खायेगा ... दुनिया चले न श्री राम के बिना ... श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में .... साथी हमारा कौन बनेगा तुम न सुनोगे तो कौन सुनेगा आदि भजनों को सुनाकर सभी भक्तों को रस में डूबा दिया इस दौरान मंगलम दुवे,राम जी अवस्ती, आदेश बाबू,प्रमोद कुमार,शीलू ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की पीड़िताओं को न्याय दिलाये जाने की मांग

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमन्त्री का फूंका पुतला, राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक दीपक वर्मा के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में राज्य सरकार के संरक्षित अपराधियों द्वारा महिलाओं के साथ किया गए जघन्य अपराधों के संदर्भ में न्याय दिलाने हेतु पंडित सुंदरलाल मेमोरियल डिग्री कॉलेज के गेट पर कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंक कर आक्रोश व्यक्त किया। वही कार्यकर्ताओं नें राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान दीपक वर्मा ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा बंगाल की महिलाओं व बहनों को न्याय दिलाने के लिए विद्यार्थी परिषद ने आंदोलन किया है। कहा कि विगत कुछ वर्षों से पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेश खाली क्षेत्र की महिलाओं के साथ यौन शोषण उनकी सामूहिक अस्मिता का हनन एवं उनके परिवारों पर संयोजित अत्याचार राज्य सरकार द्वारा संरक्षित अपराधियों द्वारा किया जा रहा है। अभाविप मानवता को शर्मसार करने वाली संदेशखाली घटना से आहत हैं और इसकी कठोर भर्त्सना करती है। जिला संगठन मंत्री चित्रांशु ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिला अधिकारी द्वारा राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति को अवगत कराया गया है कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा हिंदू घरों से जबरन नाबालिग कन्याओं व महिलाओं को चिन्हित कर उनका बलपूर्वक अपहरण कर राज्य के सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यालय में लाकर अत्याचार एवं दुराचार करने के कई जगह मामले सामने आए हैं। पीड़िताओं में अधिकांश महिलाएं अत्यंत पिछड़े एवं अनुसूचित वर्ग की है और उनके ऊपर हो रहे अत्याचार की अति से तंग आकर कई परिवार संदेशखाली से पलायन करने को मजबूर हैं इन महिलाओं को न्याय दिलाने में आपके द्वारा हस्तक्षेप किया जाए। मामले में राज्य सरकार की संलिप्तता को ध्यान में रखते हुए संदेशखाली के पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच केंद्रीय एजेंसी द्वारा कराई जाए एवं दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए। संदेशखाली की महिलाओं के ऊपर हो रही हिंसा एवं उनकी सामूहिक अस्मिता के हरण पर अविलंब अंकुश लगाए जाएं न्याय की सुगमता हेतु पीड़ित महिलाओं को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान कराई जाए वर्षों से मानसिक शोषण से धीरे-धीरे उबर हेतु इन महिलाओं को मनोचिकित्सको द्वारा परामर्श क्षेत्र की भी सुविधा प्रदान की जानी चाहिए वह वह मुक्त संदेश खली बनाने में केंद्रीय बलों की प्रति नियुक्ति की जाए ताकि परिवारों के पलायन पर विराम लगाया जा। अभाविप कार्यकर्ता साक्षी ने कहा कि भयमुक्त संदेशखाली बनाने में केंद्रीय बलो की नियुक्ति की जाए जिससे उत्पीड़न का शिकार हो रहे परिवारों के पलायन को रोका जा सके और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।इस अवसर पर रोशनी सिंह, सुनील, ईशान, विजय, चंदन, पवन एवं सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# लाखों की सरकारी लकड़ी को दबंगों ने चोरी से कटवाया



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**ग्राम पंचायत** की भूमि पर खड़ी सरकारी लकड़ी को गांव के ही दबंगों ने चोरी से कटवा लिया। उक्त लकड़ी की कीमत करीब 3 लाख रुपये बतायी गयी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पितौरा निवासी दीप शिखा पत्नी अनिल कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह ग्राम पंचायत पितौरा में प्रधान है। ग्राम पंचायत पितौरा की गाटा स0-719 रकवा 0.9220 हे0 जो कि रास्ता में दर्ज है तथा कुछ नरसिंहपुर की सरकारी जमीन पर काफी पुराने यूकेलिप्टिस के पेड़ खड़े थे। जिसकी कीमत लगभग 3 लाख रुपए होगी। गॉव के ही रविन्द्र सिंह गंगवार पुत्र नरेन्द्र सिंह उर्फ रामसरन गंगवार निवासी पितौरा थाना कायमगंज अपने कुछ साथियों के साथ उक्त सरकारी लकड़ी को चोरी से कटवा रहे थे। गॉव के ही कुछ लोगों द्वारा सूचना देने पर प्रधान पति ने मौके पर पहुँचकर लकड़ी काटने से रुकवा दिया, जबकि आधी से ज्यादा लकड़ी काटकर ट्रैक्टर में लदवाकर बेच चुके हैं। प्रधान पति अनिल कुमार के वहाँ से हटते ही उक्त लोग दबंगई से सारी सरकारी लकड़ी चोरी से काट ले गये।

**राजनीति** | कन्नौज प्रथम बार आये भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता का भाजपाईयों ने किया जोरदार स्वागत

# गरीब का दर्द: एक गरीब मां का बेटा मोदी ही समझ सकता है: अनूप गुप्ता

- तिर्वा रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित हुई बैठक में प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता और सांसद सुब्रत पाठक ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**





**भारतीय जनता** पार्टी द्वारा सांसद सुब्रत पाठक को एक बार फिर कन्नौज लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी बनाए जाने से भाजपाईयों में खुशी का माहौल है। मंगलवार को भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता के कन्नौज में प्रथम बार आगमन पर भाजपाईयों ने दोनो नेताओं का पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया। दोनो नेताओं का काफिला तिर्वा रोड गोल कुंआ स्थित एक गेस्ट हाउस पहुंचा जहा विशाल कार्यकर्त्ता बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कहा की हम सभी जानते है की 2014 से पहले देश की हालत बहुत खराब थी। जब आप सभी ने एक गरीब चाय बेचने वाले मोदी को देश प्रधानमंत्री बनाया तो प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने गरीब की चिंता करना चालू कर दिया और गरीब को विकाश की मुख्य धारा से जोडा। कहा कि अब भारत बदल गया है। कश्मीर से धारा 370 हट गई है। पहले कश्मीर में लाल चौक पर तिरंगा फ्हराने के लिए मिलिट्री लगानी पड़ती थी, लेकि अब कश्मीर में हर घर में तिरंगा फ्हर रहा है। उन्होने कहा कि यह सब मोदी जी के कारण ही संभव हो पाया है। कहा कि गरीब का दर्द एक गरीब मां का बेटा मोदी ही समझ सकता है। सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए बबुआ और पप्पू नही समझते है।श्री गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकारों में गरीब को सपना देखने पर भी पाबंदी थी। कुछ परिवार के लोग ही सपना देख सकते थे पर आज हर गरीब सपना देख सकता है और सपने को पूरा कर सकता है। यह ताकत मोदी ने इस देश के गरीब को दी है। सांसद सुब्रत पाठक ने अपने सम्बोधन में कहा कि मोदी जी ने गरीबी को बहुत करीब से देखा है, इसलिए वह गरीब के दुख को जानते है। मोदी जी की मां एक कमरे में रहती थीं। मोदी चाय बेच कर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। जब देश की जनता ने गरीब के बेटे को प्रधानमंत्री बनाया तो उस गरीब के बेटे ने देश के सभी गरीबों के परिवार की जिम्मेदारी ले ली। श्री पाठक ने कहा कि कई परिवार वादी पार्टियों ने मोदी के खिलाफ गठबंधन किया है, तो देश की जनता ने मोदी को जिताने के लिए गठबंधन कर लिया है। कहा कि कोई सत्ता में आता है तो वह अपनी जाति का विकास करता है कोई परिवार का विकाश करता है कोई अपना विकाश करता है। वहीं दूसरी तरफ मोदी जी हमेशा कहते है ये देश ही मेरा परिवार है। इस देश का विकास ही मेरा विकास है। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि हम सब को अपने अपने बूथ को जीतना है। क्योंकि बूथ जीता तो चुनाव जीता। उन्होंने ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी अबकी बार 400 प्लस सीटे जीतने जा रही है। कहा कि हम सबको मिलकर सुब्रत पाठक को फिर से सांसद बनाना है।

## वृद्ध समेत दो की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाम मुबारिकनगर निवासी मानसिंह उम्र 65 वर्षीय पुत्र मोहनलाल की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र मे लेकर आये। जहाँ डियूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 अमित कुमार ने वृद्ध मानसिह को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनो में कोहराम मच गया। वहीं दूसरी ओर कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला भज्जी निवासी पृथ्वीराज उम्र 40 वर्षीय पुत्र अमर सिंह की हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आये।

**आवश्यकता है।**

सूरज अल्ट्रासाउंड सेन्टर **छिबरामऊ** की मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक की आवश्यकता है। जनपद फर्रुखाबाद व कन्नौज एवं **छिबरामऊ** के युवक शीघ्र सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार देय होगा।

**सूरज अल्ट्रासाउंड सेंटर कानपुर रोड निकट गोपाल गेस्ट हाउस फतेहगढ़। मोबाइल नम्बर:- 9415167749**

# बारातियों से भरी बुलेरो ट्रक से भिड़ी, तीन की मौत

**तीन घायलों को हायर सेंटर किया गया रेफर, एक का लोहिया में चल रहा उपचार**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बीती रात** बारातियों से भरी बुलेरो की ट्रक से आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। जिससे कार सवार सात बाराती गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें सीएचसी मिर्जापुर ले जाया गया। जहां हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ चिकित्सकों ने तीन बारातियों को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि तीन घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जबकि एक घायल का लोहिया में ही उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार जनपद शाहजहाँपुर के कलान अब्दुला नगर निवासी मुनीश के पुत्र की बारात जलालाबाद में ग्राम मदनापुर गयी थी। देर रात सात बाराती बुलेरो पर सबार होकर वापस जा रहे थे। उसी दौरान बदायूं मार्ग पर नौगमा मुबारिकपुर के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक नें बुलेरों की आमनेस.सामने की भिडंत हो गयी जिससे बुलेरो के परखच्चे उड़ गये। मौके पर पंहुची पुलिस नें बमुश्किल बुलेरों में फंसे घायलों को बाहर निकाला। बुलेरो सवार शाहजहाँपुर के थाना कलान लक्ष्मणपुर निवासी 55 वर्षीय रमेश चन्द्र पुत्र करन सिंह, 24 वर्षीय रवित कुमार पुत्र हंसराम, 40 वर्षीय नेता पुत्र भगवान, 45 वर्षीय प्रेमपाल पुत्र लालू, 45 शीलचन्द्र पुत्र जगदीश निवासी अब्दुल्लानगर कलान, थाना मिर्जापुर के भऊआ नगला निवासी 25 वर्षीय रजनीश पुत्र धनपाल, 17 रामदीन पुत्र पहलवान निवासी लक्ष्मणपुर कलान गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को सीएचसी जरीयनपुर में भर्ती किया गया, लेकिन हालत गंभीर होनें पर सातों घायलों को 108 एम्बुलेंस से लोहिया अस्पताल में सुबह 4.50 बजे भर्ती किया गया। जहाँ घायल रजनीश व रामदीन को ईएमटी डा0 आकाश बंसल ने मृत घोषित कर दिया। इलाज के दौरान लगभग 20 मिनट के बाद घायल बाराती नेता पुत्र भगवान ने भी दम तोड़ दिया। घायल प्रेमपाल, शीलचन्द्र, रमेश चन्द्र को उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया, जबकि घायल रवित का लोहिया अस्पताल में उपचार चल रहा है।



लोहिया में भर्ती घायल — समृद्धि न्यूज

# श्रंगीरामपुर में लगने वाले मेले का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

**नाविक, गोताखोरों के नाम व मोबाइल नंबर की तैयार की जाये लिस्ट**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रृंगी ऋषि की तपस्थली श्रंगीरामपुर में लगने वाले मेले का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या व उनको होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि बाहर के राज्यों व जिलों से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिये। जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि नाव, नाविक व गोताखोरों के नाम व मोबाइल नंबर की लिस्ट तैयार करवाकर हर संबंधित अधिकारी को उपलब्ध करा दी जाये। उपजिलाधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं के स्नान के लिये 500 मी0 लम्बा घाट बनाया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। आवागमन के लिए एकल मार्ग व्यवस्था लागू की गई है। जिसमें खुदागंज की तरफ से श्रद्धालु आयेंगे व रजीपुर की तरफ से वापसी करेंगे इस। अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक कमालगंज व संबंधित लोग उपस्थित रहे।



मेले का स्थलीय निरीक्षण करते डीएम व एसपी

# व्यापारियों की समस्याओं से रुबरु हुए जिलाधिकारी

**सभी ने रखे अपने-अपने सुझाव**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में राज्य कर विभाग द्वारा जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में व्यापारियों द्वारा ई-रिक्शा संचालन की समस्याओं को उठाया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एआरटीओ, ईओ, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की कमेटी बनाकर रुट निर्धारण किया जाये। शहर में लाल सराय पर प्रस्तावित पार्किग स्थल की जगह का ईओ, सीओ सिटी, एआरटीओ व नगर मजिस्ट्रेट निरीक्षण करें व अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी तथा एक जेई को नामित कर नक्शा बनबायें व स्टीमेट तैयार करायें। जिससे उसके निर्माण की कार्यवाही आगे बढ़ सके। शहर में बंदरों के आतंक को रोकने के लिये डीएफओ, सीवीओ, नगर मजिस्ट्रेट व ईओ को निर्देशित किया कि वो इसका लीगल समाधान खोजें। शहर के मुख्य मार्गो पर व्याप्त अतिक्रमण के संबंध में ईओ को पुलिस के साथ मिलकर सर्वे करने व जिन व्यापारियों की दुकान के सामने स्थाई अतिक्रमण है उनसे ये जानकारी ले लें कि यह उनकी मर्जी से है या नहीं। सीओ सदर द्वारा बताया गया कि हथियापुर पुलिस चौकी के पास पड़े दो एक्सीडेंटल वाहनों को हटवा दिया गया है। उक्त बैठक में डीएफओ, नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



व्यापारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# प्रतिबंधित मांस की तस्करी में प्रधान पुत्र समेत नौ पर मुकदमा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** प्रतिबंधित मांस की तस्करी करने में प्रधान पुत्र सहित नौ के खिलाफ गौवध अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने एक आरोपित को मौके से हिरासत में लिया था। हालांकि पुलिस ने आरोपित का चालान नहीं किया। पुलिस अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है।

थाना पुलिस ने रविवार सुबह मुखबिर की सूचना पर गांव इकलहरा निवासी मैसर खां के घर छापेमारी कर प्रतिबंधित मांस बरामद किया था। पुलिस ने एक आरोपित को भी मौके से गिरफ्तार किया था। अन्य आरोपित मौके से फरार हो गए थे। पुलिस आरोपित व प्रतिबंधित मांस को थाने ले आयी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे गौरक्षक दल जिलाध्यक्ष दानवीर सिंह ने ग्रामीणों के साथ आरोपितों के घर से गौवंश की खाल, हड्डियां आदि बरामद कीं। जिसके बाद दानवीर व ग्रामीणों ने पुलिस पर आरोपितों को भगाने का आरोप लगाकर कंपिल-बदायूं मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर जाम खुलवाया। दानवीर सिंह की तहरीर पर सोमवार देर रात इकलहरा निवासी मैसर खां, प्रधान पुत्र जमशाद, ऐसर खां, तेजूब, लेजूम, इशरार, इरशाद व दो अज्ञात के खिलाफ गौवध अधिनियम के तहत सोमवार देर रात मुकदमा दर्ज किया गया। हालांकि हिरासत में लिए गए आरोपित का पुलिस तीन दिन बीतने के बाद भी चालान नहीं किया है। पुलिस अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी दिलीप कुमार कंचन ने बताया मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# खबरें चलते-चलते

## दबंगों ने मां-बेटी को मारपीट कर किया घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गांव में शादी समारोह में बज रही ढोलक में महिलाओं की कहासुनी होने पर घर पहुंची महिलाओं ने इसकी शिकायत अपने पतियों से की। जिस पर उनके पतियों द्वारा महिला तथा उसकी पुत्री के साथ घर में घुसकर मारपीट की गयी। पीड़ित महिला ने दबंगों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव राजारामपुर मेई निवासी राजरानी पत्नी अमर कुमार ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव में एक शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा था, तभी वहां बज रही ढोलक में अपनी पुत्री स्वाती के साथ पहुंची। वहां महिलाएं नाच गा रही थीं। जिसमें पीड़िता के बताए अनुसार उसकी पुत्री स्वाति भी नाचने गाने लगी। पुत्री के अच्छा नाचने पर महिलाओं में कहासुनी होने लगी। इतनी बात सुनकर आरोपी पक्ष की महिलाएं अपने घर गई और पीड़िता के बताएं अनुसार उन्होंने अपने पतियों को कोई बात बता दी। जिस पर उनके पति आरोपीगण घर में घुस आए और पीड़िता के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान उसकी पुत्री के भी चोटें लगीं। तब पीड़िता थाने आई और थाना पुलिस को गांव के ही नामजद आरोपी अतर सिंह, राकेश कुमार, विपिन कुमार के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। थाना पुलिस ने पीड़िता को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## पिकअप ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, छह सवारियां घायल



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे उस पर सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सदानंद उर्फ सिद्धू निवासी गदनापुर ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। मंगलवार को ई-रिक्शा चालक अभय प्रताप पुत्र कृष्ण मुरारी, कुणाल पुत्र कृष्ण मुरारी, कृष्ण मुरारी की पत्नी, कृष्ण मुरारी के अलावा नसरतपुर के दो और लोगों को लेकर जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप चालक संदीप निवासी ग्राम पंचात भम्मौआ ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उस पर बैठी सवारियां घायल हो गयीं। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया।

## पाक्सो एक्ट में अभियुक्त को सात वर्ष का कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने मु0अ0सं0 347/2016 दोष सिद्ध अभियुक्त अनूप कुशवाहा को सिद्ध अपराध में धारा-3/4 लैंगिंग अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के अधीन वर्णित दण्डनीय अपराध के अभियोग में अभियुक्त अनूप कुशवाहा को सात वर्ष के कारावास व 10,000/- रुपये के जुर्माने से दण्डित किया है। इसके अलावा धारा 363 आई.पी.सी. में अभियुक्त अनूप कुशवाहा को पांच वर्ष के कारावास व 10,000/- रुपये के जुर्माने से दण्डित किया है। वहीं धारा 366 आई.पी.सी. में अभियुक्त अनूप कुशवाहा को पांच वर्ष के कारावास व 10,000/- रुपये के जुर्माने से दण्डित किया है।

## जानवर के हमले से महिला घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम देवरा निवासी शकुन्तला उम्र 38 वर्षीय पत्नी बहादुर मवेशी के हमले से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन घायल अवस्था में महिला को कायमगंज समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया।

# देवर की अश्लील हरकतों से तंग गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना अमृतपुर के अंतर्गत ग्राम गुडेरा निवासी अजीत कुमार उर्फ भूरे की 29 वर्ष की पत्नी पूनम ने आज रात फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक्का के पति अजीत कुमार ने सूचना अपनी ससुराल को दी। सूचना मिलते ही मृतक के पिता मेंबर पाल सिंह निवासी कनारी बाक थाना अल्लहगंज जिला शाहजहांपुर पुत्री के घर परिवार सहित पहुंचे। उन्होंने अमृतपुर थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि मेरी पुत्री के साथ देवर इंद्रजीत ने सोते समय गलत कार्य किया। जिसका विरोध करने पर मारपीट की। ननद रानी बचाने गई, तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। पुत्री ने हमें फोन से सूचना दी। इससे नाराज देवर इंद्रजीत, सास मुन्नी देवी ने मेरी पुत्री के गले में कपड़ा कसकर उसकी हत्या कर दी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी और फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। उप निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने शव का पंचनामा भरकर डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया। मृतक के पिता मेंबर पाल सिंह ने बताया कि हमारी 9 संतानों में यह बेटी चौथे स्थान की थी। वर्ष 2013 में इसकी शादी की थी। जिससे दो बेटिया दिव्यांशी (6), अंजलि (2) वर्ष है। तीसरा बच्चा पेट में पल रहा था। सूचना पर पहुंचे भाई रत्नेश, विपनेश, उपदेश, प्रवेश का रो-रोकर बुरा हाल था।



जांच पड़ताल करती पुलिस व इन्सेट में मृतका का फाइल फोटो

# टूर पर गये बच्चों ने देखा ऐतिहासिक स्थल संकिसा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**विज्ञान क्विज** प्रतियोगिता में पास हुए एक सैकड़ा बच्चों को खंड शिक्षाधिकारी ने टूर पर ले जाकर विभिन्न जानकारियां दीं।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय परिसर में बने खंड शिक्षा कार्यालय पर प्रखंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने कल क्विज विज्ञान की प्रतियोगिता करवाई थी। जिसमें एक सैकड़ा बच्चे उत्तीर्ण हुए थे। उन बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी मंगलवार को बस के द्वारा मोहम्मदाबाद विकास खंड के क्षेत्र संकिसा ले गये। जहां बच्चों ने विभिन्न प्रकारों के कार्यक्रमों का आयोजन किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने समस्त एक सैकड़ा छात्र-छात्राओं को ड्रेस, बैग तथा भोजन मुहैया कराया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अबकी बार कई विद्यालयों से जरूरतमंद बच्चों को चिन्हित कर उनको ही टूर पर ले आयेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया की विज्ञान क्विज प्रतियोगिता 2023-24 में एक्सपोजर विजिट टूर संकिसा बौद्ध स्थल तक कराया गया। जिसमें एक सैकड़ा बच्चों ने प्रतिभाग किया। क्विज के प्रभारी एआरपी बलवीर सिंह, सुरेश चंद्र सिंह, एआरपी पंकज यादव, एआरपी बृजेश, पुष्कर, आरपी प्रदीप पाल सहित महिला शिक्षक बबीता गुप्ता, प्रतिभा शाक्य, स्नेह लता यादव, प्रीति सिंह, विनीत पाल, पुरुष शिक्षक में नरेंद्र सिंह यादव, नरेंद्र शाह, भूपेंद्र सिंह, विजय सिंह, सुनील कुमार, संजय यादव आदि कई शिक्षक मौजूद रहे।




संकिसा में टूर के दौरान मौजूद बच्चे — समृद्धि न्यूज

# भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर 20 बसें अयोध्या के लिए रवाना

**रामलला के दर्शन करेंगे कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष ने दिखायी झंडी**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**प्रभु श्रीराम** के दर्शन करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को 20 बसों से अयोध्या रवाना किया गया। बसों को मंडल अध्यक्ष राजेश प्रताप ने श्रीरामजी का झंडा दिखाकर रवाना किया।

जानकारी के अनुसार भोजपुर विधानसभा की तरफ से आज 20 बसों को अयोध्या श्री राम दर्शन के लिए दर्शनार्थियों को भेजा गया। ब्लॉक कमालगंज के काफी भाजपा कार्यकर्ताओं को श्रीराम के दर्शनों का निमंत्रण पत्र भेजा गया था। जिसमें 5 मार्च की तारीख सुनिश्चित की गई थी। पार्टी की तरफ से 20 बसें भेजी गयीं। जिसमें मोहम्मदाबाद, खिमसेपुर, कमालगंज, बढ़पुर, फर्रुखाबाद सहित तमाम गांव के पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए भेजा गया, तो वहीं बसों को मंडल अध्यक्ष राजेश प्रताप ने श्रीरामजी का झंडा दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शीलचंद की तरफ से भोजन की व्यवस्था की गई। इस मौके पर पंकज राजपूत, बबलू राजपूत, राजेश प्रताप, प्रदीप कुमार, रामनिवास शर्मा, दिलीप श्रीवास्तव, रिंका सहित तमाम लोग मौजूद रहे।




बसों को झंडी दिखवाते मंडल अध्यक्ष

**निर्देश** | **सभी सचिवों को रात में ब्लाक पर रुकने के दिये कड़े निर्देश**

# डीडीओ को ब्लाक में मिली खामियां, कई का रोका वेतन

**एडीओ आईएसबी को कायमगंज ब्लाक भेजने की दी चेतावनी**

**शमशाबाद/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**विकास खंड** कार्यालय में दोपहर 12 बजे जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने पहुंचकर सबसे पहले बीबीएम मेराज व उजैर के कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर में गंदगी देख नाराजगी जाहिर की। अलमारी में रखे अभिलेखों को देखकर जिला विकास अधिकारी का पारा चढ़ गया और एपीओ कार्यालय मनरेगा सेल में मौजूद मनरेगा एकाउंटेंट रवि राजपूत व एकाउंटेंट सहायक राहुल यादव तथा एडीओ पंचायत के लिपिक कौशलेंद्र को जमकर फटकार लगाई तथा कार्यालय में व्यवस्थाएं सुधारने के कड़े निर्देश दिए। वहीं वेतन काटने की भी चेतावनी दी। इसके बाद मनरेगा कार्यालय में खुले में रखे अभिलेख देख जिला विकास अधिकारी का पारा चढ़ गया तथा मनरेगा कर्मचारियों को फटकार लगाई। अभिलेखों को व्यवस्थित कर अच्छे ढंग से रखने के निर्देश दिए। विकास खंड कार्यालय में पहुंचकर एकाउंटेंट सहित ब्लाक सोशल ऑडिट क्वार्डिनेटर रिंकी गंगवार सहित तीनों के अभिलेखों की जांच की। कार्यालय में भी अभिलेख सही ढंग से रखे ना मिलने पर जिला विकास अधिकारी ने सभी कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। लिपिक राज भारती को जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने अभिलेख ठीक ना होने पर वेतन काटने की चेतावनी दी। एकाउंटेंट सुनील कटियार के अभिलेख व तीनों रजिस्टर सही न पाए जाने पर जमकर फटकार लगाई और वेतन काटने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद विकास खंड अधिकारी कार्यालय में बैठकर कर्मचारियों को बुलाकर अभिलेखों की बारीकी से जांच की। किसी भी कर्मचारी के अभिलेख पूर्ण नहीं मिले। एडीओ आईएसबी प्रशांत कटियार से डीडीओ ने अंबेडकर प्रोत्साहन योजना की जानकारी ली। प्रशांत कटियार कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। जिस पर जिला विकास अधिकारी ने नाराज़गी जताई और कायमगंज ब्लाक भेजने की चेतावनी दे डाली। जिला विकास अधिकारी ने सभी सचिवों को ब्लॉक परिसर में मौजूद आवास में रुकने के के बारे में जानकारी की। जिस पर खंड विकास अधिकारी शमीम अशरफने बताया कि सभी सचिव यहां नहीं रुकते हैं। जिस पर जिला विकास अधिकारी ने कहा की सभी सचिवों को आदेशित किया जाता है कि वह ब्लॉक परिसर में बने आवासों में ही रुके। मैं किसी वक्त रात में निरीक्षण करूंगा। उपस्थिति रजिस्टर में एक माह का अवकाश कालम में भरा देखकर जिला विकास अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी शमीम अशरफ को कड़ी चेतावनी दी और कहा एक सप्ताह का ही उपस्थिति रजिस्टर में अवकाश भरा जाए। सहायक विकास खंड अधिकारी की तैनाती के लिए भी जिला विकास अधिकारी ने आश्वासन दिया और एक माह पश्चात पुन निरीक्षण करने की चेतावनी दी। आईजीआरएस अभिलेख निरीक्षण में ऋषभ राजपूत को मनरेगा की मजदूरी नहीं मिली थी। इसकी शिकायत पर जिला विकास अधिकारी ने इसकी जांच की। इसकी जांच की रिपोर्ट में सचिव दिलीप कुमार ने मजदूरी के रुपए पीड़ित को मिल जाने की फर्जी आख्या लगा दी। जिस पर जिला विकास अधिकारी श्याम ने पीड़ित ऋषभ राजपूत के मोबाइल पर बात की। पीड़ित ने मनरेगा मजदूरी न मिलने की बात कही। जिस पर जिला विकास अधिकारी ने सचिव दिलीप से फोन पर बात की। सचिव दिलीप कुमार से बात की। जिस पर सचिव ने जिला विकास अधिकारी को गुमराह करते हुए बताया कि शिकायतकर्ता को नगद भुगतान कर दिया गया है। जिस पर जिला विकास अधिकारी का पर चढ़ गया और सचिव दिलीप कुमार को जमकर फटकार लगाई और कार्यवाही की चेतावनी दी और स्पष्टीकरण मांगा।



एपीओ को फटकारते जिला विकास अधिकारी — समृद्धि न्यूज

# छह हजार श्रद्धालु अयोध्या रामलला दर्शन के लिए हुए रवाना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- सांसद ने हरी झण्डी दिखाकर बसों को किया रवाना
- सभी मण्डल अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र से बसें ले गये अयोध्या

**भारतीय जनता** पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार जनपद से 6 हजार यात्री अयोध्या भेजे गये है। जिसे जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता व सांसद मुकेश राजपूत ने श्रद्धालुओं से भरी बसों को हरी झण्डी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना किया।

जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया पूरे जनपद से 90 बसों के साथ भाजपा पदाधिकारी सहित हजारों श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना हुए हैं। अयोध्या जाने वाले सभी श्रद्धालुओं का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया। सभी को मंदिर में दर्शन करने के लिए पास जारी किए गए हैं। अयोध्या में नवनिर्मित प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर के दर्शन के लिए अत्यधिक उत्साह है। जिलाध्यक्ष ने बताया इन 90 बसों में 6000 यात्री अयोध्या भेजे गए हैं। अयोध्या में दर्शन कराने के लिए संगठन के मंडल अध्यक्षों को जिम्मेदारियां दी गई थी। सांसद मुकेश राजपूत ने बताया कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद लोगों में मंदिर में स्थित प्रभु राम लला के दर्शन करने की उत्सुकता थी। संगठन द्वारा अयोध्या में दर्शन करने के लिए व्यवस्था की गई। लोकसभा के चुनाव में पूरे विपक्ष को उनके इस कृत्य का जवाब दिया जाएगा। जनता सनातन विरोधियों को किसी भी कीमत पर माफ नहीं करेगी। इस अवसर पर विधायक सुशील शाक्य, हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, शिवांग रस्तोगी, संजीव गुप्ता, अभिषेक बाथम, आदित्य मिश्रा आदि मौजूद रहे। वहीं फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष रामवीर सिंह व पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष विकास पाण्डेय एवं पूर्वी मण्डल अध्यक्ष राजकुमार वर्मा के नेतृत्व में 3500 कार्यकर्ता व पदाधिकारी राम मंदिर दर्शन हेतु अयोध्या रवाना हुए है। रामवीर सिंह चौहान ने बताया कि रामलाल के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद भाजपा के प्रत्येक जिले भाजपा नेताओं को अयोध्या ले जाने का कार्यक्रम तय किया गया था। जिसके तहत 5 मार्च को सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता फतेहगढ़ से अयोध्या के लिए रवाना हुए। सभी बसे छोटी जेल चौराहे पर इकट्ठी होकर अयोध्या के लिए रवाना हुई। जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने बताया कि पार्टी की ओर से प्रभु श्रीराम के दर्शन कराने के लिए जिम्मेदारी मिली है, उसी के तहत सभी श्रद्धालुओं को लेजाकर दर्शन करा रहा हूं। फतेहगढ़ क्षेत्र से मण्डल अध्यक्ष रामवीर चौहान के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अयोध्या जा रहे है। वहीं फतेहगढ़ मण्डल उपाध्यक्ष मनोज राजपूत ने बताया कि कार्यकताओं को प्रभु श्रीराम के नाम लिखें अंग वस्त्र भेंटकर कार्यकर्ताओं को अयोध्या रवाना किया गया। मनोज राजपूत के लगभग एक सैकड़ा भक्त अयोध्या पहुचेंगे। उनके साथ रामनरेश सक्सेना, पवन राठौर, सनी प्रजापति, प्रभा शाक्य, राहुल राजपूत, संतोष राजपूत, आयुष शाक्य, अंजलि राठौर, काजल राजपूत, लक्ष्मी शाक्य, सुशीला देवी, रवि कुशवाहा, बिताना देवी सभासद, रमला राठौर, मोनू कठेरिया, भरत कुमार कठेरिया, राज गौतम, आशु राठौर, सुनील गुप्ता, संजीव राठौर, अनुज चौहान, प्रियांशु राठौर, हिमांशु राठौर, राहुल राठौर आदि लोग मौजूद रहे।



अयोध्या दर्शन करने जाते भाजपा नेता व पटुका पहनाते मनोज राजपूत समृद्धि न्यूज

## आज नगर में निकाली जायेगी श्री महाकाल पालकी यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्री महाकाल मंडली के द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा श्री महाकाल की भव्य पालकी यात्रा का आयोजन 6 मार्च दिन बुधवार को निकाली जायेगी। यात्रा श्री पांडेश्वर नाथ मंदिर से शुरू होकर चौक, घूमना, स्टेट बैंक से पुनः पंडाबाग पहुंचेगी। महाकाल मंडली की हुई बैठक में तय किया गया है कि इस बार बाबा की पालकी के साथ-साथ श्री गौरी-शंकर का रथ, बालाजी का रथ, धूना गाड़ी, रोड झांकियां और श्री महाकाल डमरू दल यात्रा को भव्यता प्रदान की जायेगी। श्री महाकाल मंडली द्वारा आयोजित यात्रा में सभी भक्तों का सहयोग रहेगा। इस बार बाबा की पालकी में सभी भक्तगण अपने मित्रों व परिवार के साथ आये। पंडित प्रखर शर्मा द्वारा यात्रा की व्यवस्था की जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### नवें दिन किसानों का धरना जारी, आमरण अनशन शुरु



अनशन पर बैठे किसान नेता समृद्धि न्यूज

- आज किसान निकालेंगे कार, बाइक व ट्रैक्टर यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के समस्त किसानों की कृषि संबंधित एवं जनपद के विकास के लिए 26 फरवरी से हरिहरपुर के सामने धर्मपुर मढ़ी पर अनिश्चितकालीन किसान आंदोलन महापंचायत चल रही है। जनपद के जनप्रतिनिधियों की एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की अनदेखी के कारण महापंचायत अब आमरण अनशन में बदल गई है। जिला प्रशासन किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। इसी को लेकर विधायक से वार्ता अनुसार 3 दिन में मुख्यमंत्री अथवा शासन से बात करने की बात कही गई थी, जो निराधार साबित हुई है और किसानों के साथ फिर धोखा किया गया है। अब भारतीय किसान यूनियन भानू गुट जनपद के समस्त किसान भाइयों का आवाह्न के साथ 6 मार्च बुधवार को कार, बाइक व ट्रैक्टरों के साथ शासन प्रशासन को ताकत दिखाने के लिए यात्रा निकालेगा। साथ ही मंगलवार को किसानों का धरना व आमरण अनशन नवें दिन जारी रहा। इस मौके पर राजेश दीक्षित बबलू, नरेन्द्र सोमवंशी, मनोज राठौर, अरुण सिंह, अवधेश सोमवंशी के अलावा अमरेश शुक्ला, शिशुपाल सिंह राजपूत मौजूद रहे।

### पुत्री की गोद भराई की रस्म में बाधा डालने वाले दबंगों से डरा परिवार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुत्री की गोद भराई की रस्म अदा करते समय दबंगों ने दरवाजे पर आग गाली-गलौज कर धमकी दी। साथ ही कहा कि शादी में बाधा डालेंगे। पीड़ित परिवार ने पुलिस से शादी के दिन सुरक्षा मुहैया कराने की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बलीपुर निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र गब्बर सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया की बीते दिन उनकी पुत्री की गोद भराई का कार्यक्रम घर पर हुआ था। इसी दौरान गांव के ही दबंग आरोपीगण दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित ने बताया कि शादी समारोह में बाधा उत्पन्न करेंगे। जिसको लेकर परिजन काफी भयभीत हैं। पीड़ित ने थाना पुलिस को गांव के ही विशम्भर दयाल, केशव, आदेश, नीतू के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

### जीजा ने साली को उसके ही घर में गलत नीयत से दबोचा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना अंतर्गत ग्राम बघौना निवासी ज्योति पुत्री आसाराम ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया हमारे बहनोई मोतीराम पुत्र बदले निवासी गोकुलपुर थाना जैथरा जनपद एटा का मूल निवासी है। जो मेरे घर पर आज करीब शाम के लगभग 3.00 बजे आया और मुझे मेरे ही घर में गलत नियत से दबोच लिया। जब प्रार्थिनी की छोटी बहनें घर पर आई और चिल्लाने लगी, तभी मेरे बहनोई मोतीराम ने मुझे छोड़ दिया और मेरा मोबाइल भी छीनकर ले गए तथा धमकी दी कि अगर इसकी शिकायत थाने में की, तो तुझे जान से मार देंगे और अपने घर भाग गए। पुलिस में जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

### मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर टिलिया निवासी धर्मेन्द्र उम्र 28 वर्षीय पुत्र छविराम बाइक द्वारा किसी काम से बाजार आ रहा था। रास्ते में मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। वही कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गंगा दरवाजा निवासी हरीओम उम्र 38 वर्षीय पुत्र सोनेलाल भी मार्ग दुर्घटना मे घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से दोनो घायलो को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे लाकर भर्ती कराया गया।

### मार्ग दुर्घटना में दो बाइक सवार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरझाला निवासी आकाश उम्र 22 वर्षीय पुत्र कुद्धपाल गाँव के अरविन्द पुत्र सन्तोष कुमार के साथ बाइक द्वारा किसी काम से कायमगंज की ओर आरहे थे। रास्ते मे अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से दोनो बाइक सवार घायल हो गये। राहगीरो की मदद से दोनों घायलो को कायमगंज समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहां उपचार जारी है।

# क्रास कंट्री दौड़ व साइकिल रेस के साथ फतेहगढ़ महोत्सव का हुआ आगाज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**स्व0 ब्रह्मदत्त** द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में क्रास कंट्री दौड़ एवं साइकिल रेस के साथ फतेहगढ़ महोत्सव का आगाज हुआ। दो दर्जन से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार ने हरी झण्डी दिखाकर क्रास कंट्री दौड़ का शुभारम्भ किया। साइकिल रेस में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को समाजसेवी सपा नेता मोहम्मद युनूस अंसारी ने झण्डी दिखाकर साइकिल रेस का शुभारम्भ किया। छात्र वर्ग में विनीत कुमार प्रथम, हारुन द्वितीय, कैप्टन राजपूत तृतीय स्थान पर रहे। साइकिल रेस में छात्रा मोनिका राठौर प्रथम, लरी राठौर द्वितीय, संजेल यादव तृतीय स्थान पर रही। प्रतिभाग करने वाले छात्र सौरभ यादव, आर्यन राजपूत, समीम अंसारी, वर्धन दीक्षित, अंकित सिंह, विकास राजपूत, प्रशांत यादव, विपिन कुमार, सचिन, अमित राजपूत, सौरभ, निखिल आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर रिजवान अहमद ताज, युनूस अंसारी, जवाहर सिंह गंगवार, राजीव बाजपेयी, राघवेन्द्र सिंह रामू, मनोज कुमार, सानू शुक्ला, राहुल परमार, ओमप्रकाश चौटाला, हाजी अल्लादीन, मजहर मोहम्मद खां, इफ्तकार अहमद खां, मोहम्मद असलम के अलावा स्टेडियम कोच योगेश शुक्ला, सत्यम मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।



दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र समृद्धि न्यूज

# ब्लाक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**ब्लाक संसाधन** केंद्र राजेपुर में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। ब्लाक के समस्त न्याय पंचायतों से 167 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें कम्पोजिट विद्यालय इमादपुर सोमवंशी की शिवांगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय दारापुर की मंशा द्वितीय रही। उच्च प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर के शिवम मिश्रा तृतीय रहे। इस मौके पर एआरपी योगेश दीक्षित, एआरपी फूलचन्द्र, एआरपी अजय शुक्ला, संकुल प्रभारी दीपक मिश्रा, अभिषेक, हिमलेश शाक्य, अमिता, महेश सिंह, कुमार गौरव आदि लोग मौजूद रहे।



छात्र को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते एआरपी

# सपा महानगर में नितिन पाण्डेय को मिली सचिव पद की जिम्मेदारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा की अध्यक्षता में बजरिया स्थित उनके निवास पर बैठक सम्पन्न हुई। संचालन अमन भारद्वाज ने किया। राघव दत्त मिश्रा ने लोकसभा को और मजबूत करने के लिए कुइयां बूट जसमई निवासी नितिन पाण्डेय को महानगर सचिव मनोनित किया है। राघव दत्त मिश्रा ने बताया कि इनकी लग्नशीलता एवं ईमानदारी को देखते हुए पार्टी ने इन्हें जिम्मेदारी दी है। वह पूरी निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करेंगे और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश की रीति नीति का प्रचार प्रसार कर संगठन को मजबूत करते हुए लोकसभा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को विजय दिलायेंगे। बैठक में खुर्शीद खां, सत्यम अवस्थी, अमित यादव, हरिओम सक्ससेना, विक्कू यादव, मुकेश, कृष्णगोपाल शर्मा, तृप्ति पांडेय, डॉ0 शिवम अवस्थी, ठाकुर जयवीर सिंह, अभिषेक गुप्ता, अफजल खान, रवि बाल्मीक, सलीम अंसारी, अतुल वर्मा, अमन सैनी, मो0 नफीस, रिंकू यादव आदि मोजूद रहे।



राघव दत्त मिश्रा से मनोनयन पत्र प्राप्त करते नितिन पाण्डेय

# नई शिक्षा नीति के तहत छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**दुर्गा नारायण** महाविद्यालय फतेहगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सप्त दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग व मुख्य अतिथि प्राचार्या डा0 शशिकिरण सिंह, विशिष्ठ अतिथि डा0 सुंदर लाल ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया। संचालन डा0 एचएसएन गुप्ता व कार्यक्रम प्रभारी डा0 प्रज्ञा ने किया। प्रथम सत्र में डा0 शशिकिरण सिंह ने महिला सशक्तिकरण विषय पर प्राचीन व वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला। डा0 सुंदर लाल ने भारतीय संविधान में महिलाओं से संबंधित दिये गये अधिकारों एवं सरकार द्वारा चलाये जा रहे महिला सशक्तिकरण हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में स्वयंसेवकों को विस्तार से समझाया। प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग ने स्वयंसवेकों को महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। डा0 विनोद कुमार तिवारी ने वैदिक काल में महिलाओं की उदार स्थिति पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में नई शिक्षा नीति के प्रति स्वयंसेवकों को जागरुक किया गया। नई शिक्षा नीति पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें प्रथम स्थान पर प्रियांशी राजपूत, द्वितीय स्थान सुमित यादव, तृतीय स्थान पर साइन्द्री चौहान रही। चयनित बस्ती ग्वालटोली में नई शिक्षा नीति जागरुकता रैली निकाली गई। इस मौके पर आलोक बिहारी लाल शुक्ला ने एनएसएस कैम्प के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरुक किया। छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए उत्साह दिखाया। एनएसएस के लक्ष्य गीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर महाविद्यालय के डा0 वीके तिवारी, डा0 सतेन्द्र मिश्रा, डा0 अजहर जुनैद आलम, डा0 वीरभान सिंह, डा0 पंचम कुमार, डा0 मोहम्मद अमीन, विनय कुमार बाथम, सरस पाठक, प्रियांशु सिन्हा के अलावा शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।



जागरुकता रैली में भाग लेते छात्र-छात्रायें समृद्धि न्यूज

# रोवर्स रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारम्भ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मंगलवार को** लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज में रोवर्स रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। स्काउट गाइड के ध्वजारोहण की ट्रेनिंग दी गई। शिविर का उद्घाटन मां भारती की वंदना से हुआ। उद्घाटन सत्र में प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि सेवा ही परम धर्म है। इस शिविर के माध्यम से आप सब सेवा करना सीखेंगे। रोवर्स प्रभारी सत्य नारायण सिंह ने कहा कि रोवर्स/रेंजर्स नवयुवकों के लिए एक स्वयं सेवी, गैर-राजनीतिक शैक्षिक आन्दोलन है, जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए बिना किसी जाति, वंश तथा धर्म के भेदभाव के खुला है। यह 1907 में संस्थापक लार्ड बैडेन पावेल द्वारा संचालित किये गये लक्ष्य, सिद्धांत तथा पद्धति के अनुरूप है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व की समझ, विपरीत परिस्थितियों में कार्य करना, जनजागरूकता, राष्ट्र के प्रति संवेदनशील, धर्म, जाति, वर्ग लिंग के परे होकर सेवा प्रदान करने की भावना जागृत करने के लिए रोवर्स/रेंजर्स इकाई की स्थापना की गई है। प्रति वर्ष विशेष कैम्प लगाकर विद्यार्थियों को रोवर्स/रेंजर्स का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षणोपरान्त रोवर्स/रेंजर्स का सर्टिफिकेट दिया जाता है। महाविद्यालय में 1 यूनिट रोवर्स एवं 1 यूनिट रेंजर्स का गठन किया गया है। शिविर प्रशिक्षक तरुण कुमार शुक्ला ने प्रशिक्षुओं को ट्रेनिंग के दौरान विभिन्न सत्रों में क्या सिखाया जाएगा इसके बारे में बताया। ट्रेनिंग के दौरान विभिन्न सत्रों में प्रशिक्षुओं को स्काउट गाइड के इतिहास, इसके मोटो, उद्देश्य झंडा गीत, डायरी आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ0 आशीष तिवारी, डॉ0 मनीषा सक्सेना, ब्रजेश वर्मा, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, रितिक गुप्ता, दिनेश चंद्र, अभिषेक चतुर्वेदी, संजीव शुक्ला, अरविंद कुमार, अशोक बाथम आदि उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण में छात्रों को सम्बोधित करते प्राचार्य मौजूद शिक्षकगण

# गृहकलह के चलते नवविवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र का ग्राम कैंचिया निवासी लाली पत्नी मुकेश कुमार उम्र लगभग 20 वर्ष ने गृह कलह के चलते रात के समय मफलर से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं ग्रामीणों ने बताया है कि महिला का अपने पति से आए दिन झगड़ा होता रहता था। मृतका की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। मृतक का मायका भरेहपुर कोतवाली फर्रुखाबाद में बताया गया है। सुबह जब काफी देर होने के बाद महिला लाली जब अपने कमरे से बाहर नहीं आई। तब घर की महिलाओं ने कमरे को धक्का देकर खोला, तो महिला कुंडे से लटकी हुई थी। यह नजारा देख घर की महिलाओं में कोहराम मच गया। देखते ही देखते महिला के फांसी लगाने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई। महिला के फांसी लगाने की सूचना ससुरालीजनों ने महिला के मायके भेज दी। जिस पर महिला के परिजन महिला की ससुराल जा पहुंचे। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास जारी थे और पुलिस को सूचना नहीं दी गई थी।



मृतक का फाइल फोटो

# समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर किया पार्टी का प्रचार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य के समर्थन में समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ ने विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर पार्टी प्रत्याशी के लिए माहौल बनाया। सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कायमगंज क्षेत्र के विभिन्न गांव में जाकर जन सम्पर्क किया और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश की रीत-नीति व पार्टी का प्रचार-प्रसार किया। सपा की पूर्व सरकार द्वारा किये गये कार्यों को जनता को बताया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष केके यादव, जिला उपाध्यक्ष बृजेश सिंह, अमित कुमार यादव, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौजूद रहे।



सपा प्रत्याशी के लिए जन सम्पर्क करते पूर्व सैनिक

शिविर

## प्राचार्या डा. शालिनी ने प्रशिक्षिका व अतिथि को शाल ओढ़ाकर किया सम्मानित

# रोवर्स/रेन्जर्स के शिविर का विभिन्न गतिविधियों के साथ हुआ समापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मान्यवर कांशीराम** राजकीय महाविद्यालय निनौआ में प्राचार्य डॉ0 शालिनी के संरक्षण में रोवर्स/रेन्जर्स प्रभारी डॉ0 अमित कुमार व रोवर्स/रेन्जर्स प्रशिक्षिका चमन शुक्ला के द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को पांच दिवसीय शिविर के पंचम दिवस के समापन पर ध्वजारोहण एवं झण्डा गीत के साथ शुरु हुआ। मुख्य अतिथि डा0 एनएकेपी महाविद्यालय से आयी डा0 पारुल मिश्रा ने रोवर्स/रेन्जर्स की विभिन्न गतिविधियों के साथ छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया। महाविद्यालय में लगे कैम्प में प्रशिक्षिका द्वारा विभिन्न प्रकार की गाठों का प्रयोग कराया गया। कैम्प के आसपास छोटी सी खाई खोदकर उसके महत्व को बताया। सुरक्षा की दृष्टि से कैम्प के सामने आग व्यवस्था की जानकारी दी गई। कैम्प में लेटने, बैठने, उठने आदि सभी तरह की बातों को सीखाया गया। मुख्य अतिथि व प्रशिक्षिका को शाल ओड़ाकर प्राचार्या द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ0 पारुल मिश्रा, प्रशिक्षिणका चमन शुक्ला एवं प्राचार्या ने कैम्प का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं की कार्यशैली को देखा। मुख्य अतिथि डा0 पारुल मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन को यादगार बनाने के लिए प्रतिभा का प्रदर्शन करें। जिसके तहत वह नाम रोशन कर सकें। चमन शुक्ला द्वारा छात्राओं को प्रशिक्षण दिए जाने के लिए भी आभार व्यक्त किया। सभी छात्र/छात्राओं को उनकी लगन और प्रशिक्षण के समय ऊर्जावान बेहतर प्रदर्शन के लिए प्राचार्या ने धन्यवाद दिया। इस मौके पर हर्षित शर्मा, आयुष, वैभव शर्मा, सूर्यकांत, सुमित, विनय, अरुण, प्रियांशु लालू, अमित जाटव, अनिरुद्ध, सिम्मी शर्मा, शिवानी, शिखा पूजा, मुस्कान, बबली, किरण आदि छात्राएं उपस्थित रहीं।



समापन अवसर पर मौजूद प्रशिक्षिका चमन शुक्ला व प्राचार्या डा0 शालिनी

# पीएम आज बंगाल को देंगे 15 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

एजेंसी



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को फिर बंगाल आ रहे हैं। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना के बारासात में उनके कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उनकी सुरक्षा में तैनात रहने वाली एसपीजी ने कार्यक्रम स्थल को अपने कब्जे में ले लिया है और सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की जा रही है।

जिला पुलिस के अधिकारी भी बड़ी संख्या में मौजूद हैं। एक मार्च को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बंगाल आए थे और हुगली जिले के आरामबाग और नदिया जिले के कृष्ण नगर में दो दिनों के दौरान दो जनसभाओं और दो सरकारी कार्यक्रमों में भाग लिया था। इसके बाद अब बुधवार छह मार्च को एक बार फिर वह कोलकाता आएंगे। प्रधानमंत्री सुबह करीब 10:15 बजे कोलकाता में 15 हजार 400 करोड़ रुपये की कई कनेक्टिविटी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें सबसे महत्वपूर्ण हुगली (गंगा) नदी के नीचे चलने वाली देश की पहली मेट्रो सेवा सहित कोलकाता मेट्रो रेलवे की तीन परियोजनाएं शामिल हैं, जिसका प्रधानमंत्री उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री उसी दिन उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। महानगर में लोगों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए प्रधानमंत्री जिन तीन नए मार्ग पर मेट्रो सेवाओं का शुभारंभ करेंगे, उनमें कोलकाता मेट्रो के हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड खंड, कवि सुभाष-हेमंत मुखोपाध्याय खंड और तारातला-माझेरहाट मेट्रो खंड शामिल है। प्रधानमंत्री इन खंडों पर मेट्रो ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे।

### दुहाई-मोदीनगर नॉर्थ के बीच आरआरटीएस सेक्शन का उद्घाटन

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक के दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के 17 किमी लंबे अतिरिक्त सेक्शन का 06 मार्च को उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नमो भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुरादनगर आरआरटीएस स्टेशन पर हरी झंडी दिखाएंगे। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने मंगलवार को यहां बताया कि इसके साथ ही दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर प्रायोरिटी सेक्शन से आगे दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक का 17 किमी लंबा अतिरिक्त सेक्शन नमो भारत ट्रेनों का परिचालन के लिए तैयार हो जाएगा। इस सेक्शन में मुरादनगर, मोदी नगर साउथ और मोदी नगर नॉर्थ तीन स्टेशन शामिल हैं। इस सेक्शन के उद्घाटन से नमो भारत सेवाएं दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर 34 किमी के सेक्शन पर निर्बाध रूप से उपलब्ध हो जाएंगी, जिसमें साहिबाबाद से मोदीनगर नॉर्थ तक कुल आठ स्टेशन होंगे। दिल्ली को मेरठ से जोड़ने वाले भारत के प्रथम आरआरटीएस कॉरिडोर की आधारशिला मार्च 2019 में प्रधान मंत्री द्वारा रखी गई थी। इसके 17 किमी लंबे प्रायोरिटी सेक्शन को अक्टूबर 2023 में प्रधान मंत्री द्वारा यात्री परिचालन के लिए हरी झंडी दिखाई गई थी।

# माओवादी लिंक मामले में जीएन साईबाबा सहित छह आरोपी बरी

एजेंसी

**मुंबई।** बाम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने माओवादी लिंक मामले में 54 वर्षीय जीएन साईबाबा समेत छह आरोपितों को बरी कर दिया है। फैसला मंगलवार को जस्टिस विनय जोशी और जस्टिस वाल्मिकी एसए मेनेजेस की पीठ ने सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष इन सभी के खिलाफ आरोप साबित करने में विफल रहा।

कोर्ट ने सबूतों की कमी के लिए अभियोजन पक्ष को फटकार भी लगाई। कोर्ट ने 54 वर्षीय साईबाबा को दी गई आजीवन कारावास की सजा को रद्द करते हुए हेम मिश्रा, महेश तिर्की, विजय तिर्की, नारायण सांगलीकर, प्रशांत राही और पांडु नरोटे (मृतक) को निर्दोष करार करते हुए बरी कर दिया। हाई कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपितों के खिलाफ मामले को उचित संदेह से परे साबित करने में विफल रहा है। साथ ही आरोपियों पर कठोर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत आरोप लगाने के लिए ली गई मंजूरी को भी 'अमान्य और शून्य' माना। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष सभी आरोपितों के खिलाफ कोई कानूनी जब्ती या कोई आपत्तिजनक सामग्री स्थापित करने में विफल रहा है। पीठ ने कहा कि ट्रायल कोर्ट का फैसला कानून के तहत टिकाऊ नहीं है। अदालत ने कहा कि यूएपीए के तहत आरोपियों पर मुकदमा चलाने के लिए ली गई मंजूरी कानूनी और उचित नहीं थी। सभी आरोपितों पर मुकदमा चलाने की अवैध मंजूरी के कारण पूरा अभियोजन पक्ष खराब हो गया है। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट से अपने आदेश पर छह सप्ताह के लिए रोक लगाने का अनुरोध किया, ताकि वह सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर सके। इसके बाद कोर्ट ने रोक लगाने के लिए लिखित एक आवेदन देने का निर्देश दिया।

## खबरें एक नजर में

### चुनावी बाँड मामले में एसबीआई को मोहरा बना रही है सरकार

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि चुनावी बाँड भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की भ्रष्टाचारी योजना थी जिसे उच्चतम न्यायालय ने रद्द करके असंवैधानिक और अवैध करार दिया है लेकिन सरकार इस मामले में शीर्ष अदालत के फैसले को विफल करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक(एसबीआई) का इस्तेमाल कर रही है। श्री खड़गे ने आज कहा, मोदी सरकार चुनावी बाँड के माध्यम से अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने के लिए देश के सबसे बड़े बैंक को ढाल के रूप में उपयोग कर रही है। देश के शीर्ष न्यायालय ने चुनावी बाँड की मोदी सरकार की काला धन सफेद करने की योजना को ही असंवैधानिक, अवैध और आरटीआई का उल्लंघन करार देते हुए रद्द कर दिया था और एसबीआई को छह मार्च तक डेटा विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा था लेकिन भाजपा चाहती है कि इसे लोकसभा चुनाव के बाद किया जाए। लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म होगा और एसबीआई 30 जून तक डेटा साझा करना चाहता है। भाजपा इस फर्जी योजना की मुख्य लाभार्थी है। उन्होंने सवाल किया, क्या मोदी सरकार आसानी से भाजपा के संदिग्ध सौदों को नहीं छिपा रही है।

### जस्टिस अभिजीत गांगुली भाजपा में होंगे शामिल

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश के पद से मंगलवार को इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद ही अभिजीत गांगुली ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का ऐलान किया है। सात मार्च भाजपा में आधिकारिक तौर पर शामिल हो जाएंगे। इस्तीफा देने के बाद अपने घर पर उन्होंने मीडिया से बात के दौरान उन्होंने ऐलान किया कि मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं, क्योंकि यह पार्टी बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रही है। उन्होंने मंगलवार सुबह अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजा और इसकी प्रतियां प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम को भेजी है। भाजपा में शामिल होने के ऐलान के बाद जब उनसे लोकसभा चुनाव लड़ने के बारे में सवाल पूछा गया तो वह टाल गए। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने सात मार्च को एक सरप्राइज देने की घोषणा की थी, जिसे जस्टिस अभिजीत के आज हुए इस्तीफे के बाद उनके ऐलान से जोड़कर देखा जा रहा है।

### हल्द्वानी के बागजाला में 750 लोगों को नोटिस

**हल्द्वानी।** वन विभाग ने हल्द्वानी के बागजाला में 750 लोगों को नोटिस देने के साथ ही आज अतिक्रमण मुक्त वाली जमीनों के आसपास बोर्ड लगा दिया है। चेतावनी बोर्ड में लिखा गया कि भूमि पर कब्जे या अन्य किसी भी तरह से इस्तेमाल करने पर सीधा प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। गौलापार के हल्द्वानी तहसील के बागजाला में शनिवार को पुलिस-प्रशासन की मदद से वन विभाग ने आठ निर्माणाधीन मकानों को बुलडोजर से ध्वस्त किया था। इस दौरान करीब पौना हेक्टेयर जमीन कब्जे से छुड़वाई गई थी। इन लोगों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी भी दर्ज की थी।

### त्रिपुरा सरकार ने बढ़ाया कर्मियों का पांच फीसदी महंगाई भत्ता

**अगरतला।** त्रिपुरा की प्रो. डॉ. मानिक साहा सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों को मिल रहे महंगाई भत्ते में पांच फ़ीसदी का आज इजाफा किया गया है। इस आशय की घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. साहा ने त्रिपुरा विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन आज सदन को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा सरकार अपने कर्मचारियों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता कर्मचारियों को बीते 1 जनवरी से दिया जाएगा। का इस पर 500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च होगा। यह बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता पेंशनभोगियों पर भी लागू होगा। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के बाद त्रिपुरा के एक लाख छह हजार सरकारी कर्मचारियों तथा 82 हजार पेंशनभोगियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### चुनावी बॉन्ड का सच छिपाने को बैंक ने डेटा देने के लिए मांगा समय

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राजनीतिक दलों को चुनावी बॉन्ड से मिले चंदे के सच पर पर्दा डालने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र का भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चन्दे की राशि का विवरण देने के लिए समय मांग रहा है, जो डिजिटल इंडिया के युग में अत्यंत अव्यावाहारिक है और बताता है कि सच छिपाने का षड्यंत्र हो रहा है। कांग्रेस सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत में मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सच पर पर्दा डालने का षड्यंत्र हो रहा है और यह बात किसी को हजम नहीं हो रही है कि एक क्लिक में सारा डेटा उपलब्ध हो सकता है, लेकिन उच्चतम न्यायालय के आदेश के पालन को लंबा खींचने के लिए एसबीआई को मोहरा बनाकर चुनाव सम्पन्न होने तक डेटा देने के लिए समय मांगा जा रहा है।

# बंगाल में केंद्रीय एजेंसी के जरिए लोस चुनाव पर नजर रखेगा चुनाव आयोग

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए केंद्रीय एजेंसी का सहारा लेने जा रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को कई केंद्रीय एजेंसियों का एक संयुक्त पोर्टल बनाने की घोषणा की।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए रविवार शाम को मुख्य चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल पहुंची चुनाव आयोग की टीम ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसके पहले आयोग ने 22 केंद्रीय एजेंसियों के साथ बैठक की। आयोग ने राज्य के राजनीतिक दलों के साथ सर्वदलीय बैठक भी की। बैठक में तृणमूल समेत कुल आठ पार्टियां थीं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन सभी शिकायतों का जिक्र किया जो राजनीतिक दलों ने बैठक में उठाया था। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि धनबल के साथ-साथ बाहुबल के इस्तेमाल की भी शिकायतें दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि नौकरशाही निष्पक्षता से मतदान नहीं कराती है, इसकी शिकायत उन्हें सौंपी गई है। आयोग ने कहा कि वे मतदान से पहले और मतदान के बाद की हिंसा को रोकने की कोशिश करेंगे। राजीव कुमार ने कहा कि एक को छोड़कर सभी पार्टियों ने अतिरिक्त केंद्रीय बलों की मांग की है। आयोग के सूत्रों के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या आयकर विभाग जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियां भी चुनाव में कालेधन और अवैध धन लेनदेन पर नजर रखेंगी। राजीव कुमार ने बताया कि इस बार राज्य में 80 हजार से ज्यादा बूथों पर वोटिंग होगी। इस बार नए मतदाताओं की संख्या 15 लाख 25 हजार है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक डिप्टी सीएम के खिलाफ ईडी जांच को किया रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा शुरू की गई मनी लॉन्ड्रिंग जांच को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ कर्नाटक हाई कोर्ट के उस फैसले के खिलाफ कांग्रेस नेता की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें ईघ्डी के समन को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। ईडी ने आईटी विभाग द्वारा दायर आरोप पत्र के आधार पर शिवकुमार, दिल्ली में कर्नाटक भवन के एक कर्मचारी हौमनथैया और अन्य के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच शुरू की थी। जांच के दौरान, ईडी को शिवकुमार से संबंधित कथित तौर पर लगभग 200 करोड़ रुपए की बेहिसाब नकदी का पता चला। ईडी ने दावा किया था कि पैसा शिवकुमार के नियंत्रण वाले 20 बैंकों के 317 से अधिक बैंक खातों में जमा किया गया था।

# इसरो ने ओसीएम-3 एओडी उत्पाद किया विकसित

एजेंसी




**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ओशन कलर मॉनिटर (ओसीएम-3) एरोसोल ऑप्टिकल डेप्थ (एओडी) उत्पाद विकसित किया है जो भारतीय उपमहाद्वीप में वायु गुणवत्ता की गतिशीलता की जटिलताओं को निर्धारित करते है।

इसरो ने एक अपडेट में कहा कि शोधकर्ताओं को इस खुले डेटा की शक्ति को अनलॉक करने और एयरोसोल गतिशीलता में अभूतपूर्व अंतर्दृष्टि उत्पन्न करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। यह डेटा उत्पाद भारतीय उपमहाद्वीप के भूभाग पर वायु गुणवत्ता की गतिशीलता की जटिलताओं को निर्धारित करने में सक्षम बनाता है। इसे एसएसी एरोसोल रिट्रीवल (एसएईआर) एल्गोरिथम, एक अभिनव उपकरण का उपयोग करके विकसित किया गया है। यह ईओएस-6 उपग्रह डेटा का उपयोग करता है। इसरो ने कहा औपचारिक पंजीकरण के बाद उत्पाद एमओएसडीएसी के माध्यम से शोधकर्ताओं और छात्रों के लिए सुलभ है। यह डेटा भंडार शोधकर्ताओं को वायु गुणवत्ता की जटिलताओं को उजागर करने के लिए प्रेरित करता है जैसा पहले कभी नहीं हुआ। डेटा एक बेंचमार्किंग वायु गुणवत्ता सिमुलेशन मॉडल के रूप में कार्य करता है, जो विद्वानों और नीति निर्माताओं को स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

इसरो ने कहा कि ओसीएम-3 एओडी उत्पाद डेटा भारतीय भूभाग में एयरोसोल सांद्रता में अभूतपूर्व अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। यह वायुमंडल में निलंबित कणों की गहराई से जांच करता है, जिससे शोधकर्ताओं को वायु गुणवत्ता की गतिशीलता की जटिलताओं को सटीकता के साथ नेविगेट करने में मदद मिलती है। इसका उच्च-रिज़ॉल्यूशन डेटा पार्टिकुलेट मैटर (पीएम2.5/पीएम10) की गतिशीलता को प्रकट करता है, जो महानगरीय क्षेत्रों में उनके वितरण और परिवहन में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। इसरो ने कहा मामले के अध्ययन के अनुसार, हालिया जांच से पता चलता है कि 13 अक्टूबर, 2023 के बाद एओडी मूल्यों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, खासकर भारत-गंगा के मैदानी इलाकों में। दिल्ली लगातार उच्च एओडी मान प्रदर्शित करती है, जो दीपावली के दौरान और उसके बाद प्रदूषण के स्थायी प्रभाव को उजागर करती है।

# पीएम मोदी के सत्ता संभालने के बाद देश के हर वर्ग का हो रहा विकास : पुष्कर सिंह धामी

**▸ सीएम धामी ने किया रोड शो, लाभार्थी सम्मान समारोह में पहुंचे**

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी बड़कोट में भव्य रोड शो किया। मुख्यमंत्री के साथ यहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी पहुंचे। इस दौरान स्थानीय लोगों और महिलाओं ने पुष्प वर्षा के साथ सीएम धामी का स्वागत किया।

बड़कोट में रोड शो के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बड़कोट गांव के रामलीला मैदान में लाभार्थी सम्मान समारोह में पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यहां पार्टी ध्वज के साथ ढ़ोल दमाऊ की थाप पर सड़क पर रासो तांदी लोकनृत्य किया। टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह भी कार्यक्रम स्थल पहुंचीं। इससे पहले सोमवार को भी मुख्यमंत्री पुष्कर धामी लक्सर कस्बे में आयोजित लाभार्थी सम्मान समारोह में भाग लेने पहुंचे थे। इस दौरान सीएम धामी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेक कल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर देश को सिरमौर बना दिया है। कहा कि देश में युवा पीढ़ी का भविष्य बनाने के लिए अनेक शिक्षण संस्थाएं, तकनीकी स्कूल, विश्वविद्यालय व आईआईटी खोले जा रहे हैं। साथ ही गरीब, किसान, मजदूर, युवा कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद देश के हर वर्ग का विकास हो रहा है। हर वर्ग को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का भी लाभ मिल रहा है। कहा कि पहले चहेतों को ध्यान में रखकर नीतियां तैयार होती थीं। लेकिन अब देश और देशवाशियों की जरूरत के अनुसार नीति तय हो रही है। सीएम ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुमुखी विकास हो रहा है।

# आयोग 14-15 मार्च को कर सकता है लोस चुनाव की तारीखों का ऐलान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग आगामी लोकसभा चुनाव 2023 की तारीखों का एलान 14-15 मार्च को कर सकता है। सूत्रों का कहना है कि 2019 के लोकसभा चुनावों की तर्ज पर ही इस बार भी सात चरण में ही चुनाव कराए जा सकते हैं। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में पहले चरण के लिए मतदान हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि चुनाव आयोग अगले हफ्ते किसी भी दिन लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है।

फिलहाल आयोग आम चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए कई राज्यों के दौरे पर है। सभी राज्यों में तैयारियों का आकलन करने के बाद ही आयोग चुनाव की तारीखों की एलान करेगा। आयोग के अफसर अभी पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। इसके बाद टीम उत्तर प्रदेश और फिर जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगी। ये टीम 13 मार्च तक अपना दौरा पूरा कर लेगी। इस बीच चुनाव आयोग राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ लगातार बैठक भी करेगा। इस बीच चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक दल भी अपनी-अपनी तैयारियों में लगे हैं। चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही कई पार्टियों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सत्तारूढ़ भाजपा ने हाल ही में 195 सीट पर अपने प्रत्याशियों का एलान कर दिया है। वहीं आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल ने भी अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। चुनाव की घोषणा से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विभिन्न राज्यों के दौरे पर हैं। पीएम 10 दिन में 12 राज्यों और केंद्र शासित राज्यों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। पीएम मोदी इस दौरान तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे।

# 19 बार लॉन्च हुआ राहुलयान, प्रयास जारी

**▸ गृह मंत्री ने महाराष्ट्र में युवा सम्मेलन में कांग्रेस को घेरा**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह महाराष्ट्र दौरे पर है। उन्होंने जलगांव में युवा सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। शाह ने कहा कि आने वाला चुनाव 2047 में आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने का चुनाव है। ये चुनाव भारत के युवाओं और भारत के भविष्य का चुनाव है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भाजपा को वोट का मतलब - युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को वोट, भाजपा को वोट मतलब - महान भारत की रचना को वोट, भाजपा को वोट का मतलब - मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट। अमित शाह ने कहा कि आपमें से जो लोग पहली बार वोट करेंगे, मैं उन युवा साथियों से विशेषकर कहने आया हूं कि आप अपना वोट उस पार्टी को दीजिएगा जो पार्टी भारत माता को विश्वगुरु के स्थान पर बैठा पाए, महान भारत की रचना कर पाए। अपना वोट लोकतंत्र को मजबूत करने वाली पार्टियों को दीजिए।

उन्होंने कहा कि मोदी जी की खिलाफत करने वाली घमंडिया गठबंधन की सभी पार्टियां परिवारवादी पार्टियां हैं। सोनिया गांधी को राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। उद्धव ठाकरे को आदित्य ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाना है। शरद पवार जी को बेटी को मुख्यमंत्री बनाना है। ममता दीदी को भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना है। स्टालिन को अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है।

शाह ने सवाल करते हुए कहा कि क्या वे पार्टियाँ जिनके अंदर कोई लोकतांत्रिक मूल्य नहीं हैं, बल्कि परिवारवाद के दर्शन पर चलती हैं, देश के लोकतंत्र को बचा सकती हैं? उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 10 साल के अंदर से लेकर सेमी कंडक्टर तक, डिजिटल से लेकर ड्रोन तक, वैक्सीन तक और 5 प्रतिशत से लेकर फिनटेक तक हर क्षेत्र में युवाओं के लिए दरवाजे खोलने का काम किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी भविष्य के भारत के लिए तैयार हैं। 2030 तक दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनना है। 2035 तक अंतरिक्ष में स्टेशन स्थापित करना है। 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करनी है और 2040 में चंद्रमा पर भारतीय को भेजकर मून मिशन को पूरा करने का काम मोदी जी ने तय कर लिया है। एक ओर पीएम मोदी चंद्रमा पर चंद्रयान लॉन्च कर रहे हैं।

# हेलिओस बैलेंस्ड एडवांटेज फंड लॉन्च, 11 से शुरु होगा निवेश

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** हेलिओस म्यूचुअल फंड ने एक ओपन-एंडेड डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड, हेलिओस बैलेंस्ड एडवांटेज फंड (बीएएफ) लॉन्च करने की घोषणा की है। एनएफओ अपना अंशदान 11 मार्च को प्रारम्भ करेगा और इसका समापन 20 मार्च को होगा। यह फंड इक्विटी के संभावित उतार-चढ़ाव का लाभ उठाने का उद्देश्य रखता है जबकि डायनामिक पोर्टफोलियो प्रबंधन के माध्यम से घाटो को सीमित करता है। इसे इक्विटी और इक्विटी संबंधित इन्स्ट्रुमेंट में निवेश करके और डेब्ट, मनी मार्केट इन्स्ट्रुमेंट और डेरिवेटिव का सक्रिय उपयोग करके किया जाएगा। इक्विटी पोर्टफोलियो का निर्माण हेलिओस के इलिमिनेशन इन्वेस्टिंग (ईआई) फिलॉसोफी पर आधारित होगा, जो आठ तरह के मूलभूत स्क्रीनिंग कारकों के आधार पर होगा। यह कारक लगातार प्रभावशाली तरीके से कमजोर कारकों को हटाने, नए विजेताओं को लाने, और बिना जोखिम के अच्छे परिणाम लाने में योगदान करता है।

निवेश पद्धति, इक्विटी और इक्विटी संबंधित अनवृत्ति को 65 प्रतिशत से 100 प्रतिशत के बीच रखना और कुल इक्विटि अनावृत्ति को 30 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक रखना होगा। कई डेरिवेटिव स्ट्रैटेजीज का भी इस्तेमाल होगा ताकि बाज़ार की प्रतिकूल परिस्थितियों से बचाव किया जा सके।

इस योजना का प्रबंधन इक्विटी निवेश के लिए आलोक बहल और प्रतीक सिंह तथा डेब्ट पोर्टफोलियो प्रबंधन उत्सव मोदी की देखरेख में किया जायेगा। वीकासात्मक परिवर्तनों ने भारत के ऐतिहासिक शहरों में से एक लखनऊ, उत्तर प्रदेश राज्य की राजधानी, को व्यावसायिक और आर्थिक केंद्र में परिवर्तित कर दिया हैं।

## जवान की गोली मारकर हत्या, कार में मिली लाश

**झज्जर।** हरियाणा में बदमाशों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। खबर झज्जर से सामने आई है, जहां हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स के जवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसकी लाश झज्जर में उसी की कार के अंदर मिली। उसके बगल में ही पिस्टल भी पड़ी थी। हत्या किसने की है, फिलहाल पता नहीं लग सका है। बता दें कि झज्जर जिले के गांव भूरावास निवासी सतबीर (47) आर्मी की नौकरी छोड़ने के बाद हरियाणा पुलिस में भर्ती हुआ था। फिलहाल वो स्पेशल टास्क फोर्स (ज्थ्) की रोहतक यूनिट में कार्यरत था और अपने ससुराल गांव पाना बिधयान दूबलधन में रहता था। मंगलवार को सतबीर की लाश उसकी कार के अंदर से ही बरामद हुई है। मृतक को गोली उसकी दाहिने तरफ की कनपटी के पास लगी हुई थी और उसकी गाड़ी में सरकारी रिवाल्वर भी पड़ा हुआ मिला है। कार के अगले शीशे में दो गोलियां लगी हुई हैं तथा एक गोली का निशान कार की छत पर लगा मिला है। कार में ही मृतक के जूते पड़े हुए मिले हैं।

# अलनीनो 2024 में भी बढ़ाएगा गर्मी : संयुक्त राष्ट्र

एजेंसी



**नई दिल्ली।** विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अल-नीनो को लेकर नया अपडेट जारी किया है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने बताया है कि अल-नीनो साल 2024 में भी गर्मी बढ़ाना जारी रखेगा। इसने यह भी बताया कि 2023-24 में अल नीनो रिकॉर्ड पर पांच सबसे बड़ी आपदाओं में से एक के रूप में चरम स्थिति पर पर पहुंच गया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अल-नीनो के प्रभाव स्वरूप मार्च और मई के बीच लगभग सभी क्षेत्रों में सामान्य से अधिक तापमान रहने का अनुमान जताया है। वैश्विक संगठन ने कहा कि अपनी कमजोर प्रवृत्ति के बावजूद आने वाले महीनों में वैश्विक जलवायु पर इसका प्रभाव जारी रहेगा।

वैश्विक संगठन ने बताया कि वर्तमान में अल-नीनो के प्रभाव के कारण दुनिया भर में तापमान में रिकॉर्ड बढ़ोतरी और मौसम की चरम स्थितियों को दर्ज किया गया। इसी के कारण साल 2023 को अब तक का सबसे गर्म साल भी रहा। डब्ल्यूएमओ के महासचिव सेलेस्टे साउलो ने कहा कि जून 2023 के बाद से हर महीने ने एक नया मासिक तापमान रिकॉर्ड बना है। इसके चलते साल 2023 को अब तक रिकॉर्ड पर सबसे गर्म साल के रूप में दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते इस तापमान में अल नीनो ने भी बड़ा योगदान है।

डब्ल्यूएमओ ने अपने ताजा अपडेट में बताया है कि मार्च से लेकर मई के दौरान अल नीनो के बने रहने की लगभग 60 प्रतिशत संभावना है। वहीं, अप्रैल से जून के दौरान तटस्थ स्थितियों (न तो अल नीनो और न ही ला नीना) की 80 प्रतिशत संभावना है। वैश्विक संगठन ने यह भी कहा है कि साल के आखिर में ला नीना की स्थितियां बनने की संभावनाएं तो हैं, लेकिन इसमें अभी अनिश्चितता है।

भारत के संदर्भ में डब्ल्यूएमओ ने कहा कि जून से लेकर अगस्त तक ला नीना की स्थिति बनने का मतलब यह हो सकता है कि इस साल भारत में मानसून की बारिश 2023 की तुलना में बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में समुद्र की सतह का तापमान साफ तौर से अल नीनो की स्थिति को दिखाता है, लेकिन दुनिया के अन्य हिस्सों में समुद्र की सतह का तापमान पिछले 10 महीनों से लगातार और असामान्य रूप से उच्च रहा है। जनवरी 2024 में समुद्र की सतह का तापमान अब तक के रिकॉर्ड में सबसे अधिक था। यह चिंताजनक है। इससे पहले, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बीते नवंबर में कहा था कि अल-नीनो की स्थितियां अगले साल दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम को प्रभावित नहीं करेंगी। अल नीओ की तीव्र स्थिति के बीच, भारत में इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम के दौरान औसत से कम संचयी वर्षा दर्ज की गई।

### क्या है अल नीनो?

अल नीनो सदर्न ऑसिलेशन (ईएनएसओ) का एक हिस्सा है, जो मौसम और समुद्र से संबंधित एक प्राकृतिक जलवायु घटना को बताता है। ईएनएसओ के दो चरण होते हैं- अल नीनो और ला नीना। अल नीनो का अर्थ स्पेनिश भाषा में छोटा लड़का है और यह एक गर्म चरण है। वहीं, ला नीना का मतलब छोटी लड़की होता है जो ठंड का चरण है। प्रशांत महासागर में पेरू के निकट समुद्री तट के गर्म होने की घटना अल-नीनो कहलाती है। आसान भाषा में समझे तो समुद्र का तापमान और वायुमंडलीय परिस्थितियों में जो बदलाव आते हैं उस समुद्री घटना को अल नीनो का नाम दिया गया है। इस बदलाव के कारण समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री ज्यादा हो जाता है।

### अल नीनो भारत में मानसून को कैसे प्रभावित करता है?

वैश्विक परिदृश्य में देखें तो अल नीनो घटनाओं के दौरान, दक्षिण पूर्व एशिया, ऑस्ट्रेलिया और मध्य अफ्रीका जैसी जगहों पर शुष्क मौसम का अनुभव होता है। वहीं भारत में यह देखा गया है कि अल नीनो वर्षों के दौरान मानसून कमजोर हो जाता है। अल नीनो मौसम की घटनाएं पिछले 70 वर्षों में 15 बार हुई हैं, जिनमें से भारत में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश केवल छह बार हुई है। पिछले चार अल नीनो वर्षों में, भारत ने लगातार सूखे की स्थिति और वर्षा में भारी कमी का सामना किया है। मॉनसून की बारिश कमजोर, मध्यम या मजबूत अल नीनो घटनाओं के आधार पर भी अलग-अलग हो सकती है। 1997 में, एक मजबूत अल नीनो के कारण भारत में सामान्य वर्षा का 102 प्रतिशत रिकॉर्ड किया था।